# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शनिवार, 12 जुलाई 2025




# आखिर लगा महंगी बिजली का झटका

## घरेलू 20 पैसे और बाकी के 25 से 30 पैसे तक प्रति यूनिट बढ़े दाम

**प्रदेश के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को लगातार दूसरे साल महंगी बिजली का झटका लगा है। बिजली नियामक आयोग ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने शुक्रवार को नए टैरिफ का ऐलान कर दिया। एक जुलाई से लागू किए गए नए टैरिफ में घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली 10 से 20 और गैर घरेलू वर्ग के उपभोक्ताओं से लेकर व्यापारिक संस्थान, उद्योग सहित अन्य उपभोक्ताओं के टैरिफ में 25 से 30 पैसे तक प्रति यूनिट दाम बढ़ाए गए हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

अगस्त में जब जुलाई का बिल आएगा तो यह टैरिफ के हिसाब से आएगा। नए टैरिफ में स्टील उद्योग के टैरिफ में 15 से 30 पैसे का इजाफा किया गया है, लेकिन इसी के साथ मेहरबानी करते हुए लोड फैक्टर में फिर से 25 फीसदी की छूट देते हुए इस वर्ग की बिजली को सस्ता कर दिया गया है। कृषि की सब्सिडी वाली बिजली का टैरिफ सबसे ज्यादा 50 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ाया गया है। इसका भार प्रदेश सरकार पर बढ़ेगा। जिनको सब्सिडी नहीं मिलती है, उसको टैरिफ में 30 फीसदी कम पैसे ▶▶| शेष पेज 8 पर

- **1 जुलाई से लागू हो गई हैं नई दरें, अगस्त में जुलाई का बिजली बिल नए टैरिफ से ही आएगा**
- **अग्रिम भुगतान पर अब 1.25 फीसदी की छूट**

- सब्सिडी वाली कृषि बिजली सबसे ज्यादा 50 पैसे यूनिट महंगी
- कनेक्शन प्रीपैड होने पर टैरिफ में डेढ़ फीसदी की छूट मिलेगी
- पांच हजार करोड़ का घाटा पांच सौ करोड़ माना, इसलिए दाम कम बढ़े

**हरिभूमि की खबर पर मुहर**




हरिभूमि सबसे पहले, 28 फरवरी को प्रकाशित

**सब्सिडी वाली कृषि बिजली 50 पैसे महंगी**

किसानों को मिलने वाली सब्सिडी वाली बिजली के टैरिफ में 50 पैसे का इजाफा किया गया है। इसका टैरिफ 5.30 रुपए प्रति यूनिट से बढ़ाकर 5.80 रुपए कर दिया गया है। लेकिन इसका भार किसानों पर नहीं पड़ेगा क्योंकि इसका भुगतान राज्य सरकार करती है। गैर सब्सिडी वाले ▶▶| शेष पेज 8 पर

### 400 यूनिट पर बढ़े 50 रुपए पर लगेंगे 25 रुपए

*आमतौर पर घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली खपत 100 से 400 यूनिट तक होती है। इसलिए प्रदेश भर के घरेलू उपभोक्ताओं को 400 यूनिट की खपत पर ही बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ दिया जाता है। चार सौ यूनिट तक नए टैरिफ के हिसाब से 50 रुपए ज्यादा लगेंगे। क्योंकि पहले सौ यूनिट पर 20 पैसे यूनिट और इसके बाद 10 पैसे प्रति यूनिट का इजाफा हुआ है। लेकिन बिजली बिल हॉफ योजना के कारण 50 रुपए के स्थान पर उपभोक्ताओं का 25 रुपए ही देने होंगे।*

**घरेलू टैरिफ**

| यूनिट | टैरिफ पहले | टैरिफ अब |
|---|---|---|
| 0-100 यूनिट | 3.90 रुपए | 4.10 रुपए |
| 101-200 यूनिट | 4.10 रुपए | 4.20 रुपए |
| 201-400 यूनिट | 5.50 रुपए | 5.60 रुपए |
| 401-600 यूनिट | 6.50 रुपए | 6.60 रुपए |
| 601 यूनिट से अधिक | 8.10 रुपए | 8.30 रुपए |

**गैर घरेलू**

| यूनिट | टैरिफ पहले | टैरिफ अब |
|---|---|---|
| 0-100 यूनिट | 6.05 रुपए | 6.30 रुपए |
| 101-400 यूनिट | 7.05 रुपए | 7.30 रुपए |
| 401 से अधिक | 8.45 रुपए | 8.70 रुपए |

### गौशाला घरेलू, प्रिंटिंग प्रेस उद्योग वर्ग में

गौशालाओं के साथ ही शासन द्वारा अधिसूचित बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्रधिकरण तथा सरगुजा एवं उत्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में आने वाले स्टे होम्स को घेरलू उपभोक्ताओं के वर्ग में शामिल किया गया है। इसी तरह से प्रिंटिंग ▶▶| शेष पेज 8 पर

**वितरण कंपनी के एमडी भीमसिंह कंवर बोले**

# बिजली दरें संतुलित, लागत 7.02 रुपए, घरेलू दर मात्र 4.10 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बिजली के नए टैरिफ को लेकर वितरण कंपनी के एमडी भीमसिंह कंवर ने बताया, समेकित रूप से विद्युत दर में विगत वर्ष की तुलना में मात्र 1.89 प्रतिशत की वृद्धि की गई है जो नगण्य है। कृषि उपभोक्ताओं के लिए कुछ मदों में दर वृद्धि की गई है जिसका भार राज्य शासन द्वारा वहन किया जाता है, अतः इससे कृषि उपभोक्ताओं को किसी भी तरह का अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। इसके अलावा अस्थाई कनेक्शनों, आदिवासी अंचलों, मुरमुरा-पोहा उद्योगों, प्रिंटिंग प्रेस आदि के लिए रियायतें बढ़ाई गई है या यथावत रखी गई है। नई दरें संतुलित हैं।

श्री सिंह ने बताया, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी को विद्युत की लागत 7.02 रुपए पड़ती है जबकि घरेलू उपभोक्ताओं को न्यूनतम 4.10 रुपए की दर से विद्युत आपूर्ति की जाती है। नई विद्युत दरों की कुछ विशेषताओं को उल्लेखित किया गया है। निम्न मध्यम वर्ग के घरेलू उपभोक्ताओं के विद्युत ▶▶| शेष पेज 8 पर


### किसानों पर अतिरिक्त भार नहीं

कृषि पंपों के लिए विद्युत की दरों में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। कृषि पंपों के विद्युत देयकों का भुगतान राज्य शासन द्वारा किया जाता है, अतः यह भार राज्य शासन स्वयं वहन करेगा। गैर घरेलू उपभोक्ताओं की विद्युत दरों में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है एवं इसी श्रेणी के अंतर्गत लिए गए अस्थाई कनेक्शन पर भी नार्मल टैरिफ का 1.5 गुना टैरिफ के स्थान पर नार्मल टैरिफ का 1.25 गुना टैरिफ लागू किया गया है। गैर सबसिडी वाले कृषि विद्युत पंप वाले उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रभार में 20 प्रतिशत की छूट को बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दिया गया है। किसानों को खेतों में लगे विद्युत पम्पों और खेतों की ▶▶| शेष पेज 8 पर

# भारत को वैश्विक मानचित्र पर लाने वाली शादी का एक वर्ष

## अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का अटूट बंधन

राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी की शादी को एक वर्ष बीत चुका है, जिसने न केवल देश को बल्कि पूरी दुनिया को सम्मोहित कर लिया था। 2024 में संपन्न हुआ यह विवाह समारोह एक साधारण सामाजिक आयोजन नहीं था, बल्कि यह भारत की सबसे व्यापक रूप से देखी गई सांस्कृतिक घटना बन गई - एक ऐसा आयोजन जिसने भारत को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित कर दिया। करोड़ों लोगों ने मुख्यधारा और सोशल मीडिया के माध्यम से इन सुंदर और भावनात्मक रस्मों को देखा और सराहा।










### भारत की वैश्विक छवि को नया आयाम

एक ऐसे समय में जब भारत आर्थिक, तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्रों में तेजी से उभर रहा है और वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है, यह विधिवत आयोजित एवं आध्यात्मिकता से भरपूर विवाह समारोह भारत को "दुनिया की आध्यात्मिक राजधानी" के रूप में प्रस्तुत करने में सहायक सिद्ध हुआ। इस विवाह में आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों की सूची भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय अपील और वैश्विक मामलों में उसकी केंद्रीय भूमिका को दर्शाती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज और अंबानी परिवार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से आए वैश्विक गणमान्य व्यक्तियों की भव्य मेजबानी यह सिद्ध करती है कि वे भारत को वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

### हिंदू विवाह की पवित्रता का महत्व

हिंदू परंपरा में विवाह को केवल एक सामाजिक अनुबंध नहीं, बल्कि एक पवित्र और आजीवन प्रतिबद्धता माना जाता है। यह दो आत्माओं, उनके परिवारों और समुदायों के बीच एक दिव्य एकता का प्रतीक है, जो विविध रीति-रिवाजों और परंपराओं के साथ संपन्न होती है। विवाह का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत सुख नहीं, बल्कि धार्मिक कर्तव्यों (धर्म) की पूर्ति और सामाजिक व्यवस्था में योगदान भी है। जहां आधुनिक समय की व्यावहारिकताएँ अधिकांश विवाहों को सभी पारंपरिक रस्मों का पालन करने से रोकती हैं, वहीं युवा अंबानी दंपत्ति ने हर भारतीय परंपरा और रिवाज को पूरी श्रद्धा और समर्पण से निभाया। यह उनकी इन प्रथाओं के प्रति गहरी आस्था और अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत बुजुर्गों और आध्यात्मिक गुरुओं के आशीर्वाद से करने की प्रबल इच्छा का प्रमाण था। राधिका-अनंत विवाह ने यह संदेश वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली रूप से पहुँचाया, जिसे देखने और अनुभव करने के लिए अनेक अंतरराष्ट्रीय हस्तियाँ मौजूद थीं।

### मानवता और परंपरा का पालन

''मानव सेवा ही माधव सेवा'' - मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है - की सच्ची भावना के साथ, अंबानी परिवार ने नवी मुंबई के रिलायंस कॉर्पोरेट पार्क में 50 वंचित जोड़ों के सामूहिक विवाह के साथ अपने विवाह समारोह की शुरुआत की। इस समारोह में 800 से ज़्यादा मेहमान शामिल हुए, और अंबानी परिवार के सभी सदस्य नवविवाहितों को आशीर्वाद और उपहार देने के लिए मौजूद रहे। इसके अलावा, अंबानी परिवार ने यह भी सुनिश्चित किया कि विवाह समारोह के साथ-साथ तीन हफ़्तों तक कोई भी बिना भोजन के न रहे। मानवता की सेवा के इसी सिद्धांत को साकार करते हुए, एक सामुदायिक रसोई के माध्यम से प्रतिदिन 1,000 से ज़्यादा दोपहर और रात के भोजन के लिए भंडारा आयोजित किया गया।

### "अन ओड टू बनारस" और पारंपरिक भारतीय पोशाकों की भव्यता

शादी के दिन की सजावट का विषय "An Ode to Banaras" था, जिसने वैश्विक मेहमानों को बनारस की घाटों की एक आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाया। यह थीम उस सनातन नगरी की परंपराओं, आस्था, संस्कृति, कला, शिल्प और भोजन के प्रति श्रद्धांजलि थी। इस अनुभव ने बनारस की गलियों को जीवंत रूप में विवाह स्थल - जियो वर्ल्ड सेंटर - के कांकौरस में पुनः सजीव किया, जहाँ अतिथियों ने वहां की संस्कृति, स्वाद और अध्यात्म का अनुभव किया।



# पंडरिया शक्कर कारखानाः 250 श्रमिकों को निकाला, अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज / पांडातराई

## श्रमिकों का आरोप आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया के श्रमिकों ने हड़ताल शुरू कर दिया है,सैकड़ों के अधिक संख्या में ये कर्मचारी श्रमिक कल्याण संघ के बैनर तले परसवारा मेन गेट के पास हड़ताल में हैं और नारेबाजी भी कर रहे हैं। अभी तक कारखाना प्रबंधक और शासन प्रशाशन द्वारा कोई रास्ता नहीं निकला गया है श्रमिक कल्याण संघ के अध्यक्ष रमाशंकर विश्वकर्मा सचिव अजय बंजारे प्रवक्ता संतराम वर्मा ने बताया कि 250 श्रमिक कर्मचारी को नौकरी से निकाल दिया गया है। श्रमिकों ने बताया कि हर साल 1, 5 जुलाई, 8 जुलाई से लेकर पेराई सीजन बंद होने तक काम करते हैं। लेकिन इस बार 11 जुलाई तक 250 करीब श्रमिकों को काम पर नहीं बुलाया जा रहा हैं सीधे तौर पर नौकरी से निकाल दिया गया है ऐसे में कर्मचारियों को आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर दिया गया है। संघ ने प्रबंध और क्षेत्रीय विधायक व कलेक्टर से चर्चा किया तो कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। यही वजह से हड़ताल में बैठ गए हैं।

कर्मचारियों ने जल्द से जल्द नौकरी पर रखने की मांग कर रहे यदि जल्द से मांग पूरा नहीं होता तो आगे आंदोलन की रूप रेखा बदलते रहेंगे जैसे कारखाना घेराव, चक्का जाम, अर्द्धनग्न नाट्य ,उग्र आंदोलन एवं अन्य प्रकार का विरोध करेंगे। अभी परसवारा मेन गेट के पास तंबू गाड़ कर रहे कारखाना के सामने आंदोलन में बैठे हुए हैं और आगे हम श्रमिकों का लड़ाई जारी रहेगा।

## चहेते लोगों को नौकरी पर रख रहे

वर्तमान में कारखाना प्रबंधक द्वारा अपने चहेते फर्जी डिग्रीधारी व ठेका श्रमिक और ओम इंटरप्राइजेस के लोगों को नौकरी पर रख रहे हैं और प्रमोशन कर रहे हैं। गरीब मजदूर कारखाना के भरोसे अपना जीवन यापन कर रहे अपने बच्चे का पढ़ाई लिखाई कराते हैं जिनका भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं पालन-पोषण से लेकर बच्चों की शिक्षा तक प्रभावित हो रहा है। आज अनिश्चित कालीन क्रमिक भूख हड़ताल में श्रमिक कल्याण संघ के अध्यक्ष रमाशंकर विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष अशोक बंजारे, सचिव अजय बंजारे, प्रवक्ता संतराम वर्मा, सचिव मेलन मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश मानिकपुरी, सदस्य अश्वनी साहू, सदस्य बिसेन साहू, सदस्य जागेश्वर कुर्रे, रामझूल चंद्रवंशी, मुकेश यादव, अमर बंधवे, शिवकुमार निषाद, मो.जुनैद खान, अजय धुर्वे, नंदकुमार चंद्राकर, योगेश साहू, भरत लाल यादव

## पंडरिया-बजाग मार्ग में हादसा, चार घायल

# बोरवेल वाहन खाई में गिरा, पांच की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

**पंडरिया-बजाग मार्ग में शुक्रवार को कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम आगरपानी चाटा के पास एक बोर गाड़ी अनियंत्रित होकर 40-50 फीट नीचे खाई में गिर गई। हादसे में बोर वाहन सवार 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं करीब चार लोग घायल बताए जा रहे हैं। वाहन मध्यप्रदेश से बेमेतरा जा रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया। ग्रामीणों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया।**

घटना की जानकारी लोगों ने शुक्रवार की सुबह करीब 7.30 बजे कुकदुर पुलिस तथा डायल 112 को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कुकदुर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से 40-50 फीट नीचे उतर कर मृतकों के शव बरामद कर लिए है। वहीं सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। पुलिस इस दुर्घटना के कारणों को तलाशने में जुटी है। जानकारी के अनुसार एक बोर गाड़ी क्रमांक टीएन 88 डी 1702 मध्यप्रदेश के शहडोल से बजाक कुकदुर होते हुए छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जा रही थी। बोर वाहन में चालक सहित करीब दर्जन भर लोग सवार थे। बोर वाहन जैसे ही कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम आगरपानी चाटा के पास पहुंची, एक खतरनाक मोड़ पर वाहन चालक ने गाड़ी से अपना नियंत्रण खो दिया और वह अनियंत्रित वाहन सड़क से उतरकर कई पलटी खाते हुए 40-50 फीट नीचे खाई में जा गिरी।

### ग्रामीणों की सहायता से बरामद हुए शव

घटना की जानकारी मार्ग से गुजरने वाले लोगों ने तत्काल कुकदुर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पुहंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से खाई में उतरकर तलाशी शुरू की और दुर्घटनाग्रस्त बोर वाहन के नीचे दबे तीन मृतकों के शवों को बरामद किया। वहीं घायलों को खाई से ऊपर लाकर एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां से गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले दो और घायलों की मौत हो गई।



### मृतकों की हुई पहचान

दुर्घटना का शिकार हुई बोर बाहन चालक हरि वलगन निवासी तमिलनाडु चला रहा था। वाहन के मालिक का नाम किशोर तंगवेल निवासी तमिलनाडु बताया जा रहा है। वहीं मृतकों के नाम गजेंद्र राम पिता रंगू राम (30), निवासी ठेठे टांगर बरा गजोर थाना कुनकुरी, सुभाष राम पिता बलदेव (25), ग्राम बरागजोर थाना कुनकुरी जिला जशपुर, हरीश पिता चंद्राराम भुईहर (19), ग्राम बरागजोर थाना कुनकुरी जिला जशपुर, देवधर पिता देवभोराम (45), निवासी नारियरढार कोका भरी थाना भन्सानेल जिला जशपुर तथा राज (50), निवासी तिर चूमगोड़ थाना नामकल जिला नामकल तमिलनाडु बताए गए हैं।

# स्टील उद्योगों की बिजली 15 से 30 पैसे महंगी, पर लोड फैक्टर बढ़ाया, मिलेगी सस्ती

## लोड फैक्टर 10 फीसदी से बढ़ाकर कर दिया 25 फीसदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ विनियामक आयोग ने उपभोक्ताओं की बिजली को महंगा कर दिया गया है। हर वर्ग की बिजली महंगी हुई है। वैसे तो स्टील उद्योग के टैरिफ में भी 15 से 30 पैसों का इजाफा किया गया है, लेकिन लोड फैक्टर की छूट को 10 फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया गया है। इसकी वजह से स्टील उद्योग को घेरलू से सस्ती बिजली मिलेगी। बीते साल छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी की याचिका पर लोड फैक्टर कम करके 10 फीसदी किया गया था, लेकिन अब वापस इसको 25 फीसदी कर दिया गया है। स्टील उद्योगों को पिछली कांग्रेस सरकार के समय लोड फैक्टर में 25 फीसदी का फायदा मिल रहा था। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इस लोड फैक्टर को कम करने की याचिका बीते साल टैरिफ के साथ लगाई थी। ऐसे में लोड फैक्टर को घटाकर 10 फीसदी कर दिया गया। इस फैसले से स्टील उद्योग खुश नहीं थे। स्टील उद्योग ने जनसुनवाई में लोड फैक्टर में पहले जैसा 25 फीसदी करने की मांग रखी थी। उद्योग की मांग को मानते हुए नियामक आयोग ने उनके पक्ष में फैसला करते हुए नए टैरिफ में फिर से लोड फैक्टर को बढ़ा दिया है।

### लोड फैक्टर बढ़ने से स्टील उद्योगों को लाभ

प्रदेश में स्टील उद्योग ऐसा है जो सबसे ज्यादा बिजली खरीदता है। स्टील उद्योग ने लागत बढ़ने की वजह से उद्योगों के बंद होने पर सरकार से लोड फैक्टर बढ़ाने की मांग की थी। सरकार ने उनकी सुनी है। लोड फैक्टर बढ़ने की वजह से 400 यूनिट से ज्यादा खपत करने पर 6.60 रुपए का टैरिफ लागू हो जाता है। अगर खपत 600 यूनिट से ज्यादा होती है तो इसका टैरिफ 8.30 रुपए हो जाता है। लेकिन स्टील उद्योग को लोड फैक्टर के कारण घरेलू से सस्ती बिजली मिलेगी। बड़े उद्योगों का जितने मेगावाट का कनेक्शन है, उसका आसानी से ये 70 से 75 फीसदी तक उपयोग कर लेते हैं। 75 फीसदी उपयोग का मतलब यह है कि 6.10 प्रति यूनिट के टैरिफ में सीधे-सीधे 25 फीसदी छूट के कारण 1.52 रुपए कम होकर 4.58 रुपए हो जाएगी।

# निगम ने करबला तालाब को कराया कब्जा मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की टीम ने गुरुवार को राजधानी के चौबे कालोनी स्थित करबला तालाब पर करीब 1800 वर्गफीट क्षेत्र में किये गये अवैध कब्जे को तोड़ गिराया।

जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध कब्जा तोड़ने की कार्रवाई की। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 7 अमले ने करबला तालाब पार में किए गये 1800 वर्गफीट क्षेत्र में किये गये कब्जे को जन शिकायत के बाद मशीन से तोड़ने की कार्रवाई की।



यह कार्रवाई जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के नेतृत्व में कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे, उप अभियंता रुचिका मिश्रा की उपस्थिति में की गई।

## गिरिजाशंकर स्कूल में विद्यार्थियों सफाई मित्रों ने ली स्वच्छता की शपथ



महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर के निर्देश पर निगम क्षेत्र में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसकी कड़ी में जोन 8 के माधवराव सप्रे वार्ड के गिरिजाशंकर स्कूल रायपुरा में जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल की उपस्थिति में स्कूल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली विद्यार्थियों सहित सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ ली।

## केन्द्र से 200 करोड़ की फंडिंग का रास्ता साफ

# म्यूनिसिपल बांड को मिली इंडिया रेटिंग देश के 11 शहरों में शामिल होगा रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के 10 बड़े शहरों के म्यूनिसिपल बांड की तर्ज पर अब रायपुर नगर निगम अपना अलग से म्यूनिसिपल बांड जारी कर सकेगा। 6 माह की मेहनत के बाद निगम के म्यूनिसिपल बांड को इंडिया रेटिंग का डबल ए माइनस एए रेटिंग मिली है। इस रेटिंग के साथ निगम ने अपने बांड में 8.5 फीसदी ब्याज दर की पात्रता हासिल कर ली। म्यूनिसिपल बांड के लिए रायपुर नगर निगम ने शंकर नगर में प्रस्तावित फाइनेंसियल मार्केट और डूमरतराई थोक बाजार के पास इलेक्ट्रानिक मार्केट का प्रस्ताव केन्द्र को भेजा था।

रायपुर नगर निगम अब देश के उन 11 शहरों में शामिल होगा, जिन्होंने अपना म्यूनिसिपल बांड जारी किया है। म्यूनिसिपल बांड के लिए इंडिया रेटिंग मिलने के बाद रायपुर बांड जारी करने वाला देश का ग्यारहवां नगर निगम बन जायेगा। अभी अहमदाबाद, सूरत, भोपाल, इंदौर, पुणे, हैदराबाद, लखनऊ, विशाखापटनम, चेन्नई और प्रयागराज नगर निगम ने ही म्यूनिसिपल बांड जारी किया है। इनमें से अहमदाबाद को डबल ए प्लस रेटिंग मिली है।




■ शंकर नगर में फाइनेंस मार्केट, डूमरतराई थोक बाजार के पास इलेक्ट्रानिक मार्केट का केन्द्र को भेजा था प्रस्ताव

### ढेबर के कार्यकाल में सर्वसम्मति से पारित हुआ था प्रस्ताव

*म्यूनिसिपल बांड के प्रस्ताव को पूर्व महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में तत्कालीन परिषद ने इसे एमआईसी से पास कर सामान्य सभा में लाकर सर्वसम्मति से पारित किया था। मार्च में नवनिर्वाचित परिषद की सामान्य सभा में महापौर मीनल चौबे ने भी इस योजना की प्रक्रिया को प्रमुखता से आगे बढ़ाते हुए प्रस्ताव पारित कर शासन को भेजा। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है नगर निगम के म्यूनिसिपल बांड को इंडिया रेटिंग मिलने के बाद नेशनल स्टाक एक्सचेंज और बांबे स्टाक मार्केट के रजिस्ट्रेशन में आसानी होगी। यही नहीं, प्रोजेक्ट के लिए केन्द्र से करीबन 200 करोड़ की फंडिंग शुरू हो सकती है। इसके लिए निगम प्रशासन को राजस्व वसूली में कम से कम 500 करोड़ प्राप्र्टी टैक्स की वसूली पर जोर देना होगा।*


C⚡PDCL

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कंपनी लिमिटेड

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LIMITED

(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB)

(CIN:U40108CT2003SGC015822)

## आम-सूचना

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु अंतिम ट्रू-अप, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सकल राजस्व आवश्यकता का निर्धारण एवं विद्युत आपूर्ति की फुटकर दरों के निर्धारण हेतु याचिका छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गई। जिसे याचिका क्रमांक 98/2024 के रूप में पंजीकृत किया गया। माननीय आयोग ने वर्ष 2025-26 के लिये टैरिफ आदेश दिनांक 11.07.2025 को जारी किया है। इस आदेश में वितरण कंपनी के लिए वर्ष 2025-26 में रू. 7.02 पैसे प्रति यूनिट औसत आपूर्ति दर पर रू. 25636.38 करोड़ की शुद्ध वार्षिक राजस्व आवश्यकता स्वीकृत किया गया है जिसमें ट्रूप-अप पश्चात् वर्ष 2023-24 का अतिरिक्त राजस्व रू. 3980.45 करोड़ समाहित है। इस टैरिफ आदेश में वर्ष 2025-26 के लिए निम्नदाब एवं उच्चदाब पर आपूर्ति हेतु विद्युत दरों का निर्धारण भी किया गया है जिसका सारांश नीचे तालिका में दर्शाया गया है। नई दरें दिनांक 01.07.2025 से 31.03.2026 अथवा आगामी टैरिफ आदेश के प्रभावशील होने की तिथि, जो भी बाद में हो, तक लागू रहेंगी :-

निम्न दाब उपभोक्ताओं हेतु प्रचलित एवं वर्ष 2025-26 हेतु आयोग द्वारा अनुमोदित टैरिफ

| | वर्तमान दरें (वर्ष 2024-25) | | | नई दरें (वर्ष 2025-26) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उपभोक्ता श्रेणी | | स्थिर प्रभार | ऊर्जा दर | | स्थिर प्रभार | ऊर्जा दर |
| LV- 1 घरेलू उपभोक्ता एवं बीपीएल उपभोक्ता | वर्ग | रूपये | रूपये प्रति यूनिट | वर्ग | रूपये | रूपये प्रति यूनिट |
| LV-1 | 0-100 | रू. 20/- प्रति कि.वा. प्रति माह 5 कि.वा. तक के सम्बद्ध भार के लिए; रु. 30/- प्रति कि.वा. प्रति माह 5 कि.वा. से 10 कि.वा. तक के सम्बद्ध भार के लिए; रु. 40/- प्रति कि.वा. प्रति माह 10 कि.वा. से अधिक के सम्बद्ध भार के लिए | 3.90 | 0-100 | रु. 20/- प्रति कि.वा. प्रति माह 5 कि.वा. तक के सम्बद्ध भार के लिए; रु. 30/- प्रति कि.वा. प्रति माह 5 कि.वा. से 10 कि.वा. तक के सम्बद्ध भार के लिए; रु. 40/- प्रति कि.वा. प्रति माह 10 कि.वा. से अधिक के सम्बद्ध भार के लिए | 4.10 |
| | 101-200 | | 4.10 | 101-200 | | 4.20 |
| | 201-400 | | 5.50 | 201-400 | | 5.60 |
| | 401-600 | | 6.50 | 401-600 | | 6.60 |
| | 601 एवं उससे अधिक | | 8.10 | 601 एवं उससे अधिक | | 8.30 |
| LV- 2 गैर घरेलू उपभोक्ता | वर्ग | मांग प्रभार | ऊर्जा दर | वर्ग | मांग प्रभार | ऊर्जा दर |
| LV-2.1 गैर घरेलू उपभोक्ता | 0-100 | रू. 50 प्रति कि.वा.प्रति माह (5 कि.वा. तक) सिंगल फेस | 6.05 | 0-100 | रू. 50 प्रति कि.वा.प्रति माह (5 कि.वा. तक) सिंगल फेस | 6.30 |
| | 101-400 | | 7.05 | 101-400 | | 7.30 |
| | 401 एवं उससे अधिक | | 8.45 | 401 एवं उससे अधिक | | 8.70 |
| LV-2.2 गैर घरेलू उपभोक्ता | 0-400 | रू.120 प्रति कि.वा. प्रति माह (15 कि.वा. तक) थ्री फेस बिलिंग डिमांड पर | 7.05 | 0-400 | रू.120 प्रति कि.वा. प्रति माह (15 कि.वा. तक) थ्री फेस बिलिंग डिमांड पर | 7.30 |
| | 401 एवं उससे अधिक | | 8.45 | 401 एवं उससे अधिक | | 8.70 |
| | मांग आधारित | रू.200 प्रति कि.वा. प्रति माह (15 कि.वा. से अधिक) थ्री फेस बिलिंग डिमांड पर | 7.75 | मांग आधारित | रू.200 प्रति कि.वा. प्रति माह (15 कि.वा. से अधिक) थ्री फेस बिलिंग डिमांड पर | 8.00 |
| LV-2.3 (इलेक्ट्रिक व्हीकल) | | | | सभी यूनिट्स | निरंक | 7.02 |
| LV-3 कृषि उपभोक्ता | - | रू.100 प्रति एच.पी. प्रति माह | 5.30 | - | रू.100 प्रति एच.पी. प्रति माह | 5.80 |
| LV- 4 निम्नदाब कृषि संबंधी अन्य कार्य | वर्ग | मांग प्रभार | ऊर्जा दर | वर्ग | मांग प्रभार | ऊर्जा दर |
| LV-4.1 (अ) कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. तक | कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. तक | रू.100 प्रति एच.पी. प्रति माह या रू.134 प्रति कि.वा. प्रति माह | 5.30 | कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. तक | रू.100 प्रति एच.पी. प्रति माह या रू.134 प्रति कि.वा. प्रति माह | 5.80 |
| LV-4.1 (ब) कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. से अधिक 150 एच.पी. तक | कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. से अधिक 150 एच.पी. तक | रू.110 प्रति एच.पी. प्रति माह या रू.147 प्रति कि.वा. प्रति माह | 6.05 | कृषि संबंधी अन्य कार्य 25 एच.पी. से अधिक | रू.110 प्रति एच.पी. प्रति माह या रू.147 प्रति कि.वा. प्रति माह | 6.35 |
| LV-4.2 कृषि संबंधी अन्य कार्य मांग आधारित | कृषि संबंधी अन्य कार्य मांग आधारित 15 कि.वा. से 112.5 कि.वा. तक | रू.200 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 6.25 | कृषि संबंधी अन्य कार्य मांग आधारित 15 कि.वा. से अधिक | रू.200 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 6.55 |
| LV-5 निम्नदाब औद्योगिक उपभोक्ता | वर्ग | मांग प्रभार | ऊर्जा दर | वर्ग | मांग प्रभार | ऊर्जा दर |
| LV-5.1 औद्योगिक उपभोक्ताष | 25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (आटाचक्की/पावर लूम) | रू. 80 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 4.75 | 25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (आटाचक्की/पावर लूम) | रू. 80 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 5.05 |
| सरगुजा एवं बस्तर प्राधिकरण में आने वाले क्षेत्र हेतु | 25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (आटाचक्की/पावर लूम) | रू. 80 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 4.25 | 25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (आटाचक्की/पावर लूम) | रू. 80 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 4.55 |
| LV-5.2 अन्य उद्योग | | | | | | |
| LV-5.2.1 औद्योगिक उपभोक्ता | 25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक) | रू. 120 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 5.75 | 25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक) | रू. 120 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 6.05 |
| सरगुजा एवं बस्तर प्राधिकरण में आने वाले क्षेत्र हेतु | 25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक) | रू. 100 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 4.75 | 25 एच.पी. (18.7 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक) | रू. 100 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 5.05 |
| LV-5.2.2 औद्योगिक उपभोक्ता | 25 एच.पी से अधिक 150 एच.पी (18.7 किलोवॉट से 112.5 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक) | रू.150 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 6.50 | 25 एच.पी से अधिक (18.7 किलोवॉट) | रू.150 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 6.80 |
| सरगुजा एवं बस्तर प्राधिकरण में आने वाले क्षेत्र हेतु | 25 एच.पी से अधिक 150 एच.पी (18.7 किलोवॉट से 112.5 किलोवॉट) तक (अन्य औद्योगिक) | रू.130 प्रति कि.वा. प्रति माह (बिलिंग डिमाण्ड पर) | 6.00 | 25 एच.पी से अधिक (18.7 किलोवॉट) | रू.130 प्रति कि.वा. प्रति माह | 6.30 |
| LV-6 सार्वजनिक उपयोग (जल प्रदाय एवं सड़क बत्ती) | - | रू.142 प्रति एच.पी. प्रति माह अथवा रू. 190 प्रति कि.वा. प्रति माह | 6.85 | - | रू.142 प्रति एच.पी. प्रति माह अथवा रू. 190 प्रति कि.वा. प्रति माह | 7.35 |
| LV-7 सूचना प्रौद्योगिकी | सूचना प्रौद्योगिकी, निर्यात आधारित टेक्सटाईल उद्योग | रू. 150 प्रति कि.वा. प्रति माह | 5.75 | सूचना प्रौद्योगिकी, निर्यात आधारित टेक्सटाईल उद्योग | रू. 150 प्रति कि.वा. प्रति माह | 6.05 |

उच्च दाब उपभोक्ताओं हेतु प्रचलित एवं वर्ष 2025-26 हेतु आयोग द्वारा अनुमोदित टैरिफ


| | | वर्तमान दरें (वर्ष 2024-25) | | नई दरें (वर्ष 2025-26) | |
|---|---|---|---|---|---|
| उपभोक्ता श्रेणी | | मांग प्रभार (रूपये प्रति केवीए प्रति माह) | ऊर्जा प्रभार (रूपये प्रति kVAh) | मांग प्रभार (रूपये प्रति केवीए प्रति माह) | ऊर्जा प्रभार (रूपये प्रति kVAh) |
| HV-1 | Railway Traction on 132 kV/220 kV | 375 | 5.25 | 375 | 5.55 |
| HV-2 | Mines | | | | |
| | 220 KV | 500 | 6.85 | 500 | 6.95 |
| | 132 KV | 500 | 7.00 | 500 | 7.10 |
| | 33 KV | 500 | 7.25 | 500 | 7.50 |
| | 11 KV | 500 | 7.55 | 500 | 7.80 |
| HV-3 | Other Industry & General Purpose Non-Industrial | | | | |
| | 220 KV | 375 | 6.55 | 375 | 6.65 |
| | 132 KV | 375 | 6.70 | 375 | 6.80 |
| | 33 KV (Load factor >15%) | 375 | 6.95 | 375 | 7.20 |
| | 33 KV (Load factor <=15%)# | 190 | 7.15 | 190 | 7.40 |
| | 11 KV (Load factor >15%) | 375 | 7.35 | 375 | 7.60 |
| | 11 KV (Load factor <=15%)# | 190 | 7.65 | 190 | 7.90 |
| HV-4 | Steel Industries | | | | |
| | 220 KV | 375 | 5.95 | 375 | 6.10 |
| | 132 KV | 375 | 6.10 | 375 | 6.25 |
| | 33 KV (Load factor>15%) | 375 | 6.35 | 375 | 6.65 |
| | 33 KV (Load factor<=15%) | 190 | 6.85 | 190 | 7.15 |
| | 11 KV (Load factor >15%) | 375 | 6.45 | 375 | 6.75 |
| | 11 KV (Load factor <=15%) | 190 | 7.25 | 190 | 7.55 |
| HV-5 | Irrigation, Agriculture, Allied Activities & Public water Works | 375 | 6.35 | 375 | 6.60 |
| HV-6 | Residential | 375 | 6.55 | 375 | 6.80 |
| HV-7 | Start up Power Tariff 400/220/132/33/11 kV | 200 | 8.85 | 200 | 9.10 |
| HV-8 | Industries related to manufacturing of equipment for power generation from renewable energy sources 220/132/33/11 kV | 130 | 4.65 | 130 | 4.95 |
| HV-9 | Information Technology Industries and export oriented Textile Industries | 150.00 | 4.75 | 150 | 5.05 |
| HV-11 | Electric Vehicle Charging Stations | | | NIL | 6.32 |

बिलासपुर
शनिवार, 12 जुलाई 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया
वर्ष : 25, अंक : 111
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 30.4
न्यून. 25.1

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र



# हैदराबाद की तर्ज पर बनेगा हमारा एससीआर, राज्य का सबसे बड़ा प्राधिकरण, सीएम को करेगा रिपोर्ट

*छग में बनने वाला एससीआर प्राधिकरण राज्य की सबसे बड़ी संस्था होगी*


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि तत्काल

छत्तीसगढ़ में बनने वाला एससीआर प्राधिकरण राज्य की सबसे बड़ी संस्था होगी। खास बात ये है कि एससीआर की परिकल्पना हैदराबाद की एससीआर से प्रेरित है। इस प्राधिकरण के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। उनके साथ तीन मंत्री और वरिष्ठ सचिवों का एक समूह भी शामिल होगा। इस प्राधिकरण को लैंड एरिया डेवलपमेंट, भूमि अधिग्रहण का अधिकार होगा। क्षेत्र का विकास करने के साथ ही यह पर्यावरण की रक्षा के लिए भी काम करेगा। इसका दायरा रायपुर, नवा रायपुर, भिलाई दुर्ग तक होगा, लेकिन जरुरत पड़ने पर इसमें अभनपुर और राजनांदगांव तक का विस्तार किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में शुक्रवार को इस प्राधिकरण गठन के गठन संबंधी विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दी गई है। लेकिन यह हाल-फिलहाल की कवायद नहीं है। 2023 में हुए राज्य विधानसभा चुनाव ⏭ शेष पेज 8 पर

राजधानी क्षेत्र की परिकल्पना




- विकास की योजना बनाने के साथ क्रियान्वयन भी करेगा प्राधिकरण
- सीएम, तीन मंत्री और वरिष्ठ सचिवों का समूह शामिल होगा

## प्राधिकरण करेगा ये काम

छत्तीसगढ़ में वर्तमान में नगर तथा ग्राम निवेश एक्ट 1975 के माध्यम से काम किया जा रहा है। यह एक्ट केवल ले आउट पास करने और भवन निर्माण की अनुमति देने तक के सीमित अधिकार रखता है। लेकिन इससे उलट एससीआर प्राधिकरण न केलल इन्वेस्टमेंट प्लान बनाने का काम करेगा, बल्कि उसके क्रियानव्यन का अधिकार भी इस प्राधिकरण के जिम्मे होगा। पर्यावरण सरंक्षण के लिए भी कामएससीआर प्राधिकरण के हिस्से पर्यावरण संरक्षण का भी काम होगा। इसके लिए प्राधिकरण खुद योजना बनाएगा और उसका क्रियान्वयन भी करेगा। इसके साथ ही औद्योगिक विकास और आवासीय क्षेत्र विकास भी करने में यह प्राधिकरण सक्षम होगा।

### भूमि अधिग्रहण से लेकर लैंड डेवलपमेंट भी

यह प्राधिकरण क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण करने के साथ ही संबंधित क्षेत्र में लैंड डेवलपमेंट का काम भी करने वाला है। खास बात ये है कि राज्य में पहली बार इतना प्रभावशाली एक्ट लाया गया है और यह प्राधिकरण राज्य की सबसे बड़ी संस्था के रूप में सामने आएगा। मुख्यमंत्री प्राधिकरण के अध्यक्ष होंगे, उनके साथ तीन मंत्री और कई वरिष्ठ सचिवों का एक समूह भी प्राधिकरण में शामिल होगा।

### 50 लाख की आबादी को सीधा लाभ

इस प्राधिकरण के मौजूदा स्वरूप में रायपुर, नवा रायपुर, भिलाई और दर्ग शामिल होंगे। इस क्षेत्र में 50 लाख की आबादी संभावित है, जिसे एससीआर प्राधिकरण के विकास का सीधा लाभ मिलेगा। राज्य सरकार ने बजट में इसके लिए प्रारंभिक रूप से 5 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया था। लेकिन ⏭ शेष पेज 8 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

कैबिनेट में विधेयक के प्रारूप को मंजूरी, इसी सत्र में पेश किया जाएगा, कई और विधेयक आएंगे

# रायपुर, नवा रायपुर और दुर्ग-भिलाई को मिलाकर बनेगा स्टेट कैपिटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

मंत्रिपरिषद द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की तर्ज पर छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र (स्टेट कैपिटल रीजन) के विकास के लिए संबंधित प्राधिकरण की स्थापना के लिए विधेयक के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

रायपुर, दुर्ग-भिलाई और नया रायपुर अटल नगर में तेजी से बढ़ती आबादी और शहरीकरण को देखते हुए इस क्षेत्र के सुव्यवस्थित और योजनाबद्ध विकास के लिए यह प्राधिकरण कार्य करेगा। यह प्राधिकरण राजधानी क्षेत्र के लिए योजना बनाना, निवेश को बढ़ावा देना, विभिन्न सरकारी और निजी संगठनों के बीच समन्वय तथा शहर के विस्तार को सही ढंग से नियंत्रित करने का काम करेगा। 2031 तक इस क्षेत्र में लगभग 50 लाख लोग रहने की संभावना है, इसलिए भूमि का प्रभावी उपयोग और पर्यावरण की रक्षा करते हुए शहरी विकास सुनिश्चित करना जरूरी है। इस तरह राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों को बेहतर, सतत और सुव्यवस्थित बनाने में मदद करेगा। ⏭ शेष पेज 8 पर

सीएम की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक



*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इनमें राष्ट्रीय राजधानी के एनसीआर की तरह छत्तीसगढ़ में स्टेट कैपिटल रीजन बनाने का विषय भी शामिल है। इस संबंध में तैयार विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही कुछ अन्य विधेयकों के प्रारूप स्वीकृत किए गए हैं।*

- शहर के विस्तार को नियंत्रित करने का करेगा काम
- 2031 तक 50 लाख जनसंख्या होने की संभावना

## कई विधेयकों के प्रारूप को मंजूरी

मंत्रिपरिषद ने पुराने वाहनों से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा वायु प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम-1991 में संशोधन विधेयक के प्रारूप का अनुमोदन किया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम-1994 के नियम, 55 में संशोधन का अनुमोदन किया गया।जिसके तहत वाहन स्वामी अपने पुराने वाहन के फैंसी या च्वाइस नंबर को नए या किसी अन्य राज्य से लाए गए उसी श्रेणी के वाहन में उपयोग कर सकेंगे, इसके लिए आवश्यक शुल्क का भुगतान करना होगा। यदि पुराना नंबर सामान्य नंबर था तो छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम 55(2)(ग) के अनुसार आवश्यक शुल्क भरने के बाद ⏭ शेष पेज 8 पर

### सिखाएंगे फॉरेन लैग्वेज

कौशल विकास कार्यक्रमों के प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का कार्य पैन आईआईटी द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षित युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कौशल के साथ फॉरेन लैग्वेज सिखाने का कार्य किया जाएगा। पैन आईआईटी द्वारा प्रशिक्षण देने के लिए जिला प्रशासन एवं विभागों द्वारा आवश्यक शासकीय भवनों की पहचान की जाएगी एवं उसे ज्वाइंट वेन्चर कंपनी को हस्तांतरित किया जाएगा। पैनआईआईटी, आईआईटी के पूर्व छात्रों द्वारा बनाई गई सोसाइटी है, जो राज्य सरकारों के साथ गैर लाभकारी संयुक्त उपक्रम बनाकर, राष्ट्रनिर्माण मिशन, व्यावसायिक, आजीविका शिक्षा व्यवस्था एवं ग्रामीण उद्यमिता के माध्यम से वंचित समुदायों की आय में सुधार लाने का कार्य करती है।

**एसपीएस के लिए 30 सांख्येतर पद :** राज्य पुलिस सेवा संवर्ग (एसपीएस) के उचित प्रबंधन के लिए अर्हकारी सेवा अवधि पूर्ण कर चुके वर्ष 2005, 2006, 2007, 2008 तथा 2009 बैच के अधिकारियों को वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान प्रदान किये जाने के लिए 30 सांख्येतर पद निर्मित कर वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

**पैन आईटीआई से कराएंगे प्रशिक्षण :** जनजातीय समूहों एवं अन्य वंचित वर्गों के गरीब युवा, महिलाओं एवं तृतीय लिंग के लोगों के संस्थागत विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए छत्तीसगढ़ शासन एवं पैन आईआईटी एलुमनी रीच फॉर इंडिया फाउंडेशन के मध्य एक गैर-लाभकारी संयुक्त उद्यम कंपनी के गठन को मंजूरी दी गई।

# नौका फंसी, अमेरिकी तुर्की नागरिकों को बचाया भारतीय तटरक्षकों ने




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने 10 जुलाई को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के इंदिरा पॉइंट से 52 नॉटिकल मील दक्षिण-पूर्व में फंसी अमेरिकी नौका 'सी एंजल' और इसके दो चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचाया। नौका में एक अमेरिकी और एक तुर्की नागरिक सवार थे, जो तेज हवाओं और उबड़-खाबड़ समुद्र में अपनी नौका के खराब होने के कारण संकट में थे। भारतीय तटरक्षक बल के जहाज 'राजवीर' ने इस जोखिम भरे अभियान को अंजाम देकर नौका को कैंपबेल बे तक सुरक्षित पहुंचाया।

### नौका पाल टूटा और प्रोपेलर हुए जाम

10 जुलाई को सुबह 11:57 बजे, पोर्ट ब्लेयर में तटरक्षक बल के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) को चेन्नई में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास से संकट सिग्नल मिला। एमआरसीसी ने तुरंत अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा नेटवर्क को सक्रिय किया और जहाज 'राजवीर' को बचाव के लिए रवाना किया। बचाव दल ने पाया कि नौका की पाल पूरी तरह से फटी हुई थी और प्रोपेलर रस्सियों में उलझा था, जिसके कारण नौका गतिहीन थी। तटरक्षक बल ने 13 घंटे के कठिन अभियान के बाद, 'सी एंजल' को 11 जुलाई को सुबह 8:00 बजे कैंपबेल बे में सुरक्षित लाया। दोनों चालक दल के सदस्य पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

## खबर संक्षेप

### बलूचिस्तान में नौ यात्रियों की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलोच में प्रतिबंधित संगठन बीएलएफ के चरमपंथियों ने बस से पंजाब के नौ यात्रियों को उतारकर उन्हें गोली मार दी। सहायक आयुक्त नवीद आलम ने कहा कि रात को हथियारबंद चरमपंथियों ने पंजाब जाने वाली दो बसों को रोका। हमलावरों ने पहले यात्रियों के पहचान पत्र देखे और नौ लोगों को बस से उतरने को कहा तथा गोली मारकर उनकी हत्या कर दी।

### पश्चिम बंगाल में तृणमूल नेता की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता।** प.बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में तृणमूल कांग्रेस के 38 वर्षीय एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिससे इलाके में तनाव फैल गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान कैनिंग पूर्व के विधायक शौकत मोल्ला के करीबी सहयोगी रज्जाक खान के रूप में हुई।



### दिल्ली में दूसरे दिन भी आए भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। ये लगातार दूसरा दिन है, जब दिल्ली-एनसीआर की धरती कांपी है। हरियाणा के झज्जर और रोहतक जिले में भी ये झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई है और इसका केंद्र हरियाणा के झज्जर में था।

### नदी के किनारे बैठी महिला को खा गया मगरमच्छ

**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में सुबह एक मगरमच्छ ने नदी के किनारे बैठी 40 वर्षीय महिला को मार डाला। स्थानीय लोगों ने बताया कि पीड़िता मालती बाई कनियाघाट पट्टी गाँव में नदी में नहाने गई थी। मालती नदी के पास बैठी थी, तभी एक मगरमच्छ ने उस पर हमला कर दिया और उसे पानी में खींच लिया।



### तीन बच्चों को मारने वाली मां को फांसी की सजा

**औरैया।** औरैया की एक स्थानीय अदालत ने एक महिला प्रियंका को अपने तीन बच्चों को सेंगर नदी में डुबोकर मारने के लिए फांसी, वहीं उसके प्रेमी आशीष को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। महिला पर ढाई लाख और उसके प्रेमी पर एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया। जिला शासकीय अधिवक्ता के अनुसार इस मामले में महिला के नौ साल के सबसे बड़े बेटे की गवाही ने महिला को सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

# भारत के नुकसान का कोई भी फोटो दिखा दो, पाक के 13 एयरबेस तबाह किए

- एनएसए डोभाल की विदेशी मीडिया को दो टूक



एजेंसी ⏭ चेन्नई

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस दौरान डोभाल ने ऑपरेशन सिंदूर की रिपोर्टिंग के लिए विदेशी मीडिया की खूब आलोचना की। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तानी हमलों से भारतीय बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान का सबूत देने की चुनौती दी। दीक्षांत समारोह को संबोधित ⏭ शेष पेज 8 पर

### 23 मिनट में पूरा हुआ ऑपरेशन सिंदूर

एनएसए अजीत डोभाल ने कहा, हमें इस बात पर गर्व है कि पूरे ऑपरेशन सिंदूर में सिर्फ 23 मिनट लगे। हमने पाकिस्तान के आर-पार 9 आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर दिया। दर्जनों आतंकवादियों को मौत के नींद सुला दिया। हमने इसके अलावा कहीं और निशाना नहीं साधा। यह उस बिंदु तक सटीक था जहां हमें पता था कि कौन कहां है।

# नक्सल सगंठन से हुआ मोहभंग, 22 नक्सली हथियार छोड़ मुख्यधारा में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/नारायणपुर

- 8 महिला समेत 22 नक्सलियों पर था 37.50 लाख का इनाम

संगठन में शामिल नक्सलियों का लगातार मोहभंग हो रहा है। फोर्स द्वारा नक्सलियों के कोर इलाके में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी ऑपरेशन व शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित नक्सलियों के समर्पण करने का सिलसिला लगातार जारी है। शुक्रवार को नारायणपुर जिले के माड़ डिविजन के कुतुल, नेलनार व इन्द्रावती एरिया कमेटी में सक्रिय आठ महिला समेत 22 नक्सलियों ⏭ शेष पेज 8 पर



### समर्पित नक्सलियों में यह शामिल

समर्पण करने वाले नक्सलियों में 8 लाख का ईनामी कुतुल एरिया कमेटी सचिव डीवीसीएम मनकू कुंजाम उर्फ सुखलाल (33), निवासी रेकावाया थाना ओरछा के अलावा 5-5 लाख के ईनामी हिड़मे कुंजाम, पुन्ना लाल उर्फ बोटी उर्फ सन्तू ओयाम, सनीराम कोर्राम उर्फ धर्मू तथा 1-1 लाख के ईनामी मासे पोयाम, फुलमती उर्फ फुलो कश्यप, वंजे उर्फ वनिला हलामी, सुन्दरी उर्फ दुलारी गोटा, रमेश उर्फ दर्शन उर्फ जोगा ⏭ शेष पेज 8 पर

कर्नाटक सरकार का अनोखा फैसला, 2.9 करोड़ होंगे खर्च

# आवारा कुत्तों को रोज मिलेगा चिकन-चावल

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक की सरकार टैक्सपेयर्स के पैसों से कुत्तों को चिकन चावल खिलाने का मुहिम चलाने जा रही है। बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका लगभग 2.9 करोड़ रुपये की अभूतपूर्व पहल शुरू करने जा रही है। इसमें आवारा कुत्तों के लिए रोज़ाना भोजन योजना शुरू की जाएगी। बीबीएमपी का उद्देश्य कुत्तों के आक्रामक व्यवहार पर काबू पाना और जन सुरक्षा को मज़बूत करना है। इस पहल की शुरुआत शहर के आठ क्षेत्रों में 5,000 आवारा कुत्तों को खिलाने से शुरू होगी।

## लोगों की राय में योजना पर मिली-जुली प्रतिक्रिया

### आवारा पशुओं को खिलाने वाला पहला शहर


बीबीएमपी के एक अधिकारी ने कहा, 'यह पहली बार है जब भारत में किसी नगर निकाय ने आवारा पशुओं को सामूहिक भोजन देने की योजना बनाई है। यह सिर्फ़ एक कल्याणकारी कदम नहीं है- यह एक सुरक्षा पहल है।



**साफ-सुथरी जगहों पर खाने की व्यवस्था :** नगर निगम ने बताया कि बेंगलुरु में लगभग 2.8 लाख आवारा कुत्ते हैं। बीबीएमपी प्रत्येक क्षेत्र में 400 से 500 कुत्तों को खिलाने के लिए वेंडर्स को शामिल करेगा, जो प्रत्येक क्षेत्र में 100 से 125 जगहों पर खाना उपलब्ध करेंगे। एनिमल हैसबैंडरी कमिश्नर सुरलकर विकास किशोर ने बताया कि खाना खिलाने वाले जगहों की सफाई अनुबंध का हिस्सा होगी।

### एक स्ट्रीट डॉग को 22.42 रुपए की थाली

नगर निगम ने बताया कि कुत्तों को कैलोरी संतुलित खाना खिलाया जाएगा, जो एक सामान्य 15 किलोग्राम के कुत्ते की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। 22.42 रुपये की थाली में 150 ग्राम चिकन (प्रोटीन), 100 ग्राम चावल (कार्बोहाइड्रेट), 100 ग्राम सब्जियां (खनिज), 10 ग्राम तेल (वसा) है। इससे 465-750 किलो कैलोरी ऊर्जा मिलेगी।



चिंतन

# गुजरात में पुल ढहने के जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई

नदी पर पुल टूटने की घटनाएं बिहार के बाद अब गुजरात में हो रही हैं। गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना में घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत के बाद मृतकों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 19 हो गई। लापता दो लोगों की तलाश अब भी जारी है। गत बुधवार सुबह पादरा कस्बे के निकट गंभीरा गांव के पास चार दशक पुराने पुल का एक हिस्सा ढह जाने से कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए थे। यह पुल आणंद और वडोदरा जिलों को जोड़ता है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के सड़क और भवन विभाग के चार अभियंताओं को निलंबित कर दिया। पर यह काफी नहीं है, पुल ढहने के जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। गुजरात के सड़क एवं भवन विभाग की एक उच्च स्तरीय जांच समिति 30 दिनों में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। गुजरात में यह कोई पहला पुल हादसा नहीं है, बल्कि मोरबी से लेकर मुमतपुरा तक पिछले पांच साल में 12 से भी ज्यादा पुल टूटे या क्षतिग्रस्त हुए हैं। इन हादसों में कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी, बावजूद इसके पुल हादसों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। गंभीरा पुल को लेकर भी पहले से चेतावनी जारी की गई थी, आखिरकार ब्रिज हादसे का शिकार हो गया। गुजरात में 24 जनवरी 2020 मेहसाणा में खारी नदी पर बना ब्रिज क्षतिग्रस्त हुआ था। 21 दिसंबर 2021 अहमदाबाद में मुमतपुरा पुल का एक हिस्सा टूट गया था। 30 अक्टूबर 2022 मोरबी में मच्छू नदी पर बना ब्रिज टूटा था और इस हादसे में 135 लोगों की मौत हुई थी। गुजरात सरकार ने राज्य में जिन 7,000 पुलों का सर्वेक्षण किया गया है, उनमें से सरकार ने उन पुलों की पहचान की है, जिनकी मरम्मत या नए पुल के निर्माण की आवश्यकता है। बिहार में एक वर्ष में करीब 12 पुल गिर गए थे। उनमें से एक पुल तो लोकार्पण के दिन ही गिर गया था। यह कदाचार का बड़ा नमूना था। देश में केएमपी समेत कई राष्ट्रीय राजमार्ग हैं, जो निर्माण के दस वर्ष के अंदर ही जर्जर हो गए हैं। भारत में पुल सड़क समेत अनेक निर्माण कार्य ठेके पर होते हैं, जिनमें टेंडर प्रक्रिया से लेकर निर्माण तक गहरे भ्रष्टाचार हैं। आला अफसरों, इंजीनियरों व ठेकेदारों के बीच एक नेक्सस है, सरकार भी इस तथ्य से अवगत है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गठकरी रोडमैन के नाम से देश में ख्यात हैं, महाराष्ट्र सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक मंत्री रहते हुए उनके नाम सड़कों का जाल बिछाने का रिकार्ड है, ऐसे में उनके समेत राज्यों के परिवहन मंत्रालयों का दायित्व है कि कोई भी निर्माण घटिया सामग्री से न हो। हादसे में जब बेकसूर लोगों की जान जाती है, तो उस क्षति की पूर्ति नहीं की जाती है। हाल के वर्षों में सड़क निर्माण में ओवर बजटिंग के बावजूद सड़क निर्माण उस स्तर का नहीं हो रहा है। देश की अधिकांश सड़कें यातायात के अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरी नहीं उतरतीं, इसका तात्पर्य है सड़क निर्माण के दौरान हम सुरक्षित यातायात से संबंधित इंजीनियरिंग मानकों का ध्यान नहीं रख रहे हैं। सड़क व पुल निर्माण ही महत्वपूर्ण नहीं है, इसके रखरखाव, मरम्मत भी महत्वपूर्ण है। देखा गया है कि ऑथोरिटी और सरकार रखरखाव व मरम्मत के प्रति उदासीन रहते हैं, कई बार बजट ही नहीं होते हैं। केंद्र सरकार को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए। केवल नए निर्माण पर जोर देने के बजाय, जो पहले से हैं, उनके रखरखाव व मरम्मत पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। बहरहाल गुजरात पुल हादसे से सबक लेकर देश के पुराने पुलों व सड़कों का क्वालिटी ऑडिट होना चाहिए।



शताब्दी वर्ष
अवधेश कुमार

सरसंघचालक मोहन भागवत का विशेष संवाद कार्यक्रम चार शहरों दिल्ली, मुंबई, कोलकता, बेंगलुरु में आयोजित होगा , जिसमें आमंत्रित लोगों के समक्ष अपनी बात रखेंगे तथा संवाद भी होगा। संघ ने शताब्दी वर्ष में समाज परिवर्तन की दृष्टि से पांच परिवर्तन का विचार रखा है जिसमें सामाजिक समरसता, परिवार यानी कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य शामिल है। दरअसल , मोहन भागवत ने 2021 में समाज परिवर्तन की दृष्टि से ये पांच विषय सामने रखे थे और संघ इस पर काम कर रहा है। समाज और सत्ता में व्याप्त विद्रूपताओं की निंदा, आलोचना, विरोध से परे समाज की सहभागिता से सकारात्मक परिवर्तन का उद्देश्य ही इसके पीछे है।

# समाज परिवर्तन के लिए सक्रिय संघ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राजधानी दिल्ली में 4 से 6 जुलाई तक आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक वैसे तो राजनीतिक दलों एवं मीडिया के लिए किसी हलचल मचाने वाले समाचार का कारण नहीं बना, पर इसके महत्व से इनकार नहीं किया जा सकता। संघ ने संगठन की दृष्टि से पूरे देश को 11 क्षेत्र एवं 46 प्रांतों में बांटा है। बैठक में सरसंघचालक, सरकार्यवाह एवं सहसर्यकार्यवाह सहित केंद्रीय पदाधिकारियों , सभी प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक, सभी क्षेत्र प्रचारक, सह क्षेत्र प्रचारक के साथ 32 संघ प्रेरित विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री शामिल हों तो इसका महत्व समझ में अपने -आप आ जाता है। यानी संघ और इससे जुड़े संगठनों का संपूर्ण संघ प्रतिनिधि नेतृत्व की वहां उपस्थिति केवल मिलने जुलने के लिए तो नहीं हो सकती। संघ का गहराई से अध्ययन करने वाले या निकट से उसकी गतिविधियों पर निष्पक्ष दृष्टि रखने वाले जानते हैं कि बैठकों के सभी सत्रों के विषय एवं प्रारुप निर्धारित होते हैं। विरोधियों के तीखे तेवरों के विपरीत बैठक हमेशा शांत संतुलित व्यवस्थित माहौल में संपन्न होता है। इसमें सामान्य दलीय राजनीति पर विचार के लिए गुंजाइश नहीं होती है। जितनी जानकारी है भाजपा अध्यक्ष के चुनाव को लेकर बाहर की उत्कंठा के विपरीत यह चर्चा में भी नहीं आया। संघ के वर्ष में कुछ निश्चित आयोजन हैं जिनमें प्रांत प्रचारक बैठक भी शामिल है। मार्च में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक तथा अप्रैल से जून तक प्रशिक्षण वर्गों के संपन्न होने के बाद यह बैठक आयोजित होती है। इसलिए इसमें देश भर के पूरे वृतांत व भविष्य के संगठन की योजनाओं पर फोकस रहता है।

वैसे भी संघ का मुख्य फोकस संगठन, समाज जागरण तथा समाज परिवर्तन है तो इसका फोकस वही रहेगा। जैसा हम जानते हैं इस वर्ष विजयादशमी यानी 2 अक्टूबर से संघ शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। पिछले काफी समय से आगामी 2 अक्टूबर से लेकर 2 अक्टूबर 2026 तक इसके आयोजनों और कार्यक्रमों को लेकर गंभीर चर्चा हमारे सामने आते रहे हैं। स्वाभाविक ही इस समय की अधिकतर बैठकों का केंद्र बिंदु शताब्दी वर्ष ही होगा। जितनी जानकारी है संघ अन्य संगठनों या राजनीतिक दलों की तरह शताब्दी वर्ष पर कोई एक बड़ा आयोजन करने की जगह इसका उपयोग संगठन विस्तार , हिंदुत्व केंद्रित विचार को अधिकतम लोगों तक पहुंचाने तथा समाज परिवर्तन की दृष्टि से कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए कर रहा है। योजना अनुसार नागपुर में 2 अक्टूबर को वार्षिक विजयादशमी उत्सव में सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत की हर वर्ष की तरह उपस्थिति एवं संबोधन के साथ उसी दिन देशभर में शाखा/मंडल/बस्ती के स्तर पर उत्सव आयोजित होंगे। विशेष अभियानों के तहत स्वयंसेवक घर-घर जाकर संपर्क करेंगे। गृह संपर्क अभियान के दौरान स्वयंसेवक संघ साहित्य देकर बातचीत करेंगे। सरसंघचालक मोहन भागवत का विशेष संवाद कार्यक्रम चार शहरों दिल्ली, मुंबई, कोलकता, बेंगलुरु में आयोजित होगा , जिसमें आमंत्रित लोगों के समक्ष अपनी बात रखेंगे तथा संवाद भी होगा। संघ ने शताब्दी वर्ष में समाज परिवर्तन की दृष्टि से पांच परिवर्तन का विचार रखा है जिसमें सामाजिक समरसता,परिवार यानी कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व का बोध और




नागरिक कर्तव्य शामिल है। दरअसल , मोहन भागवत ने 2021 में समाज परिवर्तन की दृष्टि से ये पांच विषय सामने रखे थे और संघ इस पर काम कर रहा है। इससे संबंधित अलग-अलग सामाजिक सद्भाव सम्मेलन युवाओं का परिवारों का तथा इसी दृष्टि से संवाद आदि के सतत कार्यक्रम हैं। स्वाभाविक ही प्रांत प्रचारक बैठक में कहां-कहां कितने और कौन से कार्यक्रम हो सकते हैं तथा उनमें अपेक्षित संख्या की कितनी संभावना होगी, व्यवस्था कैसे हो रही है आदि विषय विंदुवार चर्चा में आए। सभी प्रांत और क्षेत्र प्रचारक कार्यक्रमों की पूर्व तैयारी की दृष्टि से बैठकें, एकत्रीकरण आरंभ कर देंगे।

इनकी गहराई से समीक्षा करें तो साफ हो जाएगा कि समाज और सत्ता में व्याप्त विद्रूपताओं की निंदा, आलोचना, विरोध से परे समाज की सहभागिता से सकारात्मक परिवर्तन का उद्देश्य ही इसके पीछे है। जाति भेद से परे हटकर सामाजिक समरसता के अंतर्गत समाज में सद्भाव बढ़े, परिवारों की पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली बने, हममें स्व-बोध यानी अपने राष्ट्र की महान विरासत, महान सभ्यता -संस्कृति -धर्म -अध्यात्म, फोटो में व्याप्त समाज संगठन उपलब्धियां आदि के प्रति गौरव व्याप्त हो, कुटुंब यानी परिवार के सभी सदस्यों- संबंधियों में आत्मीयता व संस्कारों की वृद्धि हो तथा लोग नागरिक के नाते अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक हो जाएं तो धीरे-धीरे संपूर्ण समाज और देश की स्थिति कितनी सकारात्मक, सहकारी और सशक्त होगी इसकी कल्पना आसानी से की जा सकती है। पहले से इन विषयों पर चर्चाएं हो रही हैं, उनके साहित्य आदि प्रकाशित हैं, बैठकों में भी इन पर मंथन हो रहा है और प्रांत प्रचारक बैठक में संगठन के स्तर पर इसे आगे बढ़ाने की योजना तय हो गई है इसलिए कार्यक्रम भी संपन्न होंगे। विश्व में ऐसा कोई संगठन नहीं होगा जो जितना तय करें सब कुछ उसी के अनुरूप हो जाए और त्वरित लक्ष्यों की प्राप्ति भी। इसलिए यह नहीं कह सकते कि सब कुछ कल्पना के अनुरूप भी हो जाएगा और सारे लक्ष्य भी प्राप्त हो जाएंगे किंतु उस दिशा में कुछ हद तक सफलता मिलेगी यह निश्चित है। जितनी संख्या में व्यक्तियों के अंदर पांच परिवर्तन के लिए भाव जाएंगे वह अपने स्तर पर कुछ ना कुछ करेंगे और समाज के स्तर पर जगह-जगह इन सबके सुखद परिणाम आते रहेंगे। वास्तव में संघ शताब्दी वर्ष की योजना ऐसा नहीं है जिन पर एक वर्ष तक काम किया और फिर।। यह सतत आगे बढ़ते रहने के कार्यक्रम हैं। फिर जिन लोगों से सब ज्ञान के दौरान संपर्क होगा उनके आगे शाखों प्रशिक्षकों आदि की दृष्टि से भी उपयोग की योजनाएं हैं। यानी जो जुड़ें वह छूट नहीं इसकी कोशिश भी होगी। त्वरित परिवर्तन तात्कालिक आंदोलनों से होती है किंतु स्थायी सतत परिवर्तन और प्राप्तियों के लिए अनवरत ऐसे ही समाज के अंदर स्वतः अभियान संचालित होते रहना आवश्यक होता है। संघ की यही कार्य शैली दिखती है।

बैठक है तो इस बीच देश और दुनिया की घटनाएं भी चर्चा में अवश्य आएंगी। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेडकर ने पत्रकारों के प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत की सभी भाषाएं राष्ट्र भाषाएं हैं, और संघ का मानना है कि प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए। भाषा संबंधी संघ की सोच अनेक बार सार्वजनिक रूप से रखी जा चुकी है फिर भी विरोधी यही कहते हैं कि संघ केवल हिंदी की ही बात करता है। अब शायद आलोचक बाज आएं। पहलगाम हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान के स्थानीय अनुभवों तथा लोगों की प्रतिक्रियाओं की इससे ज्यादा अधिकृत जानकारी किसी संगठन को नहीं प्राप्त हो सकती। इस फीडबैक से भविष्य में ऐसी चुनौतियों से निपटने को लेकर समाज व संगठन के साथ सरकार के लिए भी कुछ दिशा मिलेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

वोटर लिस्ट पुनरीक्षण
राजेश माहेश्वरी



# सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को आईना दिखाया

बिहार में वोटर लिस्ट विशेष गहन पुनरीक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जारी रखने की अनुमति दे दी है, लेकिन साथ ही उसने चुनाव आयोग से एक बहुत ही प्रासंगिक प्रश्न पूछा है: अभी क्यों? अदालत ने यह बिल्कुल सही बात कही है कि विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले इस तरह की कवायद से लोगों के मन में संदेह पैदा होना स्वाभाविक है। यह चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह बताए कि यह प्रक्रिया पहले क्यों नहीं की गई, जिससे उसे राज्य के लगभग 8 करोड़ मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता। यदि कोई मतदाता पीछे न छूट जाए तो इस कार्य के लिए दस्तावेजीकरण तार्किक और त्रुटिरहित होना चाहिए। विपक्षी दलों के कई नेताओं सहित विभिन्न याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि व्यापक सुधारों के नाम पर कागजी धोखाधड़ी के कारण कई पात्र मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित हो सकते हैं। यह मूलभूत चिंता है जिसका निर्वाचन आयोग को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना होगा।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि संविधान ने मतदाता सूचियों को अद्यतन करने का कार्य सौंपा है और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस कथन के लिए कोई बहाना नहीं मिल सकता कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए मतदाताओं को अद्यतन किया जाना चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि सूचियां साफ-सुथरी हों, लेकिन इस उद्देश्य के लिए चुनाव आयोग द्वारा अपनाए गए तरीकों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सुनवाई का अवसर दिए बिना किसी को भी मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।

इस मामले में कांग्रेस का दोहरापन एक बार फिर सामने आया है। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण सर्वे में आधार को शामिल करने की कांग्रेस की मांग एक बार फिर राजनीतिक छलावे और अवसरवाद का जीता-जागता उदाहरण बन चुकी है। कुछ ही समय पहले, 2021 में कांग्रेस ने जोर-शोर से कहा था कि आधार केवल निवास प्रमाण है, नागरिकता का प्रमाण नहीं। उन्होंने आधार को वोटर आईडी से जोड़ना अवैध और अलोकतांत्रिक करार दिया था। कांग्रेस ने यह भी चेतावनी दी थी कि इससे गैर-नागरिकों को वोट देने का अधिकार मिल सकता है, जो लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा है। साथ ही निजता के अधिकार का उल्लंघन होने की चिंता भी जताई थी। लेकिन अब, 2025 आते-आते कांग्रेस वही मांग कर रही है, जिसे उसने पहले खारिज किया था। पार्टी चुनाव आयोग से आधार को विशेष गहन पुनरीक्षण सर्वे में शामिल करने की जोरदार मांग कर रही है। यह साफ दिखाता है कि कांग्रेस की विचारधारा और नीतियां स्थिर नहीं, बल्कि राजनीतिक लाभ के लिए रोजाना बदलती रहती हैं। 2021 में जो आधार लिंकिंग को संविधान विरोधी बताती थी, वही आज इसे चुनाव सुधार का जरिया बता रही है। कांग्रेस का यह रवैया राजनीतिक अवसरवाद इस बात का प्रमाण है कि पार्टी नीति नहीं, केवल अपने राजनीतिक फायदे के लिए काम करती है। जब विरोध करना फायदेमंद था, तब आधार को अवैध बताया, और जब समर्थन से लाभ दिखा, तब उसी आधार को चुनाव सुधार का हथियार बना डाला। सोशल मीडिया पर कांग्रेस की इस दोहरी नीति को लेकर तीखी आलोचना हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि इस प्रक्रिया में आधार कार्ड पर विचार क्यों नहीं किया जा रहा है। उसका मानना है कि चुनाव अधिकारियों को आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर विचार करना चाहिए। फिलहाल पुनरीक्षण में 15 दिन का समय शेष है। विपक्ष ने तेलंगाना में 22 फीसदी मतदाताओं और कर्नाटक में 18 फीसदी मतदाताओं के नाम काटने पर खूब हंगामा मचाया था। दोनों ही राज्यों में कांग्रेस की सरकारें किस तरह बन गईं? जम्मू-कश्मीर में भी पुनरीक्षण के बाद चुनाव हुए थे। वहां भी विपक्ष का एनसी-कांग्रेस गठबंधन जीता और अब उनकी सरकार है। 2026 में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल आदि राज्यों में भी चुनाव से पहले 'विशेष गहन पुनरीक्षण' जरूर किया जाएगा। यह घोषणा चुनाव आयोग कर चुका है। इससे पहले 2003 में पुनरीक्षण का काम किया गया था। बहरहाल 'आधार कार्ड' को इस पूरी प्रक्रिया के दौरान निराधार क्यों किया गया, यह सवाल बराबर उठना चाहिए। व्यक्ति की दैहिक पहचान का सबसे मौलिक दस्तावेज यही है। हम इस मुद्दे को उठा चुके हैं।

(लेखक यूपी राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व



संकलित
दर्शन

स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसीलिए कहा, 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है।

## कभी भी अपने धन और पद का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिव जी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेश जी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिव जी गणेश जी को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेश जी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेश जी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और गणेश जी को खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेश जी लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेश जी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेश जी को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिव जी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश जी भी शिव जी के पास पहुंच गए। शिव जी ने देवी पार्वती से गणेश जी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वती जी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेश जी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने शिव जी से क्षमा मांगी और घमंड न करने का संकल्प लिया।

अंतर्मन




### आज की पाती

**आपदा में भविष्यवक्ता क्यों हो जाते हैं विफल**

वो जो कहते हैं, 'ऊपर वाले से सीधा संपर्क है', उनका नेटवर्क अचानक उस समय क्यों डाउन हो जाता है जब कोई भयंकर आपदा, ट्रेन हादसा, प्लेन क्रैश या भूकंप आता है। क्या उनकी ज्योतिषीय सेटिंग में कोई सर्वर एरर आ जाता है या फिर 'अदृश्य शक्ति' भी क्योशन बोर्ड लगाकर छुट्टी पर चली जाती है? यह प्रश्न अब मजाक नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक विमर्श का विषय बन चुका है। आज जब कोई गंभीर संकट आता है, तो सबसे पहले न्यूज चैनल, वैज्ञानिक एजेंसियां या रेस्क्यू टीमें सक्रिय होती हैं- न कि वो बाबा जिनका दावा है कि वे भविष्य देख सकते हैं, या ईश्वर से सीधी बातचीत करते हैं।

- किशन महोबिया, दुर्ग

### ट्रेंड

**अधिकारों के लिए लड़ें**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार संविधान से धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद को हटाने का प्रयास कर रही है। देश के दलितों, आदिवासियों और युवाओं को भाजपा शासन में अपने अधिकारों के लिए लड़ना सीखना होगा।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

**थरूर स्पष्ट रास्ता चुनें**



अगर शशि थरूर कांग्रेस के भीतर लाचार महसूस करते हैं तो उन्हें स्पष्ट राजनीतिक रास्ता चुनना चाहिए। उनके सामने दो रास्ते हैं। अगर किसी मुद्दे पर मतभेद हैं तो पार्टी के भीतर उन्हें व्यक्त करने की गुंजाइश है। नहीं तो उन्हें अपनी पसंद का राजनीतिक मार्ग चुनना चाहिए।

-के. मुरलीधरन, कांग्रेस नेता

**खुद को निखारने पर ध्यान**



मेरा ध्यान बॉक्स ऑफिस पर सफलता से अधिक एक कलाकार के तौर पर खुद को निखारने पर है। जब दर्शक आपकी फिल्म पर एक खास तरह से प्रतिक्रिया देते हैं, तो इससे आपको एक विचार, एक नजरिया मिलता है, जो मददगार हो सकता है।

-मानुषी छिल्लर, अभिनेत्री

**श्री का किरदार चुनौतीपूर्ण**



शांति का श्री श्री रविशंकर का तरीका, उन्होंने दुनिया को व्यापक पैमाने पर कैसे प्रभावित किया, उनके जीवन के उस अध्याय को बताना, उनका किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण है। मैं बहुत घबराया हुआ हूं।

-विक्रांत मैसी, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

करंट अफेयर

## जापानी लड़ाकू विमानों के करीब चीन न उड़ाए विमान



जापान ने चीन से कहा है कि वह अपने लड़ाकू विमानों को जापानी टोही विमानों के करीब उड़ाना बंद करे। जापान के अनुसार चीन लगातार ऐसा कर रहा है और इससे टकराव हो सकता है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुधवार और बृहस्पतिवार को चीनी 'जेएच-7' लड़ाकू-बमवर्षक विमान ने जापान 'एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स' के 'वाईएस-11ईबी' 'इलेक्ट्रॉनिक-इंटेलिजेंस विमान' के पास से उड़ान भरी। मंत्रालय ने कहा कि यह घटना पूर्वी चीन सागर के ऊपर हुई, हालांकि यह जापानी हवाई क्षेत्र नहीं था और इससे जापानी पक्ष को कोई नुकसान भी नहीं हुआ। चीन ने इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। इससे पहले, चीन ने आरोप लगाया था कि जापानी विमान उसके विमान के करीब से उड़ान भर रहे हैं और चीन की सैन्य गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं तथा उसने जापान से इन गतिविधियों को बंद करने को कहा था। जापान के विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि उप मंत्री ताकेहिरो फुनाकोशी ने जापान में मौजूद चीनी राजदूत वू जियांगहाओ के समक्ष ''गंभीर चिंता'' व्यक्त की और चीन से ऐसी गतिविधि को रोकने का कहा। बयान के अनुसार जापान ने कहा कि चीन की इस तरह की कार्रवाई 'टकराव भड़का सकती है', साथ ही चीन से यह भी सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ऐसी कार्रवाइयां दोबारा नहीं हों।

ऑफ बीट

## मौसम के बदलाव से भी होता है माइग्रेन का दर्द



अगर आप अमेरिका में माइग्रेन से पीड़ित 3 .9 करोड़ अमेरिकियों में से एक हैं, तो मौसम बदलने पर तेज़ सिरदर्द शुरू होने की पूरी संभावना है। आप अकेले नहीं हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि माइग्रेन से पीड़ित 30 से 50 प्रतिशत लोग किसी न किसी तरह के मौसम परिवर्तन को माइग्रेन का कारण मानते हैं, जिससे यह माइग्रेन की सबसे आम वजह बन जाती है। कोलोराडो में मौसम में लगातार बदलाव होते रहते हैं। कोलोराडो के एक न्यूरोलॉजिस्ट और सिरदर्द विशेषज्ञ के रूप में मरीज अक्सर मुझे बताते हैं कि मौसम उनके माइग्रेन शुरू होने की सबसे बड़ी वजहों में से एक है। इसके परिणाम कामकाज, पढ़ाई और सामाजिक योजनाओं को बाधित कर सकते हैं और असहायता की भावना पैदा कर सकते हैं। चिकित्सक अब भी पूरी तरह से समझ नहीं पाए हैं कि मस्तिष्क पर्यावरणीय परिवर्तनों के प्रति अधिक संवेदनशील क्यों होते हैं। हम यह जानते हैं कि माइग्रेन से पीड़ित लोगों का तंत्रिका तंत्र विशेष रूप से संवेदनशील होता है, और कुछ पर्यावरणीय परिवर्तन, जैसे वायुदाब, तापमान, आर्द्रता और वायु गुणवत्ता में बदलाव मस्तिष्क में उन कारकों को सक्रिय कर सकते हैं जो दर्द का कारण बनते हैं।

# मृतक के आश्रितों को भरण-पोषण प्रदान करना अनुकंपा नियुक्त व्यक्ति का नैतिक व विधिक कर्तव्य

## हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय दिया

**बिलासपुर।** पिता के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त पुत्र द्वारा मृतक के आश्रितों का देखभाल नहीं करने के मामले में हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय दिया है। कोर्ट ने कहा है कि अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के विधिक उद्देश्य के अंतर्गत मृतक के आश्रितों को भरण-पोषण प्रदान करना नियुक्त व्यक्ति का नैतिक और विधिक कर्तव्य माना गया है, जब तक कि वे आत्मनिर्भर न हो जाएं।

जशपुर जिला निवासी सुरेंद्र खाखा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में कर्मचारी थे। 2002 में सुरेंद्र खाखा की पत्नी की मौत हो गई। पहली पत्नी से दो पुत्र सत्यम व जितेंद्र थे। पत्नी की मौत के बाद उन्होंने दूसरी शादी की। विवाह के बाद दूसरी पत्नी से एक पुत्री एवं पुत्र का जन्म हुआ। स्वयं के संतान होने के बाद भी वह पति के पहली पत्नी की दोनों बच्चों को अपने ही बच्चों की तरह पालन की। सेवाकाल के दौरान पति की दिसंबर 2010 में मौत हो गई। कर्मचारी की मौत के बाद बिजली विभाग ने पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति देने की अनुशंसा की। इस पर सौतेली मां होने के बाद भी उसने अपने सौतेले बड़े बेटे को अनुकंपा नियुक्ति दिलाने सहमति दी, कि वह मृतक की पत्नी एवं अन्य आश्रितों का भरण पोषण करेगा। कुछ समय तक बड़े बेटे ने परिवार का भरण पोषण किया लेकिन शादी के बाद उसने परिवार की देखभाल बंद कर पत्नी के साथ अलग हो गया।



### कोर्ट ने समीक्षा याचिका को खारिज किया

कोर्ट ने यह भी कहा कि पारिवारिक न्यायालय ने अनावेदकों की आवश्यकता और मूल्य सूचकांक तथा अन्य परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बेवा को 1000 रुपए का भरण-पोषण प्रदान किया है। आवेदक अनुकंपा नियुक्ति के माध्यम से पर्याप्त आय अर्जित कर रहा था। अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के विधिक उद्देश्य के अंतर्गत मृतक के आश्रितों को भरण-पोषण प्रदान करना नियुक्त व्यक्ति का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य माना गया, जब तक कि वे आत्मनिर्भर न हो जाएं। कोर्ट ने आवेदक को आदेश दिया है कि वह सौतेली मां को आजीवन अथवा उसके पुनर्विवाह होने तक प्रतिमाह एक हजार रुपए तथा अनावेदक 2 एवं 3 (भाई-बहन) को वयस्क होने तक 3000 रुपए प्रतिमाह भरण-पोषण की राशि के रूप में आदेश पारित होने की तिथि से कुल 7000 रुपए प्रतिमाह दे। इसके साथ कोर्ट ने समीक्षा याचिका को खारिज किया है।

### परिवार न्यायालय ने दिया था फैसला

इस पर सौतेली मां ने परिवार न्यायालय में परिवाद पेश कर पति के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले पुत्र से भरण पोषण राशि दिलाने की मांग की। परिवार न्यायालय ने अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने वाले पुत्र की आय को देखते हुए आदेश किया कि वह अपनी सौतेली मां को 1000 रुपए हर माह उसके जीवित रहने या दूसरी शादी करने तक देगा एवं नाबालिग बहन एवं भाई को 3000-3000 रुपए उनके बालिग होने तक देगा। जनवरी 2023 में भाई-बहन बालिग हो गए। इस आदेश के खिलाफ अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले पुत्र ने समीक्षा याचिका पेश की थी। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद समीक्षा याचिका को खारिज करते हुए कहा कि पति के पेंशन से तीनों बच्चों की आजीविका का सारा भार बेवा के कंधों पर है।

# पुलिस साबित नहीं कर सकी, संदेह का मिला लाभ, युवक और युवती बरी

बिलासपुर। दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के मामले में आरोप सिद्ध नहीं होने पर संदेह का लाभ देते हुए जिला कोर्ट ने युवक और युवती को निर्दोष करार दिया है। विशेष न्यायालय की ओर से आरोपियों के जब्त मोबाइल को उन्हें वापस करने और अपील नहीं होने की दशा में सैंपल नष्ट करने के भी आदेश दिए हैं। कोर्ट ने यह भी कहा है कि पुलिस ना तो आरोपियों की आपस में पहचान बता पाई और ना ही मोबाइल फोन से ही कुछ जब्ती हो सका। कई गवाहों के बयान भी विरोधाभास थे। इसके साथ ही पीड़िता ने भी अपने बयान कई बार बदले जो घटना की पुष्टि नहीं करते हैं।

- दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के मामले में जिला कोर्ट का फैसला

रतनपुर क्षेत्र में रहने वाली युवती ने शिकायत की थी कि उसके परिचित दिलशाद बेग ने पहाड़ पर ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। वह आए दिन युवती को परेशान करता और उसके भाइयों को मारने की धमकी देता था। उसकी शादी की बात चल रही थी। तभी आरोपियों ने दोनों के बीच मोबाइल पर हुए बातचीत की रिकार्डिंग को उसकी भाभी को भेज दिया। उसकी भाभी ने इस रिकार्डिंग को वायरल कर उसकी शादी तुड़वा दी।

### पेश किए गए साक्ष्य भी संदेहास्पद

शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इस दौरान आरोपियों के मोबाइल भी जब्त किए गए। न्यायालय में सुनवाई के दौरान पीड़ित की उम्र को न्यायालय ने संदेहास्पद माना। साथ ही पेश किए गए साक्ष्य भी संदेहास्पद रहे। इसके अलावा जिस मोबाइल से आडियो रिकार्डिंग वायरल करने की बात कही गई उसमें से आडियो भी पुलिस को नहीं मिल सके। इसे न्यायालय ने संदेहास्पद मानते हुए आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए निर्दोष करार दिया है। आरोपियों के मोबाइल को वापस करने के न्यायालय ने आदेश दिए हैं। साथ ही पीड़ित को प्रतिकर की भी अनुसंशा नहीं की गई है।

# जांच अधिकारी द्वारा गवाहों से जिरह को हाईकोर्ट ने उचित माना

बिलासपुर। जांच कार्रवाई के दौरान जांच अधिकारी द्वारा गवाहों से जिरह को हाईकोर्ट ने उचित माना है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बिभु दत्ता गुरु की खंडपीठ ने माना कि इससे जांच कार्रवाई शून्य नहीं हो जाती।

याचिकाकर्ता छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत था। उसके खिलाफ दो आरोपों के लिए विभागीय जांच शुरू की गई थी। पहला आरोप था कि 6 फरवरी 2009 को वह अनधिकृत रूप से ग्राम खोराटोला गया और शिकायतकर्ता को एक कमरे में बंद कर दिया। उसने लकड़ी रखने के मामले में शिकायतकर्ता को गाली दी और जेल भिजवाने की धमकी देते हुए 5,000 रुपए की रिश्वत मांगी, जो एक भ्रष्ट आचरण था। दूसरा, वह पुलिस स्टेशन में ड्यूटी से अनुपस्थित रहा, जो ड्यूटी में लापरवाही को दर्शाता है। इसलिए 12 मई 2009 को कांस्टेबल को आरोप-पत्र जारी किया गया और याचिकाकर्ता के खिलाफ जांच की गई।

### आरोपों को सही माना गया

जांच अधिकारी ने 30 दिसंबर 2009 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें आरोपों को सही माना गया। इसके बाद अनुशासनिक प्राधिकारी ने 30 जनवरी 2010 को आदेश पारित कर याचिकाकर्ता को सेवा से हटा दिया। याचिकाकर्ता ने पुलिस उपमहानिरीक्षक के समक्ष अपील प्रस्तुत की लेकिन 17 मई 2010 के आदेश द्वारा इसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद पुलिस महानिदेशक के समक्ष दया याचिका दायर की गई, जो खारिज कर दी गई। इसके बाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। सिंगल बेंच से 14 फरवरी 2024 को याचिका खारिज होने के बाद याचिकाकर्ता ने डिवीजन बेंच में रिट अपील दायर की।

## पुरुषों की नसबंदी आसान मगर कमजोरी का भ्रम ज्यादा भारी

# बढ़ती जनसंख्या पर पुरुषों से ज्यादा चिंतित महिलाएं, नसबंदी कराने में दो सौ गुना ज्यादा

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

बढ़ती जनसंख्या पर पुरुषों से ज्यादा महिलाएं चिंतित हैं, इसका अंदाजा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जाने वाले नसबंदी अभियान से लगाया जा सकता है। पुरुषों की तुलना में नसबंदी कराने में उनकी संख्या दो सौ गुना अधिक है। चिकित्सकों के अनुसार महिलाओं की तुलना में पुरुषों की नसबंदी आसान है, मगर कमजोरी और अन्य तरह के भ्रम की वजह से वे आगे नहीं आते हैं। महिलाएं इसकी जटिल प्रक्रियाओं के बाद भी छोटा परिवार सुखी परिवार के स्लोगन को चरितार्थ कर रही हैं।

रायपुर जिला में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में इसकी सुविधाएं दी जा रहा है, मगर पुरुषों द्वारा इस साल के छह महीने में कराई नसबंदी का आंकड़ा दहाई के पार नहीं हो पाया। वहीं महिलाओं की संख्या हजार के पार हो चुकी है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी बताते है कि महिलाओं ने नसबंदी पर अधिक भरोसा दिखाया है। पुरुषों में नसबंदी को लेकर इस बात का भ्रम होता है कि इससे उन्हें शारीरिक कमजोरी आती है और उनके सामान्य कामकाज पर इसका असर होता है। वास्तव में ऐसा नहीं है, महिलाओं की तुलना में पुरुषों की नसबंदी की प्रक्रिया आसान होती है और सामान्य जीवन पर इसका कोई असर नहीं होता और ना भविष्य में किसी तरह की समस्या होती है।

### 18 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रम

परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए हर साल 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा मनाया जाता है। शुक्रवार को सीएमएचओ कार्यालय से जागरूकता के लिए 'सारथी' वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर वहां सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी , नोडल अधिकारी डॉ. प्रीति नारायण, डीपीएम मनीष मेजर वार, आरएमएनसीएच सलाहकार डॉक्टर निकेता पवार एवं अन्य स्टॉफ मौजूद थे। नोडल अधिकारी डॉ प्रीति नारायण ने बताया कि 18 जुलाई तक लक्ष्य दंपतियों से संपर्क किया जाएगा। उक्त अवधि में ही सेवा प्रदाएगी की सुविधाएं भी प्राप्त होंगी। पसंद की टोकरी पर हितग्राही की काउंसिलिंग को प्राथमिकता दी जाएगी। इस दौरान ग्रामीण इलाकों में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### दी जाती है क्षतिपूर्ति राशि

परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग नसबंदी कराने वाले पुरुष एवं महिलाओं को क्षतिपूर्ति राशि भी प्रदान की जाती है। इसके तहत पुरुष नसबंदी में 3 हजार, महिला नसबंदी में 2 हजार, प्रसव पश्चात तुरंत नसबंदी में 3 हजार दिया जाता है। रायपुर जिले में अभनपुर, आरंग, धरसीवां, तिल्दा ब्लॉक एवं 50 बिस्तर अस्पताल आयुर्वेदिक अस्पताल परिसर रायपुर, क्षेत्र में अपनी सेवाएं उनकी रोस्टर के अनुसार देंगे

# निलंबन की कार्रवाई के बाद दो दर्जन आबकारी अफसरों के प्रभार बदले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में 2176 करोड़ रुपए का शराब घोटाला उजागर होने के तीन साल बाद दागी 22 अफसरों को शासन ने निलंबन की कार्रवाई की। अफसरों के निलंबन के साथ ही दो दर्जन आबकारी अफसरों के प्रभार में बदलाव किया है। इनमें एक जिला आबकारी आयुक्त को फील्ड से हटाकर मुख्यालय में अटैच किया गया है। जिन आबकारी अफसरों के प्रभार में बदलाव किया गया है, उसके मुताबिक मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला आयुक्त को नवा रायपुर मुख्यालय अटैच किया गया है। इसी तरह से जिला आबकारी अधिकारी डॉ. पलक नंद का स्थानांतरण जीपीएम से बेमेतरा, गजेंद्र कुमार सिंह बलौदाबाजार-भाटापारा से गरियबांद, चंद्रहास यदु बस्तर से बिजापुर, योगेश्वर कुमार द्विवेदी कोरिया से बालोद, अभिषेक तिवारी बीजापुर से राजनांदगांव, दीपक ठाकुर सुकमा से दंतेवाड़ा, राजेश कुमार शर्मा बालोद से रायपुर, बिलासपुर, सिरगिट्टी में स्टेट बेवरेज कार्पोरेशन का गोदाम प्रभारी बन प्रतिनियुक्ति पर गई नीलिमा दिघ्रस्कर का प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हें जांजगीर-चांपा जिले में सहायक आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। मुकेश अग्रवाल संभागीय उड़नदस्ता रायपुर से बलौदाबाजार, रविशंकर साय बिलासपुर से मुंगेली, सुनील कुमार सूर्यवंशी बलरामपुर-रामानुजगंज से महासमुंद, निरुपमा लोन्हारे दुर्ग से धमतरी, सारिका प्रसाद बोर्डे स्टेट बेवरेज बिलासपुर का प्रतिनियुक्ति समाप्त कर बिलासपुर में तैनाती, रमेश कुमार अग्रवाल कोरबा से कोरिया, शशिकला पैकरा एमसीबी से एमसीबी स्वतंत्र प्रभार, सत्यनारायण साहू दुर्ग से बलरामपुर-रामानुजगंज, सीमा गुप्ता बिलासपुर से जीपीएम, कल्पना राठौर बिलासपुर से मुंगेली, संतराम वर्मा सारंगढ़-बिलाईगढ़ से सारंगढ़-बिलाईगढ़ स्वतंत्र प्रभार, समीर मिश्रा बिलासपुर से प्रतिनियुक्ति पर स्टेट बेवरेज कार्पोरेशन सिरगिट्टी, वी. विक्रम आनंद बिलासपुर से बेमेतरा, गजेंद्र कुमार नेताम सुकमा से सुकमा स्वतंत्र प्रभार, उत्तम बुद्ध भारद्वाज का स्थानांतरण महासमुंद से रायपुर किया गया है।

- कोर्ट में चालान पेश होने के बाद शासन ने अफसरों को निलंबित करने लिया निर्णय



पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा : 25 वर्षीय टेनिस स्टार की पिता ने ही कर दी थी हत्या

# 'राधिका के सीने में 4 गोलियां मारी गईं' झूठा साबित हुआ पिता का कुबूलनामा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ गई है। इसके मुताबिक राधिका को सीने पर 4 गोलियां मारी गईं, जबकि पुलिस की एफआईआर में कहा गया था कि आरोपी ने पीछे से तीन गोलियां चलाई थीं। सरकारी अस्पताल के बोर्ड के सदस्य और सर्जन डॉ. दीपक माथुर ने फोन पर बातचीत में पुष्टि की कि राधिका को 4 गोलियां मारी गईं और सभी गोली के निशान उसके सीने पर पाए गए।

डॉ. माथुर ने बताया कि सभी गोलियां शरीर से निकाल ली गई हैं और फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दी गई हैं। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि आरोपी की स्वीकारोक्ति और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अंतर क्यों है? पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार आरोपी दीपक यादव, जो राधिका का पिता है, उसने खुद स्वीकार किया था कि उसने पीछे से राधिका पर गोली चलाई थीं, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार सभी गोलियां सामने से मारी गईं, जो पूरे मामले को उलझा रही हैं।

पुलिस टीम नए एंगल पर भी कर रही काम





## गांव वालों के तानों से परेशान था आरोपी दीपक

25 वर्षीय टेनिस स्टार राधिका यादव की गुरुवार सुबह उनके ही पिता ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस जांच के मुताबिक आरोपी दीपक यादव गांव वालों के तानों और टिप्पणियों से परेशान था। उसे राधिका द्वारा चलाए जा रहे टेनिस अकादमी पर आपत्ति थी और उसने कई बार बेटी से अकादमी बंद करने को कहा, लेकिन राधिका ने साफ इनकार कर दिया। यह बात पिता को इतनी नागवार गुज़री कि उसने गुस्से में आकर दीपिका पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं।

## म्यूज़िक वीडियो आया सामने

सूत्रों के मुताबिक राधिका का सोशल मीडिया पर सक्रिय होना और इन्फ्लुएंसर बनने की इच्छा भी उसके पिता को नापसंद थी। राधिका के मर्डर के बाद एक म्यूज़िक वीडियो भी सामने आया है, इसका टाइटल 'कारवां' है। इसमें राधिका नजर आ रही हैं। इस वीडियो को लेकर भी कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या इस वीडियो का किसी तरह हत्या से संबंध है।

## लव एंगल या ऑनर किलिंग का मामला नहीं

पुलिस के मुताबिक, आरोपी पिता को एक दिन की रिमांड पर लिया गया है। एसएचओ विनोद कुमार ने बताया कि हथियार बरामद करना बाकी है। आरोपी ने गांव वालों के तानों को हत्या की वजह बताया है, लेकिन कोई लव एंगल या ऑनर किलिंग का मामला नहीं है। इस घटना पर एसीपी यशवंत ने बताया कि राधिका के सोशल मीडिया अकाउंट्स किसने डिलीट किए इसकी जांच जारी है। राधिका हर काम परिवार से पूछकर करती थी। पिता को हर जगह से बेटी की कमाई खाने के ताने मिलते थे. जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। अंतिम संस्कार के बाद इन्वेस्टीगेशन में नए पहलू शामिल किए जाएंगे।

## सोशल मीडिया, रिश्तों और दोस्तों की जांच में जुटी पुलिस

राधिका फिटनेस, टेनिस और रील्स बनाती थी, जिसमें मां भी साथ देती थीं। लेकिन पिता को उसका यह झुकाव पसंद नहीं था। अब पुलिस सोशल मीडिया, रिश्तों और दोस्तों की जांच कर असली मकसद तलाश रही है। अब पुलिस सोशल मीडिया एक्टिविटी, दोस्त और परिवार के रिश्तों की गहराई से जांच कर रही है कि कहीं हत्या के पीछे कोई और गहरी वजह तो नहीं।

## भारत को निशाना बनाएंगे पाक आतंकी : नेपाल

काठमांडू। पाकिस्तानी आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद नेपाल के रास्ते भारत के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। इस बात की चेतावनी नेपाल के राष्ट्रपति के सलाहकार सुनील बहादुर थापा ने दी है। थापा ने यह बयान 9 जुलाई को काठमांडू में नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एवं सहभागिता संस्थान द्वारा आयोजित एक उच्च स्तरीय संगोष्ठी के दौरान की। इस कार्यक्रम में दक्षिण एशिया में आतंकवाद के खतरों से निपटने पर ध्यान केंद्रित किया गया और इसमें प्रमुख क्षेत्रीय विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं ने भाग लिया। सेमीनार में वक्ताओं ने कहा कि भारत में होने वाले आतंकवादी हमलों का अक्सर नेपाल पर भी असर पड़ता है, जिससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को नुकसान पहुंचता है।


**कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं कोरिया (छ.ग.)**
Phone: 07836-299-112 E-mail:dchgbkp@gmail.com

**निविदा सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 94/फायर सर्विस/एम.टी./2025 कोरिया दिनांक- 10/07/2025 की ओर से निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से अग्निशमन वाहन (मल्टी टेण्डर) क्षमता 3500 ली. वाटर टैंक प्रदाय करने हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत (आयकर प्रमाण पत्र सहित) रू. 500 नगद भुगतान कर दिनांक 03.08.2025 के पूर्व कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते है।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथी 03.08.2025 समय सायं 05:00 बजे तक।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथी 04.08.2025 समय दोपहर 02:00 बजे तक।

निविदा खोलने की तिथी 04.08.2025 समय सायं 04:00 बजे तक। स्थान जिला सेनानी कार्यालय तलवापारा बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)।

जिला सेनानी
एवं जिला अग्निशमन अधिकारी,
नगर सेना कोरिया (छ.ग.)

जी. 252602131/1



**भारतीय वायु सेना / INDIAN AIR FORCE**
**JOIN INDIAN AIR FORCE AS AN AIRMAN**

INDIAN AIR FORCE INVITES ONLINE APPLICATIONS FROM INDIAN/ GORKHA (A SUBJECT OF NEPAL) MALE CANDIDATES FOR SELECTION TEST TO JOIN THE IAF AS AIRMEN IN GROUP 'Y' (NON-TECHNICAL) MEDICAL ASSISTANT TRADE FOR AIRMEN INTAKE 02/2026

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Online Registration dates | From 1100 Hr on 11 July 2025 to 2300 Hr on 31 July 2025. |
| 2 | Online Examination dates | From 25 September 2025 onwards. |
| 3 | Marital Status and Date of Birth Block | 3.1. **Medical Assistant (For candidates with 10+2).** Candidate should be unmarried and born between **02 July 2005 and 02 July 2009 (both dates inclusive).**<br>**3.2. Medical Assistant (For candidates with Diploma/ B.Sc in Pharmacy).** Unmarried candidate should be born between **02 July 2002 and 02 July 2007 (both dates inclusive).** Married candidate should be born between **02 July 2002 and 02 July 2005 (both dates inclusive).** |
| 4 | Education Qualification | 4.1. Candidate should have passed 10+2/ Intermediate/ Equivalent Examination with Physics, Chemistry, Biology and English from Education Boards recognised by Central, State and UTS, with a minimum of 50% marks in aggregate and with 50% marks in English.<br>**OR**<br>Should have passed two years vocational course with non-vocational subjects i.e. Physics, Chemistry, Biology and English from Education Boards recognised by Central, State and UTS, with minimum 50% marks in aggregate and 50% marks in English.<br>4.2. Candidate should have passed Intermediate/ 10+2/ Equivalent Examination with Physics, Chemistry, Biology and English with a minimum of 50% marks in aggregate and 50% marks in English. In addition, Diploma/ B.Sc in Pharmacy with minimum 50% marks in aggregate with valid registration from State Pharmacy Council or Pharmacy Council of India (PCI) at the time of enrolment will be mandatory requirement.<br>**Note-** 1. Education Boards (for 10+2 or equivalent) recognised by Central, State and UTS, shall only be permitted.<br>Note-2. Exact aggregate percentage of marks before decimal as written in the marks sheet of 10+2/ Intermediate/ Equivalent/ Diploma/ B.Sc in Pharmacy OR calculated as per the rules of concerned Education Board shall only be considered (For example 49.99% should be taken as 49% and not to be rounded off to 50%). |
| 5 | Group & Trade | Airmen in Group 'Y' (Non-Technical) for Medical Assistant Trade only. |
| 6 | Registration fee | 550/- plus GST |

FOR DETAILED ADVERTISEMENT LOG ON TO WEB PORTAL
**www.airmenselection.cdac.in**

Scan QR code for detailed information

CBC 10803/11/0007/2526



**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 224/न.पा.नि./जप्रशा/25-26 अम्बिकापुर दिनांक 10/07/2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा वार्ड क्रमांक 14 नमनाकला में 750 किलोलीटर क्षमता तथा पुराना बस स्टैण्ड के समीप 1000 किलो लीटर क्षमता के उच्च स्तरीय जलागार निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 171854 & 171857) आमंत्रित की गई है। विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर


## ट्रंप को बड़ा झटका! बर्थराइट सिटीजनशिप आदेश पर लगी रोक



प्रवासियों या अस्थायी वीजा पर आए लोगों के लिए राहत भरी खबर

नई दिल्ली। अमेरिका के न्यू हैम्पशायर में एक संघीय जज ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसके तहत अमेरिका में जन्म लेने वाले कुछ बच्चों को नागरिकता देने से मना किया गया था। जज जोसेफ ला प्लांते ने यह रोक (जिसे कानूनी भाषा में 'प्रारंभिक निषेधाज्ञा' कहा जाता है) लगाते हुए कहा कि यह आदेश असंवैधानिक है और इससे बच्चों को गंभीर नुकसान हो सकता है। इस पर रोक लगाते हुए जज ने कहा कि यह कोई कठिन फैसला नहीं था, नागरिकता सबसे बड़ा अधिकार है। यह ट्रंप के जनवरी में जारी किए गए आदेश के खिलाफ पहला बड़ा कानूनी झटका माना जा रहा है। इस आदेश में कहा गया था कि जो बच्चे अवैध प्रवासियों या अस्थायी वीजा पर आए लोगों के यहां जन्म लेते हैं, उन्हें अमेरिकी नागरिकता नहीं दी जाएगी। हालांकि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि निचली अदालतें पूरे देश में इस तरह की रोक लगाने से बचें, फिर भी जज ला प्लांते ने यह रोक पूरे देश के लिए लगाई और कहा कि यह आदेश संविधान के खिलाफ है।


**छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर**
**सूचना**

क्रमांक 12744/दो-14-1/2024 बिलासपुर, दिनांक 11/07/2025
Adv. No. 02/2024 (Staff Car Driver)

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में स्टाफ कार ड्राईवर के पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की जॉच पश्चात एवं अभ्यर्थियों से प्राप्त दावा-आपत्ति के निराकरण पश्चात लिखित परीक्षा हेतु आहूत किये जाने वाले अभ्यर्थियों की सूची एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है।

उक्त पद हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 03/08/2025 को आयोजित की जायेगी।

विस्तृत जानकारी / सूची छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट https://highcourt.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

(मनीष कुमार ठाकुर)
रजिस्ट्रार जनरल

जी-252602145/2



**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-अम्बिकापुर**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण**

विज्ञापन क्रमांक-136

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, वृत्त अम्बिकापुर अंतर्गत जिला -बलरामपुर रामानुजगंज में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत ब्लॉक कुसमी, धुतराडीह में 100 शैय्या बालक छात्रावास भवन निर्माण कार्य की निविदा दिनांक 26.07.2025 तक एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाईट www.cghb.gov.in एवं http://eproc.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग-अम्बिकापुर के मो.नं. 9424209101 पर संपर्क करें।

सं.44512 उपायुक्त


## दाऊद के करीबी डोला सलीम का भांजा गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के कई करीबियों पर नकेल कस रही है। इसी कार्रवाई के दौरान क्राइम ब्रांच ने दाऊद के करीबी डोला सलीम उसके भांजे मुस्तफा कुब्बावाला को यूएई से गिरफ्तार कर भारत लाया गया है। पिछले महीने डोला सलीम के बेटे ताहिर डोला को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस पिछले साल जारी किया था। मुंबई क्राइम ब्रांच के डीसीपी राज तिलक रौशन ने बातचीत के दौरान बताया कि हमने पिछले साल मिली खुफिया जानकारी के आधार पर महाराष्ट्र के सांगली जिले में करोड़ों रुपये कीमत के ड्रग्स पकड़े, जहां ड्रग्स बनाये जाते थे। इसी मामले की जांच के दौरान मुंबई क्राइम ब्रांच को पता चला कि इस ड्रग्स के सिंडिकेट से अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का बेहद खास आदमी जुड़ा हुआ है। सूत्रों ने बताया कि दाऊद इब्राहिम का खास डोला सलीम कभी दुबई में बैठकर दाऊद के ड्रग्स का काम देखता है तो कभी तुर्की में घूमता रहता है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

क्र. 453 / लो.नि./ न.पा. / 2025-26 तखतपुर, दिनांक 11/07/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | Bid Due Date |
|---|---|---|---|
| 171938 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य वार्ड क्र. 08 न.पा.प. तखतपुर (द्वितीय निविदा) | 19.98 | 28/07/2025 |
| 171907 | PROPOSED BEAUTIFICATION WORK OF "CHAUPATI" AT NAGAR PALIKA PARISHAD TAKHATPUR, DIST-BILASPUR (C.G.) (1st Call) | 92.85 | 04/08/2025 |
| 171936 | गुरूनानक मंगल भवन उन्नयन कार्य (1st Call) | 44.98 | 04/08/2025 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

नगर पालिका के करो का भुगतान समय पर करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तखतपुर


## 40 साल की जंग खत्म विद्रोहियों ने फूंके हथियार

अंकारा। तुर्की और कुर्द विद्रोहियों के बीच चार दशकों से जारी खूनी संघर्ष आखिरकार एक निर्णायक मोड़ पर आ गया है। कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) ने शुक्रवार को उत्तरी इराक के सुलैमानियाह में अपने हथियार खुद फूंक डाले। 20 से 30 पीकेके लड़ाकों ने बंदूकें जलाकर यह संदेश दिया कि अब वे हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्य धारा में शामिल होना चाहते हैं।


**कार्यालय अधिष्ठाता, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, छत्तीसगढ़ शासन, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) 495001**
FAX (O) -07752-224200, PHONE (O) - 07752-230030,
Website: www.cimsbilaspur.ac.in email- deancims@gmail.com

क्र. 10974/स्था/प्रशा/ सिम्स / 2025 **Walk-In-Interview** बिलासपुर, दिनांक 10/07/2025


छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर के अंतर्गत संचालित कुमार साहब स्व. श्री दिलीप सिंह जुदेव जी शासकीय सुपरस्पेशिलिटी चिकित्सालय, बिलासपुर छ.ग. हेतु निम्नानुसार रिक्त पदों की भर्ती संविदा माध्यम से किये जाने हेतु अधिष्ठाता कार्यालय, सिम्स बिलासपुर में माह जुलाई में दिनांक 17.07.2025 को Walk-In-Interview आयोजित किया जाएगा। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

| Professor | Associate Professor | Asst. Professor | Senior Resident | Hospital Management Officer |
|---|---|---|---|---|
| Cardiology-1 (UR-1 )<br>Cardiothoracic Vascular Surgery – 1 (UR-1)<br>Neurosurgery – 1 (UR-1)<br>Urology - 1 (UR-1)<br>Neurology – 1 (UR-1 )<br>Nephrology – 1 (UR-1 ) | Cardiothoracic Vascular Surgery – 1 (UR - 1 )<br>Neurosurgery 2 (UR-1, ST-1)<br>Urology – 2 (UR-1, ST-1 )<br>Neurology -2 (UR-1, ST-1)<br>Nephrology - 2 (UR-1, ST-1) | Cardiology- 1 (ST-1)<br>Cardiothoracic Vascular Surgery - 2 (UR-1, ST-1)<br>Neurosurgery 1 (ST-1)<br>Urology - 1 (ST-1)<br>Neurology - 1 (ST-1)<br>- Nephrology-2 (UR-1, ST-1)<br>Aneasthesia -7 (UR-2, ST-3, SC-1, OBC-1) | Cardiology-5 (UR-2, ST-2, OBC-1)<br>Cardiothoracic Vascular Surgery - 5 (UR-2, ST-2, OBC-1)<br>Neurosurgery-5 (UR-2, ST-2, OBC-1)<br>Urology - 5 (UR-2, ST-2, OBC-1)<br>Neurology 5 (UR-2, ST-2, OBC-1)<br>Nephrology 5 (UR-2, ST-2, OBC-1)<br>Aneasthesia - 9 (UR-4 (1F), ST-3, SC-1, OBC-1) | 01 (UR-1) |
| Salary Rs.3,00,000/- (1,10,000+1,90,000) | Salary Rs.2,50,000/- (95,000+1,55,000) | Salary Rs. 1,50,000/- (50,000+1,00,000 ) | Salary Rs. 1,00,000/- (25,000+75,000) | Salary Rs. 51,780/- |

विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाईट www.cimsbilaspur.ac.in पर उपलब्ध है। पदों के संवर्ग, रिक्तता एवं अर्हता के संबंध में जानकारी अधिष्ठाता कार्यालय, सिम्स बिलासपुर के दूरभाष से प्राप्त की जा सकती है

जी. 252602139/1 अधिष्ठाता, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.)


## शब्द पहेली - 5925



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 5924 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | य | त | | य | हां | | जो |
| धा | च | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लैं |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 5935

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5934 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## खबर संक्षेप

### अपेक्स बैंक के अध्यक्ष ने शाखा प्रबंधकों की ली बैठक

रायपुर। अपेक्स बैंक के प्राधिकार अधिकारी केदार नाथ गुप्ता ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के महासमुंद, रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार, सारंगढ़-बिलाईगढ़ के शाखा प्रबंधकों की बैठक ली। उन्होंने सहकार से समृद्धि तक कार्यक्रम के अंतर्गत 550 सहकारी समितियों में किए जा रहे पैक्स कम्प्यूटरीकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने खरीफ फसल के अंतर्गत कृषक उन्नति योजना और ऋण वितरण की भी जानकारी ली। आरआईडीएफ योजना के अंतर्गत गोदाम निर्माण और बैंक की तकनीकी सेवाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

# यथावत रहेंगे प्रैक्टिकल में फेल विद्यार्थियों की मुख्य परीक्षा के अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने 10वीं और 12वीं कक्षा के कंपार्टमेंट और सप्लीमेंट्री उम्मीदवारों के लिए प्रैक्टिकल परीक्षाओं को लेकर खास दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ये प्रैक्टिकल परीक्षाएं सप्लीमेंट्री परीक्षाओं के साथ ही 10 जुलाई से 15 जुलाई के बीच होंगी।

प्रैक्टिकल परीक्षाओं का यह विशेष दौर केवल उन्हीं छात्रों पर लागू होगा जिन्हें उनके मुख्य परीक्षा के परिणामों के आधार पर खास कैटेगरी में रखा गया है। सीबीएसई ने पात्रता, परीक्षा केंद्रों और मूल्यांकन प्रक्रिया के संबंध में साफ निर्देश दिए हैं। जिन्हें 'प्रैक्टिकल में दोहराएं' कैटेगरी में रखा गया है, उन्हें केवल प्रैक्टिकल परीक्षा देनी होगी। उनकी मुख्य बोर्ड परीक्षा के थ्योरी के नंबर वैसे ही रहेंगे और फाइनल रिजल्ट में जोड़े जाएंगे। जो छात्र 'थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों में रिपीट' कैटेगरी में आते हैं, उन्हें इस सप्लीमेंट्री परीक्षा में थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों परीक्षाएं देनी होंगी।




### परीक्षा के दिन ही अपलोड करने होंगे प्रैक्टिस

बोर्ड ने यह स्पष्ट किया है कि प्रैक्टिकल परीक्षाओं में दिए गए सभी अंक परीक्षा होने के उसी दिन बोर्ड के पोर्टल पर अपलोड कर दिए जाने चाहिए। एक बार दर्ज किए जाने के बाद, इन नंबरों को अंतिम माना जाएगा और उनमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा।

### दोबारा नहीं होगा आंतरिक मूल्यांकन

अगर किसी छात्र को मुख्य बोर्ड परीक्षा के दौरान आंतरिक मूल्यांकन में अनुपस्थित दिखाया गया था, तो उन्हें सप्लीमेंट्री परीक्षा के थ्योरी पेपर में उनके प्रदर्शन के आधार पर आनुपातिक आंतरिक अंक दिए जाएंगे। ऐसे उम्मीदवारों के लिए कोई नया आंतरिक मूल्यांकन नहीं होगा। रेगुलर स्टूडेंट्स के लिए प्रैक्टिकल परीक्षाएं उनके अपने स्कूलों में ही सामान्य प्रक्रियाओं का पालन करते हुए आयोजित की जाएंगी। प्राइवेट उम्मीदवारों के लिए प्रैक्टिकल परीक्षाएं उन्हीं केंद्रों पर होंगी जहां उनकी थ्योरी की परीक्षाएं होनी हैं। अगर इन केंद्रों पर प्रैक्टिकल परीक्षा कराने की जरूरी सुविधाएं नहीं हैं, तो संबंधित सीबीएसई रीजनल ऑफिस एक ऑप्शनल केंद्र तय करेगा।

# दुकान एवं स्थापनाओं का पंजीयन अब नए नियमों के तहत, 14 अगस्त तक कराना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम के प्रभावशील होने के बाद, दुकान एवं स्थापना पंजीयन का कार्य श्रम विभाग के जिला कार्यालय द्वारा विभागीय पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। यदि किसी दुकान या स्थापना में 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, तो पंजीयन कराना अनिवार्य है। अधिनियम लागू होने के दिनांक से 6 माह की अवधि के भीतर पंजीयन कराना आवश्यक है। यह अवधि 13 फरवरी से 14 अगस्त तक है।

छह माह बाद निर्धारित शुल्क के साथ-साथ 25 प्रतिशत विलंब शुल्क तथा अधिनियम की धारा 24 के अंतर्गत प्रशमन की कार्यवाही के बाद ही पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। अतः समस्त दुकान एवं स्थापनाओं के नियोजकों/संचालकों से अपेक्षा की जाती है कि वे छग दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 2017 के अंतर्गत निर्धारित समयावधि के पूर्व अपनी स्थापनाओं का पंजीयन सुनिश्चित करें।



■ 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं तो पंजीयन अनिवार्य

### नया अधिनियम लागू

दुकान एवं स्थापनाओं के पंजीयन के लिए जारी अधिसूचना के फलस्वरूप, 13 फरवरी से पूर्व में प्रचलित छग दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 निरस्त कर दिया गया है। इसके स्थान पर छग दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 2017 तथा इसके अंतर्गत बनाए गए छग दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियमन) नियम, 2021 राज्य में 13 फरवरी से प्रभावशील हो गए हैं।

## कर्तव्यों में घोर लापरवाही बरतने के कारण हुई कार्रवाई

# बालक आश्रम छात्रावास बगिया के प्रभारी अधीक्षक व अन्य निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने ठाकुर दयाल सिंह, शिक्षक (एलबी), प्रभारी अधीक्षक, शासकीय अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम, बगिया, विकास खण्ड-कांसाबेल, जिला-जशपुर (छग) (मूल पदस्थापना- पूर्व माध्यमिक शाला, शब्दमुण्डा, विकास खण्ड-कांसाबेल) के द्वारा कक्षा तीसरी में अध्ययनरत छात्र अमृत साय के सर्प दंश की सूचना उच्चाधिकारियों को विलम्ब से दिया गया।

परिसर की देख-रेख करने में लापरवाही बरती गई। नियमित रूप से परिसर की साफ-सफाई नहीं कराई गई। छात्र के इलाज में देरी की गई जिसके कारण छात्र का निधन हो गया। अतः कर्त्तव्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरते जाने के कारण से छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (1) (क) के तहत श्री ठाकुर दयाल सिंह, शिक्षक (एलबी), प्रभारी अधीक्षक, शासकीय अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम, बगिया, विकास खण्ड-कांसाबेल, जिला-जशपुर (छग) को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री ठाकुर दयाल सिंह को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा इनका मुख्यालय कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, कांसाबेल, जिला-जशपुर (छ.ग.) निर्धारित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।



परिजन को सांत्वना देते जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय।

### कांसाबेल के प्रभारी मंडल संयोजक को नोटिस

कलेक्टर रोहित व्यास ने फकीर राम यादव प्रभारी मण्डल संयोजक, विकास खण्ड-कांसाबेल, जिला-जशपुर (छग) को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया। पत्र में उल्लेख है कि ग्रीष्म ऋतु के पश्चात दिनांक 15.06.2025 से विभागीय छात्रावास व आश्रमों का संचालन किया जा रहा है। वर्षा ऋतु प्रारंभ हो चुकी है, फलस्वरूप छात्रावास-आश्रमों के आस-पास जहरीले जीव-जन्तु घुमते रहने की संभावना रहती है। अनुसूचित जनजाति आश्रम, बगिया का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें आश्रम की खिड़कियों का कांच टूटा हुआ पाया गया। आश्रम परिसर के बाउण्ड्री के किनारे लंबी घांस एवं झाड़ी पायी गई, जिसकी नियमित कटाई-छंटाई नहीं होना पाया गया है। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि आश्रम में निवासरत समस्त छात्रों के बिस्तरों के नीचे साफ-सफाई 03-04 दिनों से नहीं की गई। अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम, बगिया की नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं होने के कारण दिनांक 08.07.2025 को आश्रम में निवासरत कक्षा तीसरी के विद्यार्थी अमृत साय को सांप के काटने से मृत्यु हो गई, जिसकी सूचना आपके द्वारा अपने उच्चाधिकारियों को समय पर नहीं दी गई। आप विकास खण्ड कांसाबेल के प्रभारी मण्डल संयोजक का कार्य सम्पादन कर रहे हैं। उपरोक्त उल्लेखित स्थिति से यह स्पष्ट होता है कि आपके द्वारा नियमित रूप से छात्रावास-आश्रमों का निरीक्षण नहीं किया जाता और न ही छात्रावास आश्रमों के साफ-सफाई एवं व्यवस्था के संबंध में अधीक्षकों को निर्देश दिया जाता है। इस प्रकार आपके द्वारा अपने कर्त्तव्यों एवं दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन नहीं किया जा रहा है।

# वनोपज से वनांचल के लोगों के जीवन में आर्थिक समृद्धि : कश्यप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में गुरुवार को वनोपज राजकीय व्यापार अन्तर्विभागीय समिति (आईडीसी) की 307वीं बैठक नवा रायपुर स्थित मंत्री निवास कार्यालय में हुई। वनोपज राजकीय व्यापार अन्तर्विभागीय समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि बैठक में लिए गए जनकल्याणकारी निर्णयों से राज्य में लघु वनोपजों के व्यापार को ज्यादा मजबूती मिलेगी और वनांचल के लोगों की आय में बढ़ोतरी होगी साथ ही साथ उनके जीवन स्तर में आर्थिक बदलाव भी आयेगा। मंत्री श्री कश्यप ने उम्मीद जताई है कि इससे वनोपज निर्यात को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

### निर्णयों की प्रगति की समीक्षा

वन मंत्री मंत्री ने 306वीं बैठक में लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में वर्ष 2023-24, तथा 2024-25 के लिए भारत सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के अंतर्गत 16 प्रमुख वनोपजों जैसे महुआ फूल, तेंदूपत्ता (बीज रहित), गोंद, हर्रा, बहेरा, चिरौंजी, कोदो, कुल्थी, रागी, गिलोय, कुसुम बीज, बहेड़ा बीज आदि वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी के प्रस्ताव को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसी तरह बैठक में वर्ष 2024-25 एवं 2025 के लिए समर्थन मूल्य योजनांतर्गत वनोपजों की विक्रय दरों के निर्धारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश एवं प्रस्तावों पर भी समिति द्वारा विचार किया गया।

## हिस्ट्रीशीटर बदमाश 16 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

रायपुर। टिकरापारा थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक लाख 66 हजार रुपए कीमत का 16 किलो गांजा जब्त किया है। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ हत्या, मारपीट, लूट, एनडीपीएस सहित कई गंभीर धाराओं के खिलाफ टिकरापारा तथा अन्य थाना क्षेत्रों में अपराध दर्ज है।

मोहम्मद राशिद अली उर्फ राजा बैझड़ को पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। राजा बैझड़ कुछ दिन पूर्व ही जेल जमानत पर छूट कर आया था। पुलिस के अनुसार कमल विहार सेक्टर-4 के एक निर्माणाधीन मकान में राजा बैझड़ ने अपने साथियों के साथ गांजा छिपाकर रखा था। राजा उसी निर्माणाधीन मकान से चोरी छिपे पान ठेला तथा अपने गुर्गों के माध्यम से गांजा बेचने का काम कर रहा था। जेल से छूटने के बाद पुलिस राजा की गतिविधियों की लगातार निगरानी कर रही थी। इसी के चलते राजा बैझड़ पुलिस की नजरों से ज्यादा दिन नहीं बच पाया और गांजा के साथ पकड़ा गया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
**निविदा सूचना**

नि.क्रं.11/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025-26 बिलासपुर दिनांक 10/07/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 31/07/2025 को सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | जोन क्रं. 05 कार्यालय में एल्युमिनियम पार्टीशन, पुताेई एवं अन्य निर्माण कार्य। | 3.90 |
| 02 | वार्ड क्रं. 30 राजाराम मंदिर के सामने आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य। | 1.22 |
| 03 | गांधी चौक में बने आइलैण्ड का रिपेयरिंग कार्य। | 1.22 |
| 04 | जोन कार्यालय 05 में स्टेशनरी क्रय करने बाबत्। | 2.00 |

नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

जोन कमिश्नर-5
न.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।



**TRN Energy Private Limited**

Regd. Office: 18 Vasanta Enclave, Rao Tula Ram Marg, New Delhi - 110057 Corporate Office: 7th Floor, Corporate Tower, Ambience Mall NH-8, Gurgaon-122002 (Haryana) Ph: 0124-2719000, Fax: 0124-2719185 Email: trnenergy@acbindia.com; info@trnenergy.com

**Invitation of Bids**

Ref. No.: TRNEPL/CIVIL/2025-26/01 Dated: 09.07.2025

TRN Energy Pvt. Ltd. is having 2x300MW Coal based Thermal Power Plant located near Vill: Bhengari, PO:-Nawapara (Tenda), Tehsil: Gharghoda, Dist: Raigarh in the state of Chhattisgarh. The plant site is well connected with Road Network. Nawapara (Tenda) is on Chhal-Gharghoda road and very near to the plant. The place is around 42KM away from Raigarh and 32KM away from Kharsia, which are the nearest towns.

M/s TRN Energy Pvt. Ltd. invites bids from reputed and experienced vendors for construction of pavement quality cement concrete (PQC) road. The validity of the tender up to 23.07.2025 @14:00hrs. Details are as

| Sl. No. | Description of the Job | Tender ID | Last date of Bid submission |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Pavement Quality Cement Concrete (PQC) Road at 2x300MW TRN Energy TPP Raigarh, Chhattisgarh | 1039 | 23.07.2025 @ 14:00 Hrs |

Detailed scope of work, terms and conditions are furnished in the NIT document. Please visit web site https:// eprocurement. mjunction.in/ epspropartner/openarea/tender-list and refer respective tender Id for qualifying criteria and other details. The complete offer along with technical details should be submitted by the bidder on-line on Mjunction website as per the timeline mentioned in the above table.

Contact details: Name: Sunil Kumar
Contact No. 9868392867
Email Id: sunil.kumar@acbindia.com


# भूले बिसरे सामान की खोज में आरपीएफ बनी हमसफर

हरिभूमि न्यूज: रायपुर।

ट्रेनों में अब चोरी की तुलना में भूलवश सामान छोड़ने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। हर दिन ऐसे यात्री रेलवे व आरपीएफ से संपर्क कर मदद मांग रहे हैं। रायपुर मंडल और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन में रेलवे सुरक्षा बल को इन मामलों में सफलता मिली है। ऑपरेशन अमानत के अंतर्गत वर्ष 2024 से 27 जून 2025 तक कुल 1221 मामलों में 3 करोड़ 86 लाख रुपये से अधिक मूल्य का सामान यात्रियों को सुरक्षित लौटाया गया। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि इनमें 60 प्रतिशत यात्री ट्रेन में सामान भूल गए थे, जबकि लगभग 40 प्रतिशत मामलों में सामान ट्रेन में गुम हो गया था। कुछ यात्रियों ने प्लेटफॉर्म पर भी सामान छोड़ दिया था, जिसे आरपीएफ ने खोजकर उन्हें लौटाया। इस पहल के चलते सैकड़ों यात्रियों को न केवल उनका कीमती सामान मिला, बल्कि उनके चेहरों पर मुस्कान भी लौट आई।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में इस वित्तीय वर्ष अप्रैल-24 से मार्च-25 तक रेल के सुरक्षा बल ने 'ऑपरेशन अमानत' के तहत 1221 यात्रियों को 02 करोड़ 83 लाख 07 हजार 839 रुपये मूल्य व अप्रैल-25 से 27 जून -25 तक रेल के सुरक्षा बल ने 'ऑपरेशन अमानत' के तहत 556 यात्रियों को 01 करोड़ 02 लाख 36 हजार 839 रुपये सहित कुल 3 करोड़ 86 लाख 07 हजार 678 रुपये मूल्य के गुम हुये सामानों को वापस लौटाया है। इसके अंतर्गत बिलासपुर डिविजन में 723 यात्रियों को 01 करोड़ 56 लाख 26 हजार 345 रुपये का, रायपुर डिविजन में 615 यात्रियों को 01 करोड़ 31 लाख 12 हजार 439 रुपये का तथा नागपुर डिविजन में 439 यात्रियों को 98 लाख 68 हजार 894 रुपये का छूटा हुआ सामान वापस लौटाया है।

रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर, रायपुर, नागपुर मंडल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन अमानत के तहत ट्रेनों और स्टेशनों में यात्रियों द्वारा भूलवश छोड़े गए सामान को खोजकर उन्हें सुरक्षित रूप से लौटाया जा रहा है।

रेल मदद, ट्विटर आदि माध्यमों से मिली जानकारी के आधार पर सुरक्षा नियंत्रण कक्ष त्वरित कार्रवाई कर संबंधित रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट को सतर्क करता है। संबंधित पोस्ट के जवान यात्री से समन्वय कर कोच व स्थान पर जाकर सामान बरामद करते हैं और यात्री को बुलाकर कीमती वस्तुएं सौंपते हैं। रेलवे सुरक्षा बल ने रेल मदद के माध्यम से पिछले 2 वर्षों में 1,243 मामलों में उन यात्रियों की मदद की, जो यात्रा के दौरान किसी कारणवश परिजनों का फोन नहीं उठा पाए थे।


**आम सूचना**

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (ICICI Bank) से उन्हें उपलब्ध कराई गई ("सुविधा") में बकाया धनराशि को चुकता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। चूंकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम 23 जुलाई, 2025 को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहृत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन https://gold.samil.in पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे अपराह्न के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाईट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके वैध उतराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्ते लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : बस्तर, छत्तीसगढ़ | |
| 360162001564 | दशमू विश्वकर्मा |
| शाखा का नाम : बिलासपुर-तेलीपारा | |
| 134462002967 | भूपेन्द्र पटेल |
| 134462003155 | राधेश्याम जायसवाल |
| शाखा का नाम : चिरमिरी | |
| 162562002938 | सद्दाम अंसारी |
| शाखा का नाम : दल्ली राजहरा | |
| 197762001183 | सविता मंडावी |
| शाखा का नाम : धरमजयगढ़, छत्तीसगढ़ | |
| 372362000589 | जोगेन्द्र एक्का |
| शाखा का नाम : जगदलपुर | |
| 108562011302 | तारा कुशवाहा |
| 108562011357 | महादेव बघेल |
| 108562011363 | शोभा रानी नाग |
| 108562012412 | अल्पीयास बघेल |
| 108562012416 | अशोक कुमार दीवान |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : जगदलपुर II | |
| 443162000456 | अंकुर सिकदर |
| 443162001177 | फगनू राम बघेल |
| शाखा का नाम : कांकेर, छत्तीसगढ़ | |
| 371762002835 | मुकेश निषाद |
| शाखा का नाम : कवर्धा | |
| 098762001243 | रेखा सिंह |
| शाखा का नाम : खैरागढ़ | |
| 786162000131 | अजय कुमार सिंह |
| शाखा का नाम : खरसिया | |
| 202262003104 | रामेश्वर प्रसाद राठिया |
| शाखा का नाम : कोण्डागांव, छत्तीसगढ़ | |
| 328162002182 | बृजलाल भारद्वाज |
| 328162005764 | लोमन सिंह नेताम |
| शाखा का नाम : नागरनार | |
| 263962003158 | गीता दास |
| 263962003170 | संगीता बैरागी |
| 263962003171 | रामावतार बैरागी |
| शाखा का नाम : परसदा | |
| 435262000619 | अमर कुमार गोस्वामी |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : पत्थलगांव | |
| 782162000085 | तृप्ति पाण्डेय |
| शाखा का नाम : रायपुर-लाभांडी | |
| 478162000034 | तरूण प्रकाश झा |
| शाखा का नाम : रायपुर-फाफाडीह | |
| 438662000754 | अशलेस भाई वडालिया |
| शाखा का नाम : रायपुर-कचना | |
| 553062000024 | मनोज कुमार अग्रवाल |
| शाखा का नाम : रायपुर-पंडरी | |
| 134762002045 | कैलाश सोहन पाल |
| शाखा का नाम : सक्ती | |
| 444562000131 | समीर कुमार मनहर |
| शाखा का नाम : सारंगढ़, छत्तीसगढ़ | |
| 371862002443 | भूपेन्द्र भारद्वाज |
| शाखा का नाम : सूरजपुर | |
| 749662000720 | आदेश कुमार यादव |
| शाखा का नाम : रायघर, ओड़िशा | |
| 326262004979 | देबाशीस दास |

दिनांक : 12.07.2025
स्थान : बस्तर, रायगढ़, रायपुर, कोंडागांव, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, जशपुर, सक्ती, बालोद, सारंगढ़-बिलाईगढ़, भिलाई महासमुंद, उत्तर बस्तर कांकेर, बिलासपुर, बलौदाबाजार, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, सूरजपुर

सही - प्राधिकृत अधिकारी
कृते, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)**
www.pmfby.gov.in
UNI : IRDAN126RP0001V01201617

''किसान भाई-बहनों के लिए आवश्यक सूचना'' खरीफ-2025 फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

भारत सरकार की इस योजना को छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी® (AIC) द्वारा खरीफ 2025 में छत्तीसगढ़ के 10 जिलों (धमतरी, जशपुर, कोरबा, नारायणपुर, राजनांदगाव, खैरागढ़-छुईखदान-गडई, कोंडागाव, महासमुंद, रायगढ़, सुरजपुर) में संचालित की जा रही है।

अधिसूचित फसलें खरीफ : ग्राम स्तर पर - धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन
राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर - मूंगफली, तुअर (अरहर), मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी (मड़वा)

**योजना की विशेषताएँ**

- आवरण किये जाने वाले किसान : अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी किसान - ऋणी एवं अऋणी किसान।
- ऋणी किसान : ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हे भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्र (Opting-out form) के अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र खरीफ मौसम के लिये पूरे वर्ष के दौरान किसी भी समय लेकिन किसानों के नामांकन के लिए तय की गई तिथि खरीफ के लिए 31 जुलाई 2025 से कम से कम 7 दिन पहले तक, संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत/नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जायेगा।
- अऋणी किसान : अऋणी किसान इस योजना के तहत निकटतम बैंक शाखा/समिति, CSC, डॉकघर और राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (NCIP) के माध्यम से अपना नामांकन करा सकते हैं। साथ ही अऋणी किसान को प्रस्ताव पत्र के साथ निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा :-
- जरूरी दस्तावेज : 1) नवीनतम आधार कार्ड की कॉपी, 2) नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी, 3) बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट नंबर/आईएफएससी कोड/बैंक का पता साफ दिख रहा हो, 4) फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, 5) किसान का वैध मोबाईल नंबर, 6) बटाईदार/कास्तकार/साझेदार किसानों के लिए- फसल साझा/कास्तकार का घोषणा पत्र।
- बीमित फसलों में परिवर्तन : ऋणी किसान अपने बीमित फसलों में परिवर्तन करा सकते हैं इसके लिये खरीफ मौसम में नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 से दो कार्य दिवस पूर्व इस बात की सूचना संबंधित बैंक शाखा में दे सकते हैं।

**आधार अनिवार्य** किसान भाइयों से अनुरोध है की वो अपना आधार खरीफ के लिए 31.07.2025 से पूर्व, बैंक में अपडेट करालें। फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणीकरण के बीमा मान्य नहीं होगा।

**आवरित जोखिम**

| अधिसूचित क्षेत्र आधार पर | व्यक्तिगत खेत आधार पर |
|---|---|
| क) बुवाई/रोपाई नहीं होने पर : प्रतिकूल मौसम अवस्थाओं के कारण अधिसूचित क्षेत्र के 75% क्षेत्र में बुवाई न होने पर बीमित राशि का अधिकतम 25% तक क्षतिपूर्ति। केवल धान (सिंचित, असिंचित) एवं चना फसल के लिए लागू है। | क) स्थानीय आपदाएं : ओलावृष्टि, जलप्लावन (धान सिंचित एवं असिंचित फसलो में जलप्लावन से होने वाली क्षति इस घटक में शामिल नहीं है), बादल फटना और प्राकृतिक आकाशीय बिजली के कारण खड़ी फसल का नुकसान होना। |
| ख) फसल कटनी प्रयोग आधार पर : प्रत्येक अधिसूचित ग्राम में 04 एवं राजस्व निरीक्षक मंडल में 10 फसल कटनी प्रयोग द्वारा व्यापक आधार पर आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण उपज में होने वाले नुकसान का आंकलन। | ख) फसल कटाई के उपरान्त नुकसान : खेत में काटकर व फैलाकर/छोटे गठरो में बांधकर सुखाने हेतु रखी गयी फसलों को फसल कटाई के पश्चात् केवल 14 दिनों के अधिकतम अवधि में- ओलावृष्टि, चक्रवात, चक्रवाती बारिश और बेमौसमी बारिश से हानि होने की स्थिति में। |
| अधिसूचित क्षेत्र आधार पर- फसल कटाई प्रयोग से क्षति निर्धारण :- किसान के द्वारा प्रीमियम राशि देय मात्र से दावा राशि की पात्रता नही बनती है और न ही अकाल, सुखा अनावरी रिपोर्ट के आधार पर निर्धारण किया जाता है। जबकि योजनांतर्गत बीमा दावा का निर्धारण बीमित ग्राम, राजस्व निरीक्षक मंडल एवं फसल में ग्रामीण कृषि विस्तार एवं पटवारी अधिकारी के द्वारा आयोजित ग्राम स्तर पर 4 एवं राजस्व मंडल स्तर पर 10 फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त वास्तविक उपज का थ्रेशहोल्ड उपज से तुलना उपरांत बीमा कंपनी द्वारा देय होता है। जितना प्रतिशत उपज में कमी आती है, उनके मान से दावा राशि प्रदान किया जाता है। | स्थानीय आपदाएँ एवं फसल कटाई उपरान्त नुकसान होने पर 72 घंटो के भीतर अपनी फसल के नुकसान की सूचना यहाँ दें :- राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ। लोक सेवा केन्द्र (CSC)। भारत सरकार की क्रॉप इंश्योरेंस ऐप। जिला/तहसील स्तर के कृषि/राजस्व कार्यालय। बीमा कंपनी एवं भारत सरकार के टोल फ्री नम्बर। नोट :- हानि का मूल्यांकन व्यक्तिगत खेत सर्वे या सेम्पल सर्वे द्वारा किया जाएगा। |



**खरीफ**

| | |
|---|---|
| 1. किसान द्वारा देय प्रीमियम दर (बीमित राशि का) | 2% |
| 2. बैंक/प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति/लोक सेवा केन्द्र/ऑनलाईन पंजीकरण/बीमा अभिकर्ता/डॉक विभाग इत्यादि द्वारा सभी ऋणी कृषकों तथा अऋणी कृषकों (प्रस्ताव पत्र के साथ) बीमा कराने/प्रीमियम जमा/खाते से प्रीमियम कटौती/बीमा कराने की अंतिम तिथि | 31/07/2025 |

- किसान भाईयों से आग्रह है कि फसल बीमा की खरीफ मौसम के लिए अंतिम तिथि 31-07-2025 से पूर्व निकटतम राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ/लोक सेवा केन्द्र (CSC)/भारत सरकार की बीमा पोर्टल/डॉक विभाग के माध्यम से फसल का बीमा करा सकते हैं।
- योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए राज्य सरकार की अधिसूचना देखे एवं उद्यानिकी/कृषि/राजस्व अधिकारी/बैंक/CSC एवं ए.आई.सी क्षेत्रीय/जिला/तहसील कार्यालय से संपर्क करें

HO/25-26/1A/11

भारतीय कृषि बीमा कंपनी® | AGRICULTURE INSURANCE COMPANY OF INDIA LTD.
क्षेत्रीय कार्यालय: एल.आई.सी. इनवेस्टमेंट बिल्डिंग, फेस-2, द्वितीय तल, पंडरी, रायपुर- 492004 (छ.ग.)
फोन/फैक्स: 0771-4306605 ई-मेल: ro.raipur@aicofindia.com Website : www.aicofindia.com
पंजीकृत कार्यालय: प्लेट बी और सी, 5वीं मंज़िल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023.
सीआईएन: U74999DL2002PLC118123, आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 126
aicofindialtd aicofindia aicofindia

कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447

फसल हो या कृषि संपदा। बीमा सुरक्षा हमारा वादा ॥

विज्ञापन मात्र (नियम एवं शर्तें लागू)

## खबर संक्षेप

### पीसी ज्वेलर को 500 करोड़ की इक्विटी जुटाने मंजूरी



**नई दिल्ली।** पीसी ज्वेलर लिमिटेड के निदेशक मंडल ने इस वर्ष के अंत तक कर्ज मुक्त होने की अपनी योजना के तहत अपने ऋण का पूर्व भुगतान करने को प्रवर्तकों और कैपिटल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड से 500 करोड़ रुपये की इक्विटी जुटाने की योजना को मंजूरी दे दी है। दिल्ली स्थित पीसी ज्वेलर के कुल 52 शोरूम हैं, जिनमें से 49 कंपनी के स्वामित्व वाले हैं।

### डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 85.77 पर बंद



**मुंबई।** अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 85.77 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कमजोर घरेलू बाजार और व्यापार शुल्क अनिश्चितता के बीच रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडाई वस्तुओं पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने से वैश्विक बाजार की धारणा प्रभावित हुई।

### निप्पॉनप्लाई विस्तार पर करेगी 250 करोड़ रु. निवेश

**नई दिल्ली।** गुजरात की निप्पोनप्लाई इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को कहा कि वह निर्यात के लिए उत्पादन बढ़ाने, ई-कॉमर्स बुनियादी ढांचे के विकास और डिजाइन केंद्र स्थापित करने के लिए अगले तीन वर्ष में 250 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी पैनल और फर्नीचर विनिर्माण विस्तार में 65 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।

### इरेडा का लाभ जून तिमाही में घटकर 36 प्रतिशत रहा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लि. (इरेडा) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 36 प्रतिशत घटकर 247 करोड़ रुपये रहा है।ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। एक साल पहले 2024-25 की इसी तिमाही में कंपनी ने 384 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### टाटा एलेक्सी का मुनाफा घटकर 144.3 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** डिज़ाइन और प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा एलेक्सी का चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 21.5 प्रतिशत घटकर 144.36 करोड़ रुपये रहा है। व्यापक आर्थिक अनिश्चितता, निर्णय लेने को प्रभावित करने वाले उद्योग-विशिष्ट मुद्दों के कारण कंपनी का मुनाफा घटा है। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। एक साल पहले इसी अवधि में कंप नी ने 184.07 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था।

# टेस्ला की भारत में दस्तक, मुंबई में 15 जुलाई को खोलेगी स्टोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माता टेस्ला अगले हफ्ते मुंबई के बांद्रा कुर्ला परिसर में अपना पहला 'एक्सपीरियंस सेंटर' खोलेगी। कंपनी इसके उद्घाटन के साथ भारतीय बाजार में औपचारिक रूप से प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

- चीन स्थित संयंत्र से भारत में पहली खेप उतार चुकी

जाने-माने उद्योगपति एलन मस्क के नेतृत्व वाली इस कंपनी ने 15 जुलाई को होने वाले उद्घाटन समारोह को 'भारत में टेस्ला की शुरुआत' के रूप में पेश करते हुए चुनिंदा आमंत्रण भेजे हैं। इस बारे में फिलहाल टेस्ला से टिप्पणी नहीं मिल पायी है।

## मुंबई के बांद्रा कुर्ला परिसर में पहला 'एक्सपीरियंस सेंटर' खोलेगी

### भारत अपनी नीतियों में बदलाव नहीं करेगा

हालांकि, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इसी वर्ष कहा था कि भारत अपनी नीतियों को टेस्ला के अनुरूप नहीं बनाएगा। उन्होंने कहा था कि इस संबंध में कानून और शुल्क नियम, दुनिया भर के सभी ईवी विनिर्माताओं को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में आधार स्थापित करने के लिए आकर्षित करने को तैयार किए जाएंगे।




### कंपनी शुल्क रियायत की मांग कर रही थी

टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने पिछले साल अप्रैल में कहा था कि कंपनी के भारी दायित्वों के कारण उनकी भारत यात्रा में देरी हुई है। इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी शुरुआती शुल्क रियायत की मांग कर रही थी जिससे उसे 40,000 डॉलर से कम कीमत वाली कारों के लिए 70 प्रतिशत और अधिक मूल्य वाली कारों के लिए 100 प्रतिशत सीमा शुल्क की भरपाई करने की अनुमति मिल सके।

### गोदाम पांच साल के लिए पट्टे पर लिया

उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, ऑस्टिन स्थित कंपनी ने अपने चीन स्थित संयंत्र से कारों की पहली खेप 'मॉडल वाई' रियर-व्हील ड्राइव एसयूवी पहले ही बाजार में उतार दी है। टेस्ला इंडिया ने पिछले महीने मुंबई के लोढ़ा लॉजिस्टिक पार्क में 24,565 वर्ग फुट के गोदाम क्षेत्र को पांच साल की अवधि के लिए पट्टे पर लिया था।

### भारत में कारों के विनिर्माण में रुचि नहीं

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने जून में कहा था कि इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी भारत में कारों के विनिर्माण में रुचि नहीं रखती, बल्कि देश में शोरूम स्थापित करने की इच्छुक है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर टेस्ला भारत के शुल्क से बचने के लिए भारत में कारखाना लगाती है, तो यह अमेरिका के लिए 'अनुचित' होगा।

## पीएम ई-ड्राइव पहल के तहत ईवी ट्रकों की खरीदी पर प्रोत्साहन मिलेगा

# सरकार ने इलेक्ट्रिक ट्रक को बढ़ावा देने शुरू की योजना, 9.6 लाख रुपए तक मिलेगा प्रोत्साहन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने सरकार की पीएम ई-ड्राइव पहल के तहत इलेक्ट्रिक ट्रकों की खरीद पर ग्राहकों को 9.6 लाख रुपये तक के प्रोत्साहन देने की योजना शुक्रवार को शुरू की। यह पहली बार है जब इलेक्ट्रिक ट्रक की खरीद को बढ़ावा देने के लिए योजना लायी गयी है।

इस योजना के तहत 10,900 करोड़ रुपये के बजट में से 500 करोड़ रुपये इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए निर्धारित किए गए हैं। बंदरगाह, लॉजिस्टिक, सीमेंट और इस्पात सहित अन्य उद्योग इस योजना के प्रमुख लाभार्थी होंगे। इसके तहत 5,600 इलेक्ट्रिक ट्रकों को समर्थन देने की योजना है।

### डीजल ट्रक की कुल तीन फीसदी हिस्सेदारी

कुमारस्वामी ने कहा, '' कुल वाहन संख्या में डीजल ट्रक की केवल तीन प्रतिशत हिस्सेदारी होने के बावजूद परिवहन-संबंधी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में इसका योगदान 42 प्रतिशत है। ये वायु प्रदूषण को काफी बढ़ा देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व द्वारा निर्देशित यह, इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए पहली योजना है।

- पहली बार इलेक्ट्रिक ट्रक की खरीद बढ़ाने योजना लाई गई
- योजना के तहत 10,900 करोड़ के बजट से 500 करोड़ ट्रकों के लिए निर्धारित



### लॉजिस्टिक लागत होगी कम

कुमारस्वामी ने बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि यह प्रयास 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देगा, स्थानीयकरण को प्रोत्साहित करेगा, लॉजिस्टिक लागत को कम करेगा और ईवी एवं बैटरी मूल्य श्रृंखलाओं में हरित रोजगार सृजित करेगा।

### प्रोत्साहन पाने पुराने ट्रकों को हटाना जरूरी

अधिकारियों ने कहा कि इस योजना में दिल्ली में पंजीकृत करीब 1,100 ई-ट्रक के लिए प्रोत्साहन राशि आरक्षित है। इससे राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के समाधान में मदद मलेगी। इसके लिए करीब 100 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। ई-ट्रकों के लिए प्रोत्साहन प्राप्त करने हेतु पुराने प्रदूषणकारी ट्रकों को हटाना अनिवार्य है।

### फेम योजना में इलेक्ट्रिक ट्रकों का कोई घटक नहीं था

भारी उद्योग मंत्रालय में सचिव कामरान रिजवी ने कहा, '' फेम योजना में इलेक्ट्रिक ट्रकों का कोई घटक नहीं था और यह पहली बार है कि सरकार ग्राहक-केंद्रित इलेक्ट्रिक ट्रक योजना शुरू कर रही है... इसका मतलब है कि 'पीएलआई वाहन' योजना के तहत इलेक्ट्रिक ट्रक विनिर्माता प्रोत्साहन के पात्र हैं। यह एक ऐसी योजना है जिसमें हम ग्राहकों को उचित सब्सिडी प्रदान करके सीधे इलेक्ट्रिक ट्रक खरीदने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं..।

### 12 से 55 टन तक जीवीडब्ल्यू ट्रक शामिल

इस योजना के तहत, केंद्रीय मोटर वाहन नियमों (सीएमवीआर) के तहत परिभाषित एन2 और एन3 श्रेणी (मध्यम एवं भारी माल ढुलाई के लिए) के इलेक्ट्रिक ट्रकों पर भी मांग प्रोत्साहन लागू किया जाएगा। एन2 श्रेणी में 3.5 टन से अधिक और 12 टन तक के सकल वाहन भार (जीवीडब्ल्यू) वाले ट्रक शामिल हैं जबकि एन3 श्रेणी में 12 टन से अधिक और 55 टन तक के जीवीडब्ल्यू वाले ट्रक शामिल हैं।

### बैटरी के लिए पांच साल की वारंटी शामिल होगी

इलेक्ट्रिक ट्रकों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए विनिर्माता एक व्यापक विनिर्माता-समर्थित वारंटी प्रदान करेंगे। इसमें बैटरी के लिए पांच साल या पांच लाख किलोमीटर की वारंटी शामिल होगी जबकि वाहन एवं मोटर के लिए वारंटी पांच साल या 2.5 लाख किलोमीटर (जो भी पहले हो) होगी। कई मूल उपकरण विनिर्माताओं ने भारत में इलेक्ट्रिक ट्रकों का विनिर्माण शुरू कर दिया है।

# आरबीआई ने एचडीएफसी बैंक और श्रीराम फाइनेंस पर लगाया जुर्माना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने ग्राहक को ऋण देते समय भारत में विदेशी निवेश से संबंधित कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक पर 4.88 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने 'भारतीय रिजर्व बैंक (डिजिटल ऋण) निर्देश, 2025' के कुछ प्रावधानों का पालन न करने के लिए गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड पर भी 2.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

एचडीएफसी बैंक पर जुर्माने के संबंध में आरबीआई ने कहा कि उसने बैंक को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया था, जिसके जवाब में बैंक ने लिखित उत्तर और मौखिक रूप से भी स्पष्टीकरण दिया था। आरबीआई ने कहा, "मामले के तथ्यों और एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा दिए गए जवाब पर विचार करने के बाद, भारतीय रिजर्व बैंक इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि उल्लंघन सिद्ध हो गए हैं और जुर्माना लगाना उचित है। आरबीआई द्वारा 31 मार्च, 2024 तक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में श्रीराम फाइनेंस का वैधानिक निरीक्षण किया गया था।




- मानदंड़ों के उल्लंघन के लिए एचडीएफसी बैंक पर 4.88 लाख का जुर्माना
- श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड पर भी 2.70 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

### ऋण भुगतान तीसरे पक्ष के खाते से किया

आरबीआई ने कहा कि कंपनी ने ऋण भुगतान तीसरे पक्ष के खाते के माध्यम से किया, जबकि ऋण की राशि सीधे कंपनी के खाते में जमा की गयी थी। दोनों मामलों में, केंद्रीय बैंक ने कहा कि दंड नियामकीय अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य संस्थाओं द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी लेनदेन या समझौते की वैधता पर निर्णय देना नहीं है।


# आईटी, वाहन शेयरों में बिकवाली से तीसरे दिन सेंसेक्स 690 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मिले-जुले वैश्विक रुझानों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वाहन और बिजली शेयरों में भारी बिकवाली के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 690 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 205 अंकों की गिरावट आई।

वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच अमेरिकी शुल्क को लेकर जुड़ी अनिश्चितताओं ने भी निवेशकों की धारणा पर असर डाला।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 689.81 अंक गिरकर 82,500.47 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 205.40 अंक यानी 0.81 प्रतिशत गिरकर 25,149.85 अंक पर बंद हुआ।



- वैश्विक बाजार में मिलाजुला रूख रहा

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का शेयर जून तिमाही के नतीजे आने के बाद 3.46 प्रतिशत नुकसान में रहा। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस ने जून तिमाही में शुद्ध लाभ छह प्रतिशत बढ़कर 12,760 करोड़ रुपये हो जाने की सूचना दी है।

### आईटी सूचकांक का प्रदर्शन कमजोर रहा

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"जून तिमाही के नतीजों की घोषणा की धीमी शुरुआत और अमेरिका द्वारा कनाडा पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने की चेतावनी से घरेलू बाजार में गिरावट दर्ज की गई।/" नायर ने कहा, आईटी कंपनियों को ऑर्डर मिलने और नए निवेश में देरी के कारण आईटी सूचकांक का प्रदर्शन कमजोर रहा।

# सोना 700 रुपए मजबूत, चांदी में 1,500 रुपए प्रति किग्रा की तेजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत शुक्रवार को 700 रुपये बढ़कर 99,370 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वैश्विक व्यापार तनाव बढ़ने से निवेशकों में चिंता के बीच सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग बढ़ने से इसकी कीमत में तेजी आई है।

- सोना बढ़कर 99,370 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी की कीमत भी 1,500 रुपए बढ़कर 1,05,500 प्रति किलोग्राम

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपये बढ़कर 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। पिछले बाजार बंद के समय यह 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, शुक्रवार को चांदी की कीमत भी 1,500 रुपये बढ़कर 1,05,500 रुपये प्रति किलोग्राम



(सभी करों सहित) हो गईं। बृहस्पतिवार को चांदी 1,04,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बढ़ती व्यापार चिंताओं ने आम तौर पर स्थिर अमेरिकी डॉलर के संतुलित रुख को बिगाड़ दिया, जिससे शुक्रवार को सोने की कीमतों में तेजी आई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हाल में शुल्क संबंधी चेतावनियों के कारण वैश्विक जोखिम धारणा में कमी आई। इससे वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंका बढ़ गई।''

### *शुल्क संबंधी अनिश्चितता सामने आई*

*राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक अगस्त से कनाडा से आयातित वस्तुओं पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है और अन्य व्यापारिक साझेदारों पर 15 से 20 प्रतिशत शुल्क लगाने की योजना का संकेत दिया है। गांधी ने कहा कि शुल्क संबंधी अनिश्चितता इस सप्ताह फिर से सामने आई है और यह सुरक्षित निवेश वाली कीमती धातुओं की ओर निवेश को बढ़ावा देने वाला एक प्रमुख कारक है।*

# टाइटन कंपनी के अजय चावला होंगे प्रबंध निदेशक

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की टाइटन कंपनी लिमिटेड ने शुक्रवार को शीर्ष प्रबंधन में बदलाव की घोषणा की। इसके तहत अजय चावला एक जनवरी, 2026 से कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) बनेंगे। वह सी के वेंकटरमन का स्थान लेंगे। टाइटन कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चावला फिलहाल कंपनी के आभूषण खंड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हैं। कंपनी ने बताया कि तनिष्क इंडिया के कारोबार प्रमुख अरुण नारायण एक जनवरी, 2026 से इसके आभूषण प्रभाग के सीईओ बन जाएंगे। जबकि वर्तमान में कंपनी के अंतरराष्ट्रीय कारोबार प्रभाग के सीईओ कुरुविल्ला मार्कोस 13 अगस्त, 2025 से घड़ी इकाई के सीईओ के रूप में सुपर्णा मित्रा का स्थान लेंगे।




### बिड़ला यूएसआईएसपीएफ के निदेशक मंडल में शामिल

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला को अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के निदेशक मंडल में शामिल किया गया है। यूएसआईएसपीएफ ने शुक्रवार को बताया कि वह निदेशक मंडल की कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में भी काम करेंगे। यूएसआईएसपीएफ की कार्यकारी समिति में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात है। काफी कम समय में, यूएसआईएसपीएफ अमेरिका और भारत के बीच रणनीतिक एवं आर्थिक संबंधों को आकार देने तथा उन्हें मजबूत करने का एक शक्तिशाली मंच बन गया है। दोनों देशों के बीच संवाद, सहयोग और विश्वास को बढ़ावा देने के इसके कार्यों ने सार्थक बदलाव लाया है।

## पतंजलि योगपीठ में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, आस्था और भव्यता के साथ मनाया गया। पतंजलि वैलनेस, योगपीठ-2 स्थित योगभवन ऑडिटोरियम में आयोजित इस विशेष आयोजन में संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव और महामंत्री आचार्य बालकृष्ण के सान्निध्य में देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण द्वारा एक-दूसरे को माल्यार्पण कर की। अपने संबोधन में स्वामी रामदेव ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल पर्व नहीं, बल्कि सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित



करने का अवसर है। वेद, ऋषि और गुरु की परंपरा में राष्ट्र धर्म भी समाहित है। भारत को विश्वगुरु बनाने का मार्ग इन्हीं परंपराओं से होकर जाता है। वहीं, आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि गुरु पूर्णिमा की सार्थकता तभी है जब हम अपने गुरु के प्रति पूर्ण आस्था रखते हुए उनके बताए मार्ग पर चलें। उन्होंने योग, आयुर्वेद और वैदिक ज्ञान के माध्यम से भारत को फिर से विश्वगुरु बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ की सभी इकाइयों के सेवाप्रमुख, संन्यासीगण, विभागाध्यक्ष, प्रभारीगण, तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कंपनी ने गैलेक्सी फोल्ड जेड7 और फ्लिप7 के नवीन संस्करण उतारे

# सैमसंग वर्ष अंत तक 'ट्राई-फोल्ड' स्मार्टफोन करेगी पेश

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

दक्षिण कोरिया की प्रमुख स्मार्टफोन कंपनी सैमसंग एक 'ट्राई-फोल्ड' (दो स्थान से मुड़ने वाले) फोन पर काम कर रही है, जिसे इस साल के अंत तक बाजार में उतारने की योजना है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

- गैलेक्सी जेड फोल्ड7 की कीमत 1.75 लाख रुपए से 2.11 लाख रुपए तक

सैमसंग ने प्रीमियम खंड में अपने 'फोल्डेबल' (मुड़ने वाले) गैलेक्सी फोल्ड जेड7 और फ्लिप7 के नवीनतम संस्करण पेश किए हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के उत्पाद योजना खंड के उपाध्यक्ष मिन्सोएक कांग ने बताया कि कंपनी अब ट्राई-फोल्ड पर काम कर रही है।

### *जेड फ्लिप7 का मूल्य 89,000 से शुरू*

*सैमसंग ने बताया कि गैलेक्सी जेड फोल्ड7 की कीमत 1.75 लाख रुपये से 2.11 लाख रुपये तक है। गैलेक्सी फ्लिप7 की कीमत 1.10 लाख रुपये से 1.22 लाख रुपये रखी गई है। गैलेक्सी जेड फ्लिप7 एफई का मूल्य 89,000 रुपये से 95,999 रुपये तक है।*



### *सबसे पतला और हल्का स्मार्टफोन*

*कंपनी ने बताया कि गैलेक्सी जेड फोल्ड सीरीज की सातवीं पीढ़ी का 'फोल्ड7' सब से पतला और हल्का स्मार्टफोन है। कंपनी ने कहा कि भारतीय बाजार में 1,000 डॉलर से ज्यादा कीमत वाले स्मार्टफोन के 'सुपर-प्रीमियम'' खंड में सैमसंग की टक्कर अमेरिकी कंपनी एप्पल के आईफोन से है।*

### बेहतर फीचर्स शामिल है

इससे पहले सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने गैलेक्सी सीरीज़ में तीन नए मॉडल पेश करने की घोषणा की। इनमें चौड़ी स्क्रीन, कम वजन, 200 मेगापिक्सल का कैमरा और कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित कई बेहतर फीचर शामिल हैं। कंपनी ने यहां ब्रुकलिन में गैलेक्सी जेड फोल्ड7, गैलेक्सी जेड फ्लिप7 और गैलेक्सी जेड फ्लिप7 एफई पेश किए।

### कंपनी का ध्यान पूर्णता की ओर

कंपनी उत्पाद की पूर्णता पर ध्यान केंद्रित कर रही है और ट्राईफोल्ड उपकरण के व्यावसायीकरण पर काम कर रही है। कांग ने कहा, "ट्राईफोल्ड की बात करें तो यह उपकरण विकास के चरण में है।"

### साल के अंत तक बाजार में उतारना

उन्होंने कहा, "हम इस उपकरण के व्यावसायीकरण के अंतिम निर्णय के लिए प्रमुख बिंदुओं का मूल्यांकन कर रहे हैं। मैं कह सकता हूं कि हमारा लक्ष्य इस उपकरण को इस साल के अंत तक बाजार में उतारना है।"

## शिक्षा संबल योजना में आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**कोटा।** एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास एवं एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में संचालित शिक्षा संबल योजना में आवेदन की अंतिम तिथि अब 15 जुलाई कर दी गई है। इस योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को नीट-2026 की तैयारी के लिए एलन कोटा में निशुल्क कोचिंग तथा भोजन और आवास की सुविधा प्रदान की जाएगी। न्यास के ट्रस्टी डॉ. नवीन माहेश्वरी ने बताया कि देशभर से विद्यार्थियों के उत्साह को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इस योजना का लाभ उठा सकें। चयन परीक्षा 20 जुलाई को देश के सात हिन्दी भाषी राज्यों के 63 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। यह योजना



खासतौर पर ऐसे विद्यार्थियों के लिए है, जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में जीव विज्ञान विषय से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की है और जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय तीन लाख रुपए से कम है। योजना के तहत कुल 126 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा, जिनमें 81 छात्राएं और 45 छात्र शामिल होंगे।

चयनित विद्यार्थियों को नीट जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी का सुनहरा अवसर मिलेगा।

# गिरोह बनाकर चोरी, आधा दर्जन गिरफ्तार, 26 तोला सोना, एक किलो चांदी जब्त

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

राजधानी के आउटर थाना क्षेत्र में सक्रिय होकर सूने मकानों में चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह के आधा दर्जन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चोरी का माल खरीदने वाला भी शामिल है। पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने 18 चोरी की घटना का पर्दाफास किया है। चोरों के कब्जे से पुलिस ने 26 तोला सोना तथा एक किलो चांदी के जेवर, नकदी सहित 30 लाख रुपए का चोरी का माल जब्त किया है।

मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि चोरी के आरोप में सागर नगरहा (देवार), भूपेन्द्र साहू, शुभांकर पटेल (देवार), रवि नेताम (देवार), करण ध्रुव (देवार) तथा चोरी का माल खरीदने के आरोप में सुरेश सोनझरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन चोरों को गिरफ्तार किया है, उन लोगों ने मुजगहन, अभनपुर, विधानसभा, पंडरी, खम्हारडीह एवं डीडी नगर की आवासीय कालोनी को निशाना बनाकर चोरी की थी।

## घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों की पुलिस कर रही पतासाजी

### चोरों के पकड़े जाने के बाद एफआईआर

पिछले सप्ताह मुजगहन थाना क्षेत्र के काठाडीह तथा हाउसिंग बोर्ड कालोनी में रहने वाले अमर दीक्षित, खिलेंद्र साहू तथा विमल मिश्रा के सूने मकान में एक लाख रुपए से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी की चोरी हुई थी। तब पुलिस ने पीड़ितों को चोरों को जल्द पकड़ने का आश्वासन देकर उनसे आवेदन लेकर एफआईआर दर्ज नहीं की थी। चोरों के पकड़े जाने पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

### रैकी करने के बाद चोरी

पुलिस के अनुसार चोर चोरी करने से पहले अलग-अलग क्षेत्र में घूम-घूमकर रैकी करते थे। जिस घर का दरवाजा बंद मिलता था, दूसरे दिन उस घर को पुनः देखने के लिए जाते थे। इस दौरान दूसरे दिन भी घर का दरवाजा बंद मिलता था। उसके बाद चोर गिरोह में शामिल बदमाश एक दूसरे के पास इसकी जानकारी साझा कर वहां चोरी करने के लिए जाते थे।

### सौ से ज्यादा सीसीटीवी का अवलोकन

पुलिस ने जांच में पाया कि जिन 18 सूने मकानों में चोरी हुई थी, उन सभी में एक ही पैटर्न में ताला तोड़ने के साथ अलमारी का लॉक तोड़ा गया था। इसके बाद पुलिस ने चोरी की घटना को सुलझाने जिन मकानों में चोरी हुई थी, उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। पड़ताल में चोर अपने चेहरों पर नकाब बांधे मिले। सभी फूटेज में बदमाश एक ही कद काठी के दिखे। इसके बाद पुलिस ने पुराने चोरों की हिस्ट्री खंगाली और हाल के दिनों में जेल से छूटकर आए चोरों के बारे में जानकारी हासिल की। इसके बाद पुलिस ने चोरी के आरोप में पूर्व में जेल जा चुके भूपेन्द्र, करण तथा शुभांकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उन लोगों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी करने का अपराध कबूल किया।

# खुफिया कैमरे से रेलवे में बढ़ती चोरियों पर लगेगा ब्रेक, कटनी में शुरू हुई निगरानी



**कटनी आउटर पर लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए रेलवे ने उठाया सख्त कदम**

**रायपुर से कटनी के बीच चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों के सामान चोरी की सामने आ चुकी हैं घटनाएं**

चलती ट्रेनों में यात्रियों से होने वाली छिनैती व चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रेलवे ने नई व्यवस्था बनाई है। कटनी आउटर क्षेत्र में यात्रियों के सामान और मोबाइल फोन चोरी या फिर छीनकर भागने की घटनाएं लगातार बढ़ रही थीं। रायपुर से कटनी के बीच चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों के सामान चोरी के मामले भी सामने आ चुके हैं। अब घटनाओं को रोकने के लिए रेल प्रशासन ने अब सतर्कता बढ़ा दी है।

कटनी-सतना रेलमार्ग पर चोरी पर नियंत्रण पाने के लिए आधुनिक निगरानी तंत्र तैयार किया गया है। इसके तहत कटनी से लेकर सतना आउटर तक के रेलखंड में स्टैंड अलोन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे 24 घंटे निगरानी रखेंगे और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रखेंगे।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इन कैमरों से ट्रेनों की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जा सकेगी। साथ ही, किसी भी आपराधिक घटना के बाद फूटेज के माध्यम से अपराधियों की पहचान करना आसान होगा।

### आरपीएफ तक पहुंचेगी लाइव रिकॉर्डिंग

रेलखंड में स्थापित किए गए सीसीटीवी कैमरे सौर ऊर्जा से संचालित होंगे। यह सीसीटीवी कैमरे चौबीस घंटे काम करेंगे। जीवंत दृश्य के साथ ही श्रव्य भी रिकार्ड करेंगे। इन सीसीटीवी कैमरों को पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय के नियंत्रण कक्ष से जोड़ा गया है। संबंधित क्षेत्र के रेल सुरक्षा बल पोस्ट तक भी इन सीसीटीवी कैमरों की लाइव रिकॉर्डिंग पहुंचेगी। पश्चिम मध्य रेल की इस पहल ने संवेदनशील खंड में निवारक निगरानी और खुफिया-आधारित पुलिसिंग को काफी मजबूत किया है। कैमरों की निगरानी में अब दोनों स्टेशनों के यार्ड क्षेत्र भी शामिल रहेंगे। अक्सर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म की उपलब्धता न होने के कारण कई ट्रेनें यार्ड में खड़ी की जाती हैं। ऐसे में चोरी और छीनाझपटी जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपी ट्रेन के धीमा होने या रुकने पर यार्ड क्षेत्र में उतरकर फरार हो जाते हैं, जो अब पकड़े जाएंगे।

### असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की तुरंत मिलेगी सूचना

निरंतर हो रही घटनाओं के कारण जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाला कटनी-सतना रेलखंड अब संवेदनशील क्षेत्र बन गया है। इस स्थिति को देखते हुए इस रेलमार्ग पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी का निर्णय लिया गया है। इससे ट्रैक के आसपास की असामान्य गतिविधियों और ट्रेन के निकट असामाजिक तत्वों की हलचल की जानकारी तत्काल मिल सकेगी।


आम सूचना

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में सुविधा में प्रदर्शित धनराशि को चुकता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (ICICI Bank) से उन्हें ("सुविधा") उपलब्ध कराई गई। चूंकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम 23 जुलाई, 2025 को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहृत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन https://jewel-auction.procuretiger.com पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे अपराह्न के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाइट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके वैध उत्तराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्तें लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : रायघर, ओड़िशा | |
| 326262004979 | देबाशीष दास |

दिनांक : 12 .07 .2025
स्थान : छत्तीसगढ़

सही -
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# गारे पेलमा सेक्टर-दो कोल माइंसः समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

**रायगढ़।** महाराष्ट्र राज्य बिजली उत्पादन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) द्वारा छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में विकसित की जा रही गारे पेलमा सेक्टर-दो कोल माइंस परियोजना को सरकार द्वारा सभी आवश्यक स्वीकृतियाँ प्रदान की जा चुकी हैं। अब यह कोयला खदान संचालन के लिए पूरी तरह तैयार है। यह परियोजना भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राज्य में रोजगार और आधारभूत विकास के अवसरों को बढ़ावा देगी।

इस परियोजना के तहत लगभग 655.15 मिलियन टन कोयला भंडार का दोहन किया जाएगा और इसकी अधिकतम उत्पादन क्षमता 23.6 मिलियन मेट्रिक टन प्रति वर्ष है। परियोजना में कुल 7463 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। इसके साथ-साथ, संचालन की अवधि में छत्तीसगढ़ राज्य को लगभग 29 हजार करोड़ का राजस्व विभिन्न मदों जैसे कि रॉयल्टी, जिला खनिज निधि , जीएसटी और अन्य शुल्कों के रूप में प्राप्त होगा। परियोजना के अंतर्गत लगभग 3 हजार 400 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में खनन, परिवहन, निर्माण, खानपान, सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला और अन्य सेवा क्षेत्रों में कई अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। रायगढ़ जिला छत्तीसगढ़ की ऊर्जा राजधानी के रूप में जाना जाता है, जहाँ साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के तहत 4 सक्रिय कोल माइंस और 1 खदान विकास ऑपरेटर आधारित ओपनकास्ट परियोजना संचालित हैं।

यह क्षेत्र कोयला उत्पादन में अग्रणी है और भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता में अहम योगदान देता है। गारे पेलमा सेक्टर-दो कोल माइंस परियोजना, ऊर्जा क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए एक संतुलित मॉडल के रूप में कार्य करेगी। महाजेनको यह महाराष्ट्र राज्य की प्रमुख बिजली उत्पादन कंपनी है, जो महाराष्ट्र राज्य बिजली मंडल सूत्रधारी कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

# 1.5 लाख रुपए में कृषि विवि में सीट का आफर, जांच की मांग पर अड़े विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के साथ कृषि विवि नए तरह के विवाद में पड़ गया है। इस बार मामला प्रवेश के लिए छात्रों से पैसे वसूलने का है। एक ऑडियो क्लिप छात्रों के व्हॉट्सऐप ग्रुप सहित अन्य सोशल साइट्स में वायरल हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति छात्र को 1.50 लाख प्रदान करने पर सरकारी कृषि महाविद्यालय में सीट कन्फर्म करवाने की बात कह रहा है। इसके बाद छात्रों ने इस व्यक्ति की तत्काल जांच की मांग की है। छात्रों ने कहा, चाहे वह व्यक्ति विश्वविद्यालय से जुड़ा हो या बाहरी दलाल, कड़ाई से जांच की जानी चाहिए। यदि यह व्यक्ति फ्रॉड है, तब भी उस पर कानूनी कार्रवाई की जाए। अगर इस पूरे खेल में कोई अधिकारी या कर्मचारी शामिल है, तो उसकी भी गंभीरता से जांच की जाए और सख्त कार्रवाई हो।

- प्री एग्रीकल्चर टेस्ट के प्राप्तांकों के आधार पर मिलते हैं दाखिले, सर्वाधिक कठिनाई शासकीय महाविद्यालयों में

### छात्रों ने दिए ऑडियो

छात्रों ने एनएसयूआई के नेतृत्व में यह मांग उठाई। जिला सचिव शुभम शर्मा ने कहा, डीन एवं कुलपति से मुलाकात कर शिकायत पत्र सौंपा गया है। सीट बेचने की इस तरह की घटना न केवल शिक्षा व्यवस्था की गरिमा के खिलाफ है, बल्कि मेहनती विद्यार्थियों के अधिकारों का खुला अपमान है। डीन ने छात्रों को आश्वस्त किया कि वे इस पूरे मामले को गंभीरता से ले रही हैं और उचित कार्रवाई की जाएगी। एनएसयूआई द्वारा ऑडियो एवं अन्य सबूतों के साथ शिकायत दर्ज की गई है।

# ग्रीन आर्मी का शीतला बाजार में पॉलीथिन मुक्त अभियान

**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ ने शीतला बाजार, पुरानी बस्ती को पॉलीथिन मुक्त बनाने के अपने अभियान को तेज कर दिया है। यह पहल न केवल पॉलीथिन के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ा रही है, बल्कि स्थानीय समुदाय को इसके उपयोग को पूरी तरह बंद करने के लिए भी प्रेरित कर रही है। अभियान के तहत 300 से अधिक जागरूकता पांपलेट वितरित किए गए, जिसमें पॉलीथिन के पर्यावरण और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को उजागर किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शीतला बाजार को पूरी तरह से पॉलीथिन मुक्त बनाना है और इसके लिए एक महीने तक निरंतर प्रयास किए जाएंगे। ग्रीन आर्मी के पुरानी बस्ती जोन और ब्राह्मण पारा जोन के सदस्य हर सुबह शीतला बाजार में जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। संस्थापक अमिताभ दुबे, जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा समेत अन्य पदाधिकारी अभियान में जुटे हुए हैं। यह जानकारी ग्रीन आर्मी के प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने दी।




## प्रथम पृष्ठ का शेष

### आखिर लगा महंगी ....

लगेंगे। अग्रिम भुगतान पर सवा फीसदी की छूट और स्मार्ट मीटर लगने से कनेक्शन प्रीपैड होने पर टैरिफ में 1.5 फीसदी की छूट मिलेगी। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने नियामक आयोग में जो याचिका लगाई थी, उसमें जिस तरह से करीब पांच हजार का घाटा बताया था। इसी आधार पर बिजली की महंगा होना पहले से तय था। अब बिजली कितनी महंगी होगी यह नियामक आयोग पर निर्भर था कि वह बिजली कंपनी का घाटा कितना मानता है। नियामक आयोग के अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने बताया, राज्य की विद्युत कंपनियों के विगत वर्षों के राजस्व घाटा तथा राजस्व आधिक्य पर विचारोपरान्त वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मांग की गई वार्षिक राजस्व आवश्यकता 28397.64 करोड़ रुपए के स्थान पर 25636.38 करोड़ रुपए मान्य किया गया है। वितरण कंपनी द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष हेतु अनुमानित विद्युत विक्रय 35727 मिलियन यूनिट के स्थान पर 36540 मिलियन यूनिट मान्य किया गया है। इसी तरह वितरण कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विद्युत की अनुमानित बिक्री पर प्रचलित टैरिफ से अनुमानित 4947.41 करोड़ रुपए राजस्व घाटे के स्थान पर 523.43 करोड़ रुपए मान्य किया है। श्री वर्मा ने बताया अगर पॉवर कंपनी के घाटे को पूरा माना जाता तो दरें 20 फीसदी तक बढ़ानी पड़ती लेकिन अब दरें दो फीसदी से भी कम बढ़ाई गई हैं। बिजली की सप्लाई दर को इस बार 7.02 रुपए तय किया गया है। यह पहले 6.92 रुपए थी।

### सब्सिडी वाली कृषि.....

किसानों को 5.80 रुपए के टैरिफ में 30 प्रतिशत की छूट मिलेगी। पहले यह छूट 20 प्रतिशत थी।

### गौशाला घरेलू, प्रिंटिंग ....

प्रेस और आफसेट प्रिंटर्स को गैर घेरलू वर्ग से हटाकर अब उद्योग वाले वर्ग एलवी 5 में शामिल किया गया है। इससे इनका टैरिफ अब कम हो जाएगा। जनसुनवाई में इसकी मांग रखी गई थी।

### बिजली दरें संतुलित, ....

दरों में 10 पैसे प्रति यूनिट एवं अन्य घरेलू उपभोक्ताओं की दरों में 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। गौशाला, शासन द्वारा अधिसूचित बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण तथा सरगुजा एवं उत्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में आने वाले स्टे-होम्स में प्रयुक्त होने वाली विद्युत पर घरेलू विद्युत दर लागू करने के लिए घरेलू उपभोक्ता श्रेणी में सम्मिलित किया गया है। घरेलू उपभोक्ता श्रेणी के अन्तर्गत लिए गए अस्थाई कनेक्शन पर नार्मल टैरिफ का 1.5 गुना टैरिफ के स्थान पर नार्मल टैरिफ का 1.25 गुना टैरिफ लागू किया गया है।

### किसानों पर ....

रखवाली के प्रयोजनार्थ पम्प कनेक्शन के अंतर्गत वर्तमान में पम्प के समीप 100 वॉट के भार उपयोग की सुविधा प्रभावशील है। किसानों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए आयोग द्वारा 100 वॉट तक लाईट एवं पंखे की स्वीकृति जारी रखी गई है।

### हैदराबाद की तर्ज पर...

में भाजपा ने एससीआर बनाने का वादा किया था। यह वादा पूरा करने वाला काम भी है।

23 नगरीय निकाय और 700 गांव होंगे शामिल- राज्य की कुल जनसंख्या का 27 प्रतिशत हिस्सा शहरी क्षेत्रों में रहता है। जो कि 2047 तक बढ़कर 45 प्रतिशत होना संभावित है। इस शहरी आबादी का मुख्य हिस्सा राजधानी क्षेत्र में रहने वालों का होगा। इस क्षेत्र में (एससीआरए) में 23 नगरीय निकाय और 700 से अधिक गांव शामिल होने का अनुमान है।

### 50 लाख की आबादी...

इसमें दो हजार करोड़ रुपए व्यय होने की संभावना है। प्राधिकरण संबंधी विधेयक राज्य विधानसभा के मानसून सत्र में पेश किया जा सकता है। विधेयक पारित होने के बाद एक्ट बन कर लागू होगा।

### रायपुर, नवा रायपुर और...

जेवी कंपनी करेगी ये काम : इस ज्वाइंट वेंचर कंपनी के माध्यम से अनुसूचित जनजाति एवं अन्य वंचित समुदायों के गरीब युवाओं, महिलाओं एवं तृतीय लिंग के लोगों को संस्थागत व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं ग्रामीण उद्यमिता के माध्यम से सशक्त एवं विकसित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन एवं पैन आईआईटी का ज्वाइंट वेंचर वंचित समुदायों के विकास के लिए आदिवासी उपयोजना, अनुसूचित जाति उपयोजना आदि के अप्रयुक्त फंड का अभिसरण कर आजीविका एवं सामाजिक आर्थिक बदलाव के लिए कार्य करेगा। अब लागू होगी स्टार्टअप-नवाचार नीति : मंत्रिपरिषद ने राज्य के युवाओं को स्टार्टअप और नवाचार के जरिए सशक्त बनाने के लिए छात्र स्टार्ट-अप और नवाचार नीति लागू करने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस नीति का उद्देश्य छात्र-केंद्रित नवाचार और इन्क्यूबेशन सिस्टम बनाना, साथ ही बौद्धिक संपदा जागरूकता बढ़ाना है। जनजातीय क्षेत्रों में नवाचार केंद्र स्थापित करना और कृषि, हरित ऊर्जा, स्वास्थ्य व विनिर्माण जैसे क्षेत्रों पर खास ध्यान देना भी इस नीति के प्रमुख उद्देश्य हैं। इस नीति का लक्ष्य है राज्य के 100 तकनीकी संस्थानों के 50 हजार छात्रों तक पहुंच बनाना, 500 प्रोटोटाइप्स का समर्थन करना, 500 बौद्धिक संपदा अधिकार फाइल करना और 150 स्टार्टअप्स को इन्क्यूबेट करना। इससे युवाओं को नई सोच और तकनीक विकसित करने में मदद मिलेगी। अवैध प्लाटिंग पर लगेगी रोक : मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता संशोधन विधेयक 2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इससे नक्शा बंटवारे और अभिलेखों के अद्यतनीकरण में सहूलियत होगी अवैध प्लाटिंग पर रोक लगेगी, जियो-रेफरेंस मैप से भविष्य में कानूनी विवाद कम होंगे। नामांतरण की प्रक्रिया आसान होगी। भूमि धारक की मृत्यु पर संयुक्त खाताधारकों और वारिसों को नामांतरण में सहूलियत होगी। भवन या भूखंड का हस्तांतरण भूमि के अनुपात में हो सकेगा। औद्योगिक नीति, आवास योजना और नगरीय विकास की प्रक्रियाएं सरल होंगी।

### कई विधेयकों के प्रारूप...

इसका उपयोग संभव होगा। यह सुविधा केवल नए वाहन के पंजीयन या अन्य राज्य से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर आए वाहनों पर लागू होगी, पहले से राज्य में पंजीकृत वाहनों पर नहीं। शासकीय वाहनों के लिए भी यह सुविधा मिलेगी, इसके लिए उन्हें कोई शुल्क नहीं देना होगा। कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) (संशोधन) विधेयक, 2025 के प्रारूप और छत्तीसगढ़ कृषि उपज मण्डी (संशोधन) विधेयक, 2025 के प्रारूप,छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025 के प्रारूप, मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के छोटे और मध्यम व्यापारियों को प्रोत्साहित करने तथा न्यायालयों में लंबित कर संबंधी मामलों को शीघ्र निपटाने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान (संशोधन) विधेयक, 2025 के प्रारूप,छत्तीसगढ़ कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय अधिनियम, 2004 में संशोधन विधेयक के प्रारूप का अनुमोदन किया है।

### भारत के नुकसान का...

करते हुए डोभाल ने कहा कि विदेशी मीडिया ने बताया कि पाकिस्तान ने यह और वह किया लेकिन तस्वीरें केवल भारतीय वायु सेना द्वारा पाकिस्तानी ठिकानों पर किए गए नुकसान को दिखाती हैं। एनएसए डोभाल ने कहा, "विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने वह और यह किया। आप मुझे एक भी तस्वीर बताइए, जिसमें किसी भी भारतीय (संरचना) को कोई नुकसान दिखाई दे, यहां तक कि एक शीशा भी टूटा हो। उन्होंने ये बातें लिखीं। तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के केवल 13 हवाई अड्डे दिखाई दिए।"

'हमने पाक के चीनी एडीएस को किया तबाह'

एनएसए डोभाल ने कहा, मैं आपको केवल वही बता रहा हूं, जो विदेशी मीडिया ने तस्वीरों के आधार पर पेश किया है। हम ऐसा करने (पाकिस्तानी हवाई ठिकानों को नुकसान पहुंचाने) में सक्षम हैं। 9 और 10 मई की मध्यरात्रि को, भारतीय वायु सेना ने अन्य बलों के सक्रिय समर्थन से देश भर में फैले पाकिस्तानी हवाई ठिकानों पर हमला किया और इस प्रक्रिया में, उनकी चीनी समर्थित एयर डिफेंस सिस्टम को भी क्षत-विक्षत कर दिया।

पाकिस्तान पर दागी 15 ब्रह्मोस मिसाइलें

रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने बताया कि भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तानी वायु सेना के ठिकानों को निशाना बनाने के लिए लगभग 15 ब्रह्मोस मिसाइलें दागीं। भारत का उद्देश्य उनके विमान उड़ाने और अन्य अभियानों की क्षमता को बाधित करना था। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अजित डोभाल ने इस बात का भी जिक्र किया। डोभाल ने अधिक स्वदेशी तकनीक विकसित करने की जरूरतों पर जोर दिया।

### सगंठन से हुआ...

ने हथियार छोड़ मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों में डीवीसीएम व एसीएम से लेकर अन्य कैडर के नक्सली शामिल हैं, जिन पर 37.50 लाख रुपए का इनाम घोषित था। नारायणपुर जिले में आईजी सुंदरराज पी, डीआईजी कांकेर रेंज अमित तुकाराम काम्बले, आनंद प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार दुबे, संजीव रोलबाके मार्गदर्शन व एसपी रोबिनसन गुड़िया व आईटीबीपी, बीएसएफ, एसटीएफ के अधिकारियों के निर्देश में चलाए जा रहे माड़ बचाओ अभियान, अंदरूनी इलाकों में पुलिस के बढ़ते प्रभाव, बाहरी नक्सलियों के भेदभाव व आदिवासियों पर होने वाले अत्याचार से तंग आकर बिना हथियार के समर्पण कर दिया। एसपी ने बताया कि समर्पित नक्सलियों को बतौर प्रोत्साहन राशि 50-50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा उन्हें नक्सल उन्मूलन नीति के तहत मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा।

एसपी ने की भटके हुए युवाओं से मुख्यधारा में लौटने की अपील

एसपी ने कहा कि माओवादियों द्वारा आत्मसमर्पण के पीछे माड़ और नारायणपुर जिले में लगातार चलाए जा रहे विकास कार्य तेजी से बनती सड़कें, गावों तक पहुंचती विभिन्न सुविधाओं ने इन्हें प्रभावित किया है। संगठन के विचारों से मोहभंग एवं मिली निराशा, संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद इनके आत्मसमर्पण का बहुत बड़ा कारण है। यही वजह है कि नक्सलियों के लगातार आत्मसर्पण से शीर्ष माओवादी कैडर को बड़ा नुकसान हुआ है। वर्ष 2025 में अब तक 132 बड़े व छोटे कैडर के माओवादी समर्पण कर चुके है। एसपी ने कहा कि माओवादी की विचारधारा में भटके नक्सलियों को उनके घर वाले भी वापस लाना चाहते है। हम सभी नक्सली भाई-बहनों से अपील करते हैं कि उनका बाहरी लोगों की भ्रामक बातों और विचारधारा से बाहर निकलने का समय आ गया है। अब समय माड़ को वापस उसके मूलवासियों को सौंप देने का है, जहां वे निर्भीक रूप से सामान्य जीवन व्यतीत कर सके।

### समर्पित नक्सलियों में...

हलामी, जग्गूराम मण्डावी उर्फ परजेन्द, चैतराम उर्फ डब्बू, सुशीला कवाची, घासी गोटा उर्फ श्याम, ईश्वर गोटा उर्फ अर्जून, लच्छू गोटा, 50-50 हजार के ईनामी कुमारी समल कश्यप, चमरू गोटा, सुन्दरी कर्मा, सोमारू उर्फ सोमा गोटा, सुखराम गोटा, मंगू गोटा उर्फ मनोज तथा फागू उसेण्डी शामिल है।

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425


असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें

हर्बल लेप
शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुन: लगा दें।
94060-21769

## हरिभूमि Classified

epaper- www.haribhoomi.com

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

### आवश्यकता है

कार्यालय प्राचार्य एसबीटी महाविद्यालय कुदुदण्ड, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**आवश्यकता हैं**

| क्र. | पद (28 कोड के तहत) | विषय | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | सहा. प्राध्यापक | दर्शन शास्त्र | 01 |
| 2. | सहा. प्राध्यापक | मनोविज्ञान | 01 |
| 3. | सहा. प्राध्यापक | योग साईस | 01 |
| 4. | सहा. प्राध्यापक | राजनीति विज्ञान | 01 |
| 5. | सहा. प्राध्यापक | इतिहास | 01 |
| 6. | सहा. प्राध्यापक | समाजशास्त्र | 01 |
| 7. | सहा. प्राध्यापक | संस्कृत | 01 |
| 8. | सहा. प्राध्यापक | हिन्दी | 01 |
| 9. | सहा. प्राध्यापक | अंग्रेजी | 01 |
| 10. | सहा. प्राध्यापक | भूगोल | 01 |
| 11. | सहा. प्राध्यापक | रसायन शास्त्र | 01 |
| 12. | सहा. प्राध्यापक | अर्थशास्त्र | 01 |
| 13. | सहा. प्राध्यापक | वनस्पति शास्त्र | 01 |
| 14. | सहा. प्राध्यापक | जन्तु विज्ञान | 01 |
| 15. | सहा. प्राध्यापक | भौतिक शास्त्र | 01 |
| 16. | सहा. प्राध्यापक | माइक्रो बायोलॉजी | 01 |
| 17. | सहा. प्राध्यापक | वाणिज्य | 01 |

टीप :- योग्यता एवं वेतनमान तथा आरक्षण नियम का पालन राज्य शासन एवं यूजीसी के नियमानुसार

दिनांक 27/07/2025 तक निम्न पते पर आवेदन कर सकते हैं।

पता: प्राचार्य एसबीटी महाविद्यालय कुदुदण्ड, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

**आवश्यकता है-** मशरूम स्पान (बीज) बनाने हेतु 5वीं, 10वीं पास 18 से 25वर्ष के लड़के एवं लड़कियां चाहिए। सम्पर्क करें- श्याम मशरुम एण्ड एग्रो, अशोक नगर चौक सीपत रोड, सरकंडा बिलासपुर 9893592323 (38215)

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर सेल्स सर्विस दुकान हेतु युवक एवं युवती की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- Tripti Enterprises, F-5, प्रथम तल, रियल हेवेन बिजनेस, मंगला चौक बस स्टॉप के पास बिलासपुर 9827482305, 9424145103 (38213)

**Required-** Walk in interview at Ocean public School for Computer, PRT Maths, Eng, TGT Maths, Science Good Salary. At 9am- 12pm. Address House no-394/5, Geetanjali city phase-2, Bahatarai, BSP 6264161800, 79992 99930 (38196)

**आवश्यकता है-** ATHER इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम में सेल्स मैनेजर, सेल्स एक्जीक्यूटिव सर्विस एडवाइजर, मैकेनिक, बैक ऑफिस एक्जीक्यूटीव की आवश्यकता है फ्रेशर भी एप्लाई कर सकते हैं सम्पर्क करें- ATHER बिलासपुर 7000087820 (38217)

**आवश्यकता है-** घरेलू कार चलाने हेतु अनुभवी और भरोसेमंद ड्राइवर की आवश्यकता है। सरकंडा क्षेत्र के निवासी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 8319667673, 70499 22508 (38202)

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक शॉप में काम करने के लिए एक लड़की एवं एक लड़के की आवश्यकता है। वेतन 8000 से 10000 सम्पर्क करें- बाबजी इंटरप्राइजेस तेलीपारा बिलासपुर 96730 78653, 9893635253 (38201)

**Required-** Office Clerk. Qualification- 12th pass or higher. salary- 8K to 12K (according to Ability). Contact- M/s Sushil & Surendra (Chartered Accountants), shrikant verma marg Bilaspur. 9589009993 Email- casurendra@yahoo.co.in (38200)

**आवश्यकता है-** उर्मिला मोटर्स (हीरो शोरुम) में कार्य करने हेतु सेल्स लड़की-2, मैकेनिक-2 वाशिंग लड़के-3 की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- बेलगहना रोड कोटा 9340252857 (38207)

**आवश्यकता है-** स्टूडेन्ट मेस में नाश्ता और खाना बनाने के लिए कुक एवं हेल्पर की आवश्यकता है। घर जैसा खाना नाश्ता बनाना है। सम्पर्क करें- 9755655055, 70007 55683 (38205)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, रायगढ़ अंबिकापुर, मनेन्द्रगढ़ जिलों में सुरक्षागार्ड, सुपरवाईजर गनमैन की आवश्यकता है। PF, ESI, मेडिकल, आवास सुविधा फ्री सम्पर्क करें- सिद्धी विनायक सिक्यूरिटी राजेन्द्र नगर बिलासपुर 9111175190 9098318675 (38141)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य एवं कम्प्यूटर आपरेटर (हिन्दी टाइपिंग अनिवार्य है) एवं मार्केटिंग के लिये लड़के की आवश्यकता है संपर्क करें गगन फ्लैक्स, 27 खोली चौक बिलासपुर मो. 9039968650 (38199)

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड एवं सिक्युरिटी एजेन्सी में कार्य किया हुआ अनुभवी सुपरवाइजर चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड मंगला चौक सीएलसी प्लाजा बिलासपुर 7247244800, 07752 448013 (38194)

**आवश्यकता है-** मेन्स वियर शॉप में काम करने के लिए अनुभव सेल्समैन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- यूनिक फैशन, शिव टॉकीज चौक बिलासपुर 930315 9900, 9630110824 (38209)

**आवश्यकता है-** ऑफिस के संचालन हेतु एक युवती ऑफिस इंचार्ज की आवश्यकता है, समय शाम 5बजे से 8बजे तक, योग्यता- न्यूनतम 12वीं पास सम्पर्क करें- स्टार डेवलपर्स एण्ड कंसलटेन्सी 98930 82324 (38210)

**आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षागार्ड वेतन 14000 सुपरवाइजर वेतन 16000 फील्ड ऑफिसर वेतन 15000 आवास फ्री PF+ ESIC सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा रायपुर, छ.ग. 77470 00019, 7746000016, 7747000016, 77460 00019 (074)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों एवं गाड़ी चलाने हेतु अनुभवी लाईसेन्स धारी ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें 76973 68454 (38182)

**आवश्यकता है-** रियल एस्टेट प्रोजेक्ट हेतु प्रॉपर्टी सेल्स में 2-3 वर्ष अनुभवी सेल्स, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है आकर्षक वेतन+ इंसेंटिव सम्पर्क करें- जैन इंटरनेशनल स्कूल के पास सकरी रोड बिलासपुर 8109412221 (38185)

**आवश्यकता है-** लड़की/ महिला की आवश्यकता है समय 11 से 12घंटे या 24घंटे (घर में रहकर) साफ सफाई, बच्चे की देखभाल हेतु वेतन 8000 से 14000 सम्पर्क करें- सरकंडा बिलासपुर 98712 92627 7055101621 (38190)

**आवश्यकता है-** UTN शॉप में मार्केटिंग कार्य करने हेतु सेल्स एक्जीक्यूटिव-5 लीडर-5, ट्रेनर-7 लड़के, लड़कियां चाहिए पता- शॉप नं. FS-16 प्रथम तल, सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, बिलासपुर, 7806007192, 79995 94790 (38187)

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर शिक्षक, फील्ड सर्वे करने के लिए पुरूष/महिला की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन कमीशन+सैलरी योग्यता अनुसार संपर्क करें अटल चौक बहतराई बिलासपुर 62623 54545 (38188)

**आवश्यकता है-** विभिन्न कॉलेज और यूनिवर्सिटी में सीधी भर्ती: Pro, Coordinator, Counselor, Media, Social Media, Marketing Salary 12000/- To 40000/- Onwards Job Location- Bilaspur /raipur Job location- all Chhattisgarh Contact:- 6266-373314, 7999026335 (171)

**आवश्यकता है-** कोनी में स्थित रियल स्टेट प्रोजेक्ट कालोनी में साईड सुपरवाईजर की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता दी जायेगी संपर्क करें वृन्दावन प्लाजा थर्ड फ्लोर नेहरू चौक बिलासपुर 98271 50404, 9827468609 (38191)

**आवश्यकता है-** कॉस्मेटिक दुकान में काम करने हेतु लड़कों,लड़कियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर (बीजी साफ्टवेयर जानकार) की आवश्यकता है पेमेंट भरपूर दिया जाएगा सम्पर्क करें-नैतिक ट्रेडर्स 7711006641 (37963)

**आवश्यकता है-** (1) आफिस वर्क, हिन्दी टायपिंग फाइलिंग वर्क हेतु अनुभवी (2) अनुभवी मेहनती साइट मैनेजर (3) घरेलू काम+ महिला की देखभाल हेतु महिला/ लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8078280001, 62672 49741 (38177)

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम SMS जॉब करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए 15000-45000 /- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें-9798472261 (1024)

**आवश्यकता है-** मॅट्रिमोनी में कार्य हेतु 18 से 30 वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है, सैलरी- 5000 से 20000 कमाने का अवसर संपर्क करें:- पत्रकार कॉलोनी आर.बी हॉस्पिटल के पास 6268331784, 7987392821 (169)

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-950 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (23500+ 42500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (धीरेंद्र कुमार 8957118102 (1025)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित उत्साही लड़को की आवश्यकता है उम्र 18 से 28वर्ष वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, ट्रेनिंग के पश्चात कमाये 15000 से 20000 प्रतिमाह रहना फ्री सम्पर्क करें- 7796880121, 8889257623 (165)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है, उम्र 18 से 35 वर्ष, वेतन 5000/- +कमीशन +बोनस सम्पर्क करें:- नेहरू नगर Sai मन्दिर के पास 78059 32585 (168)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन +बोनस +प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना संपर्क 8770508791, 7225815090 (502)

### सर्विसेस

**सर्विसेस-** टिफिन सेवा घर से दूर घर जैसा वेज, नॉनवेज खाना घर, दुकान, ऑफिस, हॉस्टल, हॉस्पिटल तक किफायती दर पर पहुंचाने की सुविधा उपलब्ध। सम्पर्क करें- चॉइस टिफिन सर्विसेस सरकंडा बिलासपुर 89829 79406 (38195)

### बेचना है

**बेचना है-** 3BHK नया फ्लैट सभी शासकीय अनुमति प्राप्त सर्वसुविधायुक्त परिसर में चकरभाटा मार्केट से लगा, हाईकोर्ट और एयरपोर्ट से नजदीक, बहुत वाजिब कीमत में शीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 9826130163, 8770523386 (38173)

**बेचना है-** मुंगेली नाका बिलासपुर में डीएसएस काम्पलेक्स के सेकेण्ड फ्लोर पर 11x10 लगभग 110 वर्गफुट की दुकान बेचना है संपर्क करें 9131202651, 7999322546 (38198)

**बेचना है-** वार्ड नं-16 कुदुदण्ड पानी टंकी के सामने गली में 1डिसमिल जमीन में बना 2मंजिला मकान नीचे 1कमरा, किचन, अटैच लेटबाथ, ऊपर 1हाल लेटबाथ 24घंटे पानी कीमत 1725000 सम्पर्क- 9753505350, 95222 48786 (38208)

### किराया

**किराया-** महावीर सिटी राज किशोर नगर स्थित सर्व सुविधा युक्त स्वतंत्र 2BHK मकान किराए से देना है शासकीय/ अर्धशासकीय कर्मचारियों को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9425557903, 94241 64634 (161)

**किराया-** व्यवस्थित ब्यूटी पार्लर बाउण्ड्रीवॉल से घिरा, फर्नीचर सहित किराए से देना है दूसरे व्यक्ति भी मकान देख सकते हैं सम्पर्क करें- सुबह 10बजे से इन्दू चौक जरहाभाठा बिलासपुर 6260234233, 9827183536 (38189)

**किराया-** गीतांजलि एंक्लेव रिंग रोड नम्बर 2 में भूतल में मकान किराये से देना है 2 बेडरूम, हॉल, किचन, 2 लेटबाथ शासकीय सेवारत को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 7999431491 (38212)

**किराया-** शांति नगर, रिंग रोड नं.-2 में 2BHK प्रथम तल पर 24घंटे पानी, सर्व सुविधा युक्त मकान नौकरी पेशा एवं छोटे परिवार को किराए पर देना है। सम्पर्क करें- 9131350454, 8109063996 (38216)

### फायनेंस

**फाइनेन्स-** सुंदरम फाइनेंस द्वारा पाएं घर बैठे लोन आसान किस्तों पर समूह लोन बिजनेस लोन, आधार लोन, पर्सनल लोन, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रॉपर्टी लोन 2% वार्षिक ब्याज 30% छूट हेल्प लाइन-81276 84826 हेड ऑफिस-98890 62539 (156)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

### CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

**SCHEME**

(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25

1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 5+3 10+10 15+18 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | |
| Raipur Edition | 4400 | |
| Bilaspur City | 2500 | |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS

Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com

Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

# विंबलडन : सीनियाकोवा और वरबीक की जोड़ी ने जीता मिक्स्ड डबल्स का खिताब

## स्टेफनी और सैलिसबरी की मजबूत जोड़ी को सीधे सेटों में दी मात

एजेंसी ▶▶ लंदन

महिला युगल की दिग्गज खिलाड़ी कैटरीना सिनियाकोवा ने सेम वरबीक के साथ मिलकर लुइसा स्टेफनी और जो सैलिसबरी को 7-6(3), 7-6(3) से हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। चेक गणराज्य की 10 बार की ग्रैंड स्लैम महिला युगल चैंपियन सिनियाकोवा ने गुरुवार को सेंटर कोर्ट पर खेले गए फाइनल में पहले मैच प्वाइंट पर ही करारा शॉट जमाकर खिताब अपनी झोली में डाला। वरबीक का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। नीदरलैंड के इस खिलाड़ी ने अपने पिता के लिए जन्मदिन का गीत गाकर दर्शकों के साथ जश्न मनाया।



### सिनियाकोवा दो बार की ओलंपिक चैंपियन

सिनियाकोवा दो बार की ओलंपिक चैंपियन भी हैं। उन्होंने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों में टॉमस मचाक के साथ मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2021 के तोक्यो ओलंपिक खेलों में बारबोरा क्रेजिकोवा के साथ मिलकर महिला युगल का स्वर्ण पदक जीता था। सिनियाकोवा ने जो 10 महिला युगल खिताब जीते हैं उनमें से सात क्रेजिकोवा के साथ, दो टेलर टाउनसेंड के साथ और एक पिछले साल के फ्रेंच ओपन में कोको गॉफ के साथ हासिल किए।

## विंबलडन को लगातार आठवीं बार मिलेगी नई महिला चैंपियन



आल इंग्लैंड क्लब के ग्रास कोर्ट पर अमांडा अनिसिमोवा और इगा स्वियातेक के बीच शनिवार को होने वाले विंबलडन फाइनल मुकाबले से इस ग्रैंडस्लैम में लगातार आठवीं बार पहली महिला चैंपियन देखने को मिलेगी। अमेरिकी ओपन 2022 के बाद सेरेना विलियम्स के संन्यास लेने के बाद से ऐसी कोई भी प्रभावशाली खिलाड़ी देखने को नहीं मिली है, जिसने पूरी तरह से दबदबा बनाया हो और इससे नए चेहरों को काफी मौके मिले है, जैसे कि 13वीं वरीयता प्राप्त 23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी अनिसिमोवा पहली बार ग्रैंडस्लैम के फाइनल में पहुंची हैं। अब वह पूर्व नंबर एक खिलाड़ी स्वियातेक से भिड़ेंगी, जिनके नाम रोलां गैरां में चार और अमेरिकी ओपन में एक ट्रॉफी है। लेकिन स्वियातेक इससे पहले विंबलडन में क्वार्टर फाइनल से आगे तक नहीं बढ़ पाई थीं। पोलैंड की 24 साल की स्वियातेक ने कहा, 'मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं यहां फाइनल में खेलूंगी।' स्वियातेक ने कहा, 'मैंने कोर्ट पर सब कुछ अनुभव कर लिया है। लेकिन मुझे ग्रास कोर्ट पर अच्छा खेलने का अनुभव नहीं है।'उन्होंने गुरुवार को सेमीफाइनल में बेलिंडा बेनसिच पर 6-2, 6-0 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

## खबर संक्षेप

### तीरंदाजी संघ ने एमिटी विश्वविद्यालय से किया करार

**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने शुक्रवार को एमिटी विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत तीरंदाजों को प्रमाणपत्र कार्यक्रम और छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपने खेल करियर से समझौता किए बिना उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस समझौते के तहत एमिटी विश्वविद्यालय खिलाड़ियों के लिए उनकी चुनौतीपूर्ण दिनचर्या के अनुरूप स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम तैयार करेगा। विश्वविद्यालय इसके अलावा खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान करेगा। इस योजना के अनुसार अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति के पात्र होंगे, जिसमें पूरे पाठ्यक्रम की फीस का भुगतान शामिल होगा। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को 50 प्रतिशत छात्रवृत्ति मिलेगी, जबकि राज्य और जिला स्तर के तीरंदाजों को फीस में 30 प्रतिशत छूट मिलेगी।

### ओडेई ओनाइंडिया ने एफसी गोवा को छोड़ा

**पणजी।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के क्लब एफसी गोवा और उसके कप्तान ओडेई ओनाइंडिया ने एक दूसरे से अलग होने का फैसला किया है। स्पेन के



35 वर्षीय खिलाड़ी ने आईएसएल के पिछले सत्र में एफसी गोवा की तरफ से अधिकतर मैच खेले थे। वह दो साल पहले एफसी गोवा से जुड़े थे। इससे पहले वह हैदराबाद एफसी की तरफ से खेलते थे। एफसी गोवा ने एक्स पर कहा, 'हमारे कप्तान ने अपना सबकुछ झोंक दिया, हर टैकल, हमारे बैज के लिए पसीने की हर बूंद। उन्होंने पिछले दो वर्षों में दिखाया कि एफसी गोवा का खिलाड़ी होने का असली मतलब क्या होता है। हर चीज के लिए उनका आभार और भविष्य के लिए शुभकामनाएं।'

### नीतीश ने की सटीक गेंदबांजी : कुंबले

**लंदन।** पूर्व भारतीय कप्तान अनिल



कुंबले ने ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें टेस्ट टीम में नियमित रूप से शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने खुद को अनुशासन और प्रतिभा का बेहतरीन मिश्रण साबित किया है। इंग्लैंड के मौजूदा दौरे में अपना दूसरा मैच खेल रहे रेड्डी गुरुवार को तीसरे टेस्ट के पहले दिन 2 विकेट लेकर सबसे सफल भारतीय गेंदबाज रहे। कुंबले ने कहा, 'मैं यह देखकर हैरान था कि नीतीश कुमार रेड्डी ने कितनी अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने लगातार सही क्षेत्रों में गेंद डाली। वह भाग्यशाली थे, जो उन्हें लेग साइड में डाली गई शॉर्ट पिच गेंद पर विकेट मिला लेकिन इसके अलावा उन्होंने पूरे दिन अनुशासित गेंदबाजी की।' उन्होंने कहा, 'नीतीश ने आस्ट्रेलिया में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था तथा शतक लगाया था।

## तीसरा टेस्ट पहली पारी, इंग्लैंड टीम 387 रन पर सिमटी, भारत 242 रन पीछे

# बुमराह का नाम लॉर्ड्स के 'ऑनर्स बोर्ड' में दर्ज, राहुल ने जड़ा अर्धशतक



एजेंसी ▶▶ लंदन

भारत ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (74 रन देकर 5 विकेट) के सुबह के खतरनाक स्पैल के बाद शुक्रवार को तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन जो रूट के 37वें शतक के बावजूद इंग्लैंड को पहली पारी में 387 रन पर समेटने के बाद स्टंप तक 3 विकेट गंवाकर 145 रन बना लिए। बुमराह ने इस तरह कपिल देव के विदेशी सरजमीं पर 12 बार पांच विकेट लेने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और लॉर्ड्स पर 'ऑनर्स बोर्ड' पर अपना नाम दर्ज कराया। बुमराह ने इस तरह टेस्ट में 15 बार पांच विकेट लेने का कारनामा दिखाया। उन्होंने पहले टेस्ट की पहली पारी में भी 5 विकेट झटके थे। स्टंप तक केएल राहुल 53 रन और ऋषभ पंत 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारतीय टीम इंग्लैंड से पहली पारी के हिसाब से 242 रन पीछे है। राहुल ने निरंतरता जारी रखते हुए शोएब बशीर की गेंद पर एक रन लेकर 97 गेंद में 50 रन पूरे किए। भारत ने चाय काल तक सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (13 रन) का गंवा दिया था। करूण नायर 40 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड ने कप्तान शुभमन गिल (16) को आउट कर भारत को बड़ा झटका दिया। युवा खिलाड़ी जायसवाल टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर का पहला शिकार बने।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जैक क्रॉउली का पंत बो रेड्डी | 18 | 43 | 4 | 0 |
| बेन डकेट का पंत बो रेड्डी | 23 | 40 | 3 | 0 |
| ओली का स्थानापन्न (जुरेल) बो जडेजा | 44 | 104 | 4 | 0 |
| जो रूट बो बुमराह | 104 | 199 | 10 | 0 |
| हैरी ब्रूक बो बुमराह | 11 | 20 | 2 | 0 |
| बेन स्टोक्स बो बुमराह | 44 | 110 | 4 | 0 |
| जैमी स्मिथ का स्थानापन्न (जुरेल) बो सिराज | 51 | 56 | 6 | 0 |
| क्रिस वोक्स का स्थानापन्न (जुरेल) बो बुमराह | 00 | 1 | 0 | 0 |
| ब्रायडन कार्स बो सिराज | 56 | 83 | 6 | 1 |
| जोफ्रा आर्चर बो बुमराह | 04 | 11 | 1 | 0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 01 | 10 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 31 कुल:112.3 ओवर में 387 रन पर सभी आउट
गेंदबाजी: बुमराह 27-5-74-5, आकाश दीप 23-3-92-0, सिराज 23.3-6-85-2, रेड्डी 17-0-62-2, जडेजा 12-1-29-1, वाशिंगटन 10-1-21-0

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का ब्रुक बो आर्चर | 13 | 8 | 3 | 0 |
| केएल राहुल नाट आउट | 53 | 113 | 5 | 4 |
| करूण नायर का रूट बो स्टोक्स | 40 | 62 | 4 | 0 |
| शुभमन गिल का स्मिथ बो वोक्स | 16 | 44 | 2 | 0 |
| ऋषभ पंत नाट आउट | 19 | 33 | 3 | 0 |

अतिरिक्त : 04 कुल : 43 ओवर में तीन विकेट पर 145 रन
गेंदबाजी :क्रिस वोक्स 13-1-56-1, जोफ्रा आर्चर 10-3-22-1, ब्रायडन कार्स 8-1-27-0, बेन स्टोक्स 6-2-16-1, शोएब बशीर 6-1-22-0

### रूट बने सबसे ज्यादा 211 कैच लेने वाले खिलाड़ी

*इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने शॉर्ट लेंथ गेंद पर नायर को आउट किया। पहली स्लिप में खड़े रूट ने एक हाथ से उनका बेहतरीन कैच लपका। इस कैच के साथ ही रूट क्षेत्ररक्षक के तौर पर सबसे ज्यादा 211 कैच लेने वाले खिलाड़ी बन गए। भारत को तीसरा झटका 107 रन पर लगा। क्रिस वोक्स की ऑफ स्टंप के अंदर आती गेंद गिल के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के हाथों में चली गई। रूट (199 गेंद में 104 रन) ने दिन की पहली ही गेंद पर चौका लगाकर अपना आठवां शतक जड़ा जो लॉर्ड्स में किसी भी बल्लेबाज की ओर से बनाए गए सबसे ज्यादा सैकड़े हैं। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 251 रन से की। लेकिन बुमराह के तीन विकेट झटकने से उसका स्कोर सात विकेट पर 271 रन हो गया था। बुमराह ने पहले घंटे में कप्तान बेन स्टोक्स (44), रूट (104) और क्रिस वोक्स (0) के विकेट झटके। जिसके बाद फॉर्म में चल रहे जैमी स्मिथ (56 गेंद में 51 रन) और कार्स (56 रन) ने आठवें विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी कर मेजबान टीम का स्कोर 350 रन के पार पहुंचाया। स्मिथ को इस दौरान जीवनदान भी मिला जब केएल राहुल ने मोहम्मद सिराज की गेंद पर फॉर्म में चल रहे इस विकेटकीपर बल्लेबाज का कैच छोड़ दिया। स्टोक्स दिन में आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे। बुमराह पर स्क्वायर कट लगाने के बाद अगली गेंद पर स्टोक्स बोल्ड हो गए। इस भारतीय तेज गेंदबाज की 'राउंड द विकेट' से डाली गयी खूबसूरत गेंद ऑफ स्टंप के ऊपर से जा टकराई और स्टोक्स सिर हिलाने के अलावा कुछ नहीं कर सके। दिन की पहली ही गेंद पर लॉर्ड्स में अपना रिकॉर्ड आठवां टेस्ट शतक पूरा करने वाले रूट अपनी पारी को आगे नहीं बढ़ा सके और बुमराह का दिन का दूसरा शिकार बने जिनकी गेंद उनके मिडिल स्टंप उखाड़ गई। यह 11वीं बार है जब बुमराह ने टेस्ट मैचों में इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज को आउट किया है। अगली ही गेंद पर वोक्स विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। यह हैरानी भरा था कि शुभमन गिल लगभग 10 ओवर पुरानी दूसरी नयी ड्यूक्स गेंद को बदलना चाहते थे। अंपायरों ने गिल का अनुरोध स्वीकार कर लिया था, लेकिन भारतीय खिलाड़ी बदली हुई गेंद से खुश नहीं थे। इसके कारण गिल और अंपायरों के बीच तीखी बहस हुई। इंग्लैंड ने शुरुआती घंटे में सात विकेट पर 307 रन बना लिए। इसके तुरंत बाद सत्र में दूसरी बार गेंद बदली गई जिससे इंग्लैंड में इस्तेमाल की जाने वाली गेंदों पर बहस और तेज हो गई।दोनों ने हाल ही में एक-दूसरे से बात की और मुल्डर ने कहा कि लारा उनके फैसले से पूरी तरह सहमत नहीं थे। मुल्डर ने कहा, 'अब जब चीजें थोड़ी स्थिर हो गई हैं, तो मैंने ब्रायन लारा से थोड़ी बात की। उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे अपनी विरासत खुद ही तैयार करनी होगी और मुझे रिकॉर्ड बनाना चाहिए था।' उन्होंने कहा, 'लारा ने कहा कि रिकॉर्ड टूटने के लिए ही बनते हैं और भविष्य में कभी मैं फिर से उस स्थिति में पहुंचूं तो मैं उनसे अधिक स्कोर बनाऊं।' मुल्डर की पारी टेस्ट क्रिकेट में पांचवां सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर और किसी दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी का सर्वोच्च स्कोर है।*

## संन्यास की घोषणा

# मूर ने क्रिकेट से लिया संन्यास खेल चुके हैं 85 अंतर्राष्ट्रीय मैच



एजेंसी ▶▶ मुंबई

आयरलैंड क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज पीटर मूर ने 34 साल की उम्र में ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में तीनों फॉर्मेट में मिलाकर कुल 85 मैच खेले। बता दें कि, आयरलैंड के इस बड़े खिलाड़ी ने इस टीम के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू नहीं किया था। उन्होंने आयरलैंड के लिए सिर्फ टेस्ट फॉर्मेट ही खेला।

वहीं, आयरलंड के पीटर मूर ने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच उसी देश के खिलाफ खेला, जिसके लिए उन्होंने डेब्यू किया था। जी हां इस बल्लेबाज ने दो देशों के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेला। 2 फरवरी 1991 को मूर का जन्म जिम्बाब्वे की राजधानी हरारे में हुआ था।

पीटर मूर ने अपना अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू 26 नवंबर 2014 को जिम्बाब्वे के लिए खेलते हुए बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। इसके बाद उन्होंने जिम्बाब्वे के लिए ही 2016 में टेस्ट और टी20 में डेब्यू किया।

2019 में उन्हें जिम्बाब्वे का उपकप्तान भी नियुक्त किया गया, लेकिन इसके बाद उनके करियर में एक नया मोड़ आया। पीटर मूर ने आयरिश पासपोर्ट मिलने के बाद आयरलैंड क्रिकेट टीम में जगह बना ली। उन्होंने ढाका में साल 2023 में 32 साल की उम्र में आयरलैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया।

### लारा ने कहा, मुल्डर को रिकॉर्ड बनाना चाहिए था

**जोहानिसबर्ग।** ब्रायन लारा के नाबाद 400 रन के सर्वोच्च व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर के करीब होने के बावजूद उनके रिकार्ड को तोड़ने का प्रयास नहीं करने के वियान मुल्डर के फैसले को वेस्टइंडीज के खिलाड़ी ने भी सही नहीं बताया और कहा कि दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज को उस मुकाम तक पहुंचना चाहिए था। मुल्डर जिंबॉब्वे के खिलाफ हाल में टेस्ट मैच के दौरान जब 367 रन बनाकर खेल रहे थे तब उन्होंने पारी समाप्त करने की घोषणा करके लारा का रिकॉर्ड तोड़ने का सुनहरा अवसर गंवा दिया था। दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान ने बाद में कहा कि लारा के प्रति सम्मान के कारण उन्होंने ऐसा किया। लारा ने 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ यह ऐतिहासिक पारी खेली थी।

## नीरज चोपड़ा ने कहा-

# ट्रेनिंग के दौरान अपनी एक समस्या पर कर रहा हूं काम



एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अपने खेल में एक समस्या की पहचान की है और जल्द से जल्द इसमें सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वह इस साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं। चोपड़ा 13-21 सितंबर को तोक्यो में होने वाले विश्व चैंपियनशिप में पदक के सबसे प्रबल दावेदार हैं।

वह 57 दिन तक चेक गणराज्य के प्राग और निम्बर्क में ट्रेनिंग लेंगे। वह आज रात अपने फिजियो इशान मारवाह के साथ रवाना होंगे और पांच सितंबर तक यूरोपीय देश में रहेंगे, जिसका कुल खर्चा 19 लाख रुपए है। चोपड़ा ने कहा, 'मैंने पहले ही अपनी कमी की पहचान कर ली है, जिन पर मुझे काम करने की जरूरत है। भाला फेंकते समय मैं अक्सर अपनी बाईं ओर गिर जाता हूं। हमें इस पर काम करने की जरूरत है। ट्रेनिंग में मैं ऐसा नहीं करता लेकिन प्रतियोगिता में अतिरिक्त प्रयास के कारण ऐसा होता है।' दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने कहा कि उन्हें बार बार 90 मीटर का आंकड़ा छूने के लिए निरंतरता पर भी काम करने की जरूरत है। चोपड़ा ने कहा, 'मैंने इस साल 90 मीटर की दूरी तय की है। लेकिन इसे बार बार हासिल करने के लिए मुझे और अधिक निरंतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। मैं लगातार 88-89 मीटर के आसपास भाला फेंक रहा हूं और मेरे कोच ने कहा कि वह खुश हैं लेकिन मुझे और अधिक निरंतर प्रदर्शन करने की जरूरत है।'

### सुरक्षा समीक्षा के बाद ही टीम भारत भेजेंगे : पाक

**कराची।** पाकिस्तान इस साल के आखिर में होने वाले एशिया कप और जूनियर विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय हॉकी टीम को भारत भेजने से पहले वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने कहा है कि यदि राष्ट्रीय टीम को सुरक्षा को लेकर किसी तरह का खतरा होगा तो उसे भारत नहीं भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री युवा विकास एवं खेल कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मसूद ने कहा कि सरकार के सुरक्षा स्थिति से पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद ही पाकिस्तान की टीम को भारत का दौरा करने की अनुमति दी जाएगी। पूर्व मंत्री मसूद ने कहा, 'सरकार पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगी और यदि वह संतुष्ट नहीं होगी तो वह अपने किसी भी खिलाड़ी को भारत में खेलने के लिए भेजकर उसे खतरे में नहीं डालेगी।'

# यह पिच ऐसी नहीं है, जिस पर आक्रामक होकर खेल सके

एजेंसी ▶▶ लंदन

इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी टीम की रक्षात्मक बल्लेबाजी का बचाव करते हुए कहा कि यह ऐसी पिच नहीं है, जिस पर आप आक्रामक होकर खेल सकते हैं।



इंग्लैंड ने पिछले कुछ वर्षों में आक्रामक बल्लेबाजी शैली को अपनाया है लेकिन गुरुवार को उसने भारतीय गेंदबाजों के सामने रक्षात्मक बल्लेबाजी की और पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 4 विकेट पर 251 रन बनाए। पोप ने मैच के बाद कहा, 'यह ऐसी पिच नहीं है, जिस पर आप खुलकर खेल सकें। भारतीय गेंदबाजों ने अपनी लेंथ बनाए रखी और रन बनाना मुश्किल कर दिया।' उनका इशारा भारतीय गेंदबाजों की कसी हुई गेंदबाजी की ओर था, जिसे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (35 रन देकर एक विकेट) की वापसी से मजबूती मिली है। नितीश कुमार रेड्डी ने 46 रन देकर 2 विकेट लिए हैं और वह पहले दिन भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे। तेज गेंदबाज आकाशदीप और मोहम्मद सिराज को पहले दिन विकेट नहीं मिला लेकिन उन्होंने किफायती गेंदबाजी की।

# गौतम गंभीर ने बीसीसीआई के परिवार नियम का किया समर्थन

### भारतीय कोच ने कहा-यहां छुट्टी मनाने के लिए नहीं आए

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने लंबी विदेशी यात्राओं के दौरान क्रिकेटरों के परिवार की उपस्थिति को सीमित करने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को यह महसूस करना चाहिए कि वे छुट्टी पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य पर हैं।

बीसीसीआई ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया से 1-3 की हार के बाद एक संशोधित यात्रा नीति तैयार की है। इसके तहत 45 दिनों से अधिक के दौरों के लिए परिवार के सदस्यों



के रहने की अवधि अधिकतम दो सप्ताह तक सीमित कर दी गई है। छोटे दौरों के लिए यह अवधि सात दिनों तक सीमित कर दी गई थी। गंभीर ने चेतेश्वर पुजारा से कहा, 'परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण है लेकिन आपको एक बात समझनी होगी। आप यहां एक उद्देश्य के लिए आए हैं। यह कोई छुट्टी नहीं है। आप एक बहुत बड़े उद्देश्य के लिए यहां हैं। उस ड्रेसिंग रूम में या इस दौरे पर बहुत कम लोग हैं, जिन्हें देश को गौरवान्वित करने का यह अवसर मिलता है।' उन्होंने कहा, 'मैं परिवारों को हमारे साथ नहीं रखने के खिलाफ नहीं हूं।'इससे पहले दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने खिलाड़ियों के साथ परिवार को रखने का समर्थन किया था।

## एजबेस्टन में आज होगा टी-20 श्रृंखला का अंतिम मैच

# जीत के साथ सीरीज का अंत करने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶ बर्मिंघम

श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम मैच में अपना दबदबा कायम रखते हुए 5 मैचों की महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का शानदार अंत करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम ने शुरुआती मैचों में बल्ले और गेंद से कमाल दिखाया, लेकिन चौथे मैच में उसकी फील्डिंग भी शानदार रही, जिससे वह इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार खेल के सबसे छोटे प्रारूप में श्रृंखला जीतने में सफल रही। अरुंधति रेड्डी के



सीमा रेखा पर लिए गए तीन शानदार कैच और राधा यादव की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को 7 विकेट पर 126 रन पर रोक दिया और फिर यह मैच छह विकेट से जीतकर श्रृंखला में 3-1 की निर्णायक बढ़त हासिल की। टी20 श्रृंखला में मिली इस जीत से भारत ने तीन मैच की एक दिवसीय श्रृंखला के लिए अपनी पुख्ता तैयारी का भी सबूत पेश किया।

### स्पिनरों का शानदार प्रदर्शन

भारतीय टीम अब वनडे श्रृंखला में अधिक आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। अंतिम मैच में जीत से हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को 4-1 की बढ़त मिल जाएगी और इंग्लैंड का आत्मविश्वास भी डगमगा जाएगा। भारतीय पुरुष टीम ने पिछले सप्ताह एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में यादगार जीत हासिल की थी और महिला टीम भी उसी मैदान पर जीत की लय बरकरार रखने के लिए उत्सुक होगी। भारतीय गेंदबाजों विशेषकर स्पिनरों अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। इंग्लैंड के बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते नजर आए हैं और श्रृंखला में अब तक स्पिनरों के खिलाफ 22 विकेट गंवा चुके हैं।

### शानदार क्षेत्ररक्षण के लिए मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई थीं राधा

राधा यादव को पिछले मैच में दो विकेट और शानदार क्षेत्ररक्षण के लिए मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था जबकि युवा एन श्री चरणी इस श्रृंखला की शुरुआत में टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण करने के बाद सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे सफल स्पिनर दीप्ति शर्मा के नेतृत्व में भारत के स्पिन आक्रमण का सामना करना इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए अबूझ पहेली बन गई है। बल्लेबाजी विभाग में स्मृति मंधाना ने सर्वाधिक रन बनाए हैं। उन्होंने शेफाली वर्मा के साथ मिलकर भारत को आक्रामक शुरुआत दिलाई है। जेमिमा रोड्रिग्स मध्यक्रम में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं लेकिन हरमनप्रीत अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखीं और वह वनडे श्रृंखला से पहले अपने खेल को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगी।

# सावन में दाढ़ी क्यों नहीं बनानी चाहिए, क्या इसका कोई साइंटिफिक पक्ष भी है

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सावन का महीना 11 जुलाई से शुरू हो गया है। ये 9 अगस्त तक चलेगा। सावन का महीना भारतीय संस्कृति में भगवान शिव का पवित्र महीना माना जाता है। ये समय बरसात का भी होता है, लिहाजा कृषि और समृद्धि का भी सीधा रिश्ता इससे है। धार्मिक तौर पर लोग इस महीने में कई बातों का निषेध करते हैं, जिसमें एक ये भी है कि वो दाढ़ी नहीं बनाते. क्या साइंस भी इसे सही ठहराती है। बेशक हम मानते हों कि सावन के महीने में खान-पान से लेकर रोजाना के जीवन से संबंधित कुछ स्वैच्छिक पाबंदियां हिंदू धर्म की पुरानी मान्यताओं और धार्मिकता से जुड़ होंगी। बहुत से लोग इस पूरे 30 दिन दाढ़ी नहीं बनाते। इसे बढ़ने देते है। क्या इसके पीछे कुछ वैज्ञानिक या व्यावहारिक कारण भी हो सकते है। हां इसके कुछ वैज्ञानिक पहलू तो है। साइंस भी इसे जस्टिफाई करता है।

## आयुर्वेदिक क्या कहता है

आयुर्वेद के अनुसार, सावन (वर्षा ऋतु) में शरीर की पाचन अग्नि (मेटाबॉलिज्म) कमजोर होती है और शरीर संवेदनशील रहता है। इस दौरान अनावश्यक शारीरिक परिवर्तन जैसे बाल कटवाना से बचने की सलाह दी जाती है।

## और मनोवैज्ञानिक कारण भी

सावन को शिवजी की भक्ति और तपस्या का महीना माना जाता है। दाढ़ी न काटने से व्यक्ति का ध्यान बाहरी सजावट की बजाय आध्यात्मिक चिंतन में लग सकता है। दाढ़ी या बाल न कटवाना तप और संयम का प्रतीक माना जाता है। यह एक तरह से आत्म-नियंत्रण और सादगी का पालन करने का तरीका है। कई समुदायों में यह मान्यता है कि सावन में दाढ़ी या बाल काटने से नकारात्मक ऊर्जा आकर्षित हो सकती है या यह भगवान शिव के प्रति अनादर माना जा सकता है।



## इससे स्वास्थ्य और त्वचा की सुरक्षा होती है

सावन में बारिश के कारण नमी और फंगस का खतरा बढ़ जाता है। दाढ़ी बनाने से त्वचा पर छोटे कट या घाव हो सकते हैं, जिससे संक्रमण (जैसे रिंगवर्म, फोड़े) का जोखिम बढ़ सकता है। गीली हवा के कारण रेजर से शेविंग करने पर त्वचा में जलन या रैशेज होने की आशंका रहती है। शायद इसी वजह से प्राचीन काल में लोग इस मौसम में शेविंग से बचते थे, ताकि त्वचा संबंधी समस्याओं से बचा जा सके। पुराने समय में जब आधुनिक सैनिटाइजेशन और शेविंग उपकरण उपलब्ध नहीं थे, बारिश के मौसम में शेविंग से इंफेक्शन का खतरा हो सकता था।

## साइंस की ही बात करें तो सावन में और क्या नहीं करना चाहिए

### खुले पानी में नहाने से बचें

इसकी वैज्ञानिक वजह ये है कि बारिश के पानी में लेप्टोस्पायरोसिस, हैजा, या स्किन इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए नदियों, तालाबों या जलभराव वाली जगहों पर नहीं नहाएं. साफ गर्म पानी से नहाएं और पैरों को सूखा रखें।

### भारी या बासी भोजन न खाएं

उसकी वैज्ञानिक वजह ये है कि मानसून में नमी के कारण पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है और पाचक एंजाइमों की गतिविधि धीमी होती है। तला-भुना, अधिक मसालेदार या बासी खाना भी बैक्टीरिया और फंगस के खतरे के कारण नहीं खाना चाहिए। कच्चे सलाद या बाजार की कटी हुई सब्जियों को संक्रमण के ज्यादा जोखिम की वजह से अनदेखा करना चाहिए।

### गीले या नम कपड़े न पहनें

इसकी वैज्ञानिक वजह ये है कि नमी के कारण फंगल इंफेक्शन (दाद, खुजली) हो सकता है। लिहाजा गीले कपड़ों या जूतों को लंबे समय तक पहनकर नहीं रखें।

वैज्ञानिकों की नई खोज ने दी बिग बैंग थ्योरी को चुनौती

# ब्रह्मांड की खाली जगह में तैर रही है धरती



**वॉशिंगटन।** सोचिए, अगर पूरी पृथ्वी, हमारा सौरमंडल और यहां कि हमारी आकाशगंगा एक बड़ी खाली जगह में तैर रही है। यह कोई बनाई गई कहानी नहीं, बल्कि हकीकत है। ये वैज्ञानिकों की नई थ्योरी है, जिसकी मदद से ब्रह्मांड के सबसे उलझे हुए रहस्य हबल टेंशन को सुलझाने में मदद मिल सकती है।


## ब्रह्मांड का विस्तार

इस नई थ्योरी से पता चलता है कि ब्रह्मांड में घनत्व हर जगह एक जैसी नहीं है। अभी तक जो लैम्ब्डा कोल्ड डार्क मैटर मॉडल था उसे मानक मॉडल माना जाता था। यह मानकर चलता था कि ब्रह्मांड हर दिशा में एक बराबर है। लेकिन, ब्रह्मांड में दिखी असामनता वैज्ञानिकों को मजबूर कर रही है कि वह अपने पुराने मॉडल्स को फिर से जांचे।

## हबल टेंशन क्या है?

बहल टेंशन उसे कहते हैं, जहां ब्रह्मांड के फैलने की गति को दो अलग-अलग तरीकों से मापा जाता है और दोनों बार नतीजे अलग-अलग आते हैं। पहले तरीके में बिग बैंग के बाद बचे कॉस्मिक माइक्रोवेव बैकग्राउंड रेडिएशन के आधार पर मापते हैं, यह पूरे ब्रह्मांड में एक बराबर फैला हुआ है। दूसरे तरीके में, आसपास के ब्रह्मांड में दूर की आकाशगंगाओं की रेडशिफ्ट और सुपरनोवा की रोशनी को मापकर फैसले की गति निकालते हैं। इन दोनों तरीकों में आए बड़े अंतर को ही हबल टेंशन कहते हैं।

# बचपन में आता था स्कूल जाने में आलस, बना डाला कार बेड



**बीजिंग।** आविष्कार केवल बड़े उपयोग वाले ही नहीं होते. कई बार कोई शख्स किसी कठिन काम को आसान बनाने के लिए भी कुछ नया कर जाता है। ऐसे आविष्कार रोजमर्रा के काम को सरल बना देते है। पर कुछ आविष्कार तो वाकई में चौंका ही जाते है। होते वे अलग और अनूठे ही है। पर समझ में नहीं आता है कि आखिर ये कितने काम के होंगे या फिर इनकी जरूरत ही क्या है? चीन के एक गु यूपेंग ने ऐसा ही कुछ किया है। उन्होंने एक ऐसा अनोखा बेड बनाया है, जो कई जगह कार की तरह जा सकता है और यहां तक कि वह सीढ़िया भी चढ़ उतर सकता है।

## 300 से ज्यादा आविष्कार

यूपेंग ने पिछले सात साल पहाड़ों में दूर-दराज रहकर बिताए है। इसी दौरान उन्होंने करीब 300 अनोखे, लेकिन कारगर वाहन बनाए। 42 वर्षीय इस शख्स ने इंटरनेट पर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। उनके लगभग तीन मिलियन फ़ॉलोअर्स है। उनकी बनाई एक खास बेड कार की खूब चर्चा है, जिसके बारे में उनका दावा है कि वह किसी भी तरह के भूभाग पर चल सकती है। **बिस्तर पर ही हर जगह का सफर** : वीडियो में यूपेंग एक बिस्तर पर लेटे हैं और वे बिस्तर पर लेटे लेटे ही बाजार तक चले गए है। वह बिस्तर वाकई हर तरह के भूभाग पर गाड़ी की तरह चलता हुआ दिख रहा है।

## बहुत उपयोगी हो सकता है ये

यूपेंग का कहना है कि इस तरहका बेड आपातकालन सेवाओं क अलावा कई लोगों के लिए उपयोगी हो सकते है। इसके लिए उन्होंने खारिज किए हुए धातु, सेंकड हेंड वाहनों के कल पुर्जे और अन्य हिस्से, और कुछ कबाड़ का इस्तेमाल किया जिससे कि इस पर कम से कम खर्च हो सके।












हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com